सूर्योदय : 5:21
सूर्यास्त : 6:43
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 29.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-318 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 13 मई 2025
14 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया को पीएम मोदी का दो टूक संदेश, पाकिस्तान को दी चेतावनी

# आतंक व वार्ता साथ नहीं चल सकते : मोदी

**राष्ट्र के नाम संबोधन**

- **पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते**
- **न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा, आतंक पर वार करते रहेंगे**
- **तिनके की तरह बिखर गईं पाकिस्तान की मिसाइलें : पीएम**

## पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आज विश्व समुदाय को भी कहूंगा कि हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद पर ही बात होगी। अगर पाकिस्तान से बात होगी तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके पर ही होगी। प्रिय देशवासियो! आज बुद्ध पूर्णिमा है। भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता शांति और समृद्धि की ओर बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सकते, विकसित भारत के सपने को पूरा सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है और पिछले कुछ दिनों में भारत ने यही किया है।

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बीते सप्ताह हुई सैन्य तनातनी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने भारतीय सेना की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि भारत ने न सिर्फ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, बल्कि आतंक के आकाओं को भी कड़ा संदेश दिया है।

पीएम मोदी ने देश की सशस्त्र सेनाओं, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को नमन करते हुए कहा कि हमने देश का सामर्थ्य और संयम दोनों देखा। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जांबाजों ने अद्भुत साहस का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की हर मां और बहन को समर्पित है, जिनके सम्मान की रक्षा के लिए यह लड़ाई लड़ी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेना को पूरी छूट दी गई थी और आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि देश की एकता को तोड़ने की कोशिशों का हमने ठोस जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर न्याय और राष्ट्र रक्षा की हमारी अडिग प्रतिज्ञा है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी शिविरों और ट्रेनिंग सेंटर्स पर बेहद सटीक हमले किए, जिनमें 100 से अधिक खूंखार आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि ÷जिन आतंकियों ने हमारे घरों की चूड़ियां तोड़ी थीं, हमने उनके अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए। पीएम मोदी ने बताया कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को भारत की वायु सुरक्षा प्रणाली ने हवा में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तानी सेना के जिन एयरबेस पर उन्हें घमंड था, हमारी सेना ने उन्हें गंभीर नुकसान पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत आतंकवाद और बातचीत को एक साथ स्वीकार नहीं करेगा।

**पाकिस्तान ने लगाई शांति की गुहार**
पीएम मोदी ने कहा कि भारत की सख्त कार्रवाई के बाद 10 मई को पाकिस्तान की सेना ने खुद संपर्क साधा और भविष्य में किसी भी सैन्य या आतंकी गतिविधि से दूर रहने का आश्वासन दिया।



# पंजाब के अमृतसर में फिर देखी गई ड्रोन मूवमेंट

- **होशियारपुर-जालंधर में हुए कई धमाके कई जिलों में ब्लैकआउट**
- **सुनी गई कई धमाकों की आवाज**
- **जम्मू-कश्मीर के सांबा में ड्रोन अटैक**



**चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद फिर पंजाब के न्यू अमृतसर में ड्रोन मूवमेंट देखी गई है। अमृतसर से हमारे संवाददाता के मुताबिक, जिला प्रशासन ने अमृतसर में ब्लैकआउट कर दिया है। हालांकि, अभी तक किसी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी ने ड्रोन मूवमेंट की पुष्टि नहीं की है। वहीं, होशियारपुर के संवाददाता से मिली सूचना के अनुसार सायरन के बाद जिले में बलैकआउट किया गया है। होशियारपुर के उच्ची बस्सी में चार से पांच धमाके सुनाई देने की सूचना है। एहतियात के तौर पर जालंधर के कुछ इलाकों में लाइटें बंद कर दी गई हैं। डीसी ने कहा कि कुछ ड्रोन देखे जाने की खबरें मिली हैं। हम उनकी पुष्टि कर रहे हैं। सशस्त्र बलों के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि चिंता की कोई बात नहीं है। इस इलाके में ड्रोन और यूएवी दिखने की सूचना मिली है। प्रशासन अभी इसकी पुष्टि कर रहा है। जालंधर के सूरानस्सी इलाके में धमाके की आवाज सुनाई दी गई है। सूरानस्सी इलाके में ही सेना का आयुद्ध भंडार है। इससे पहले भी दो बार सुरान्नसी इलाके में ड्रोन और यूएवी से हमला किया गया था, जिसे सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया था। वहीं जम्मू-कश्मीर के सांबा फिर से ड्रोन अटैक होना शुरू हो गया है। सांबा में ड्रोन हमले और अखनूर में गोलीबारी होने की सूचना है। सांबा से हमारे संवाददाता से मिली सूचना के अनुसार ड्रोन अटैक होने के बाद सांबा में ब्लैक आउट हो गई है। अखनूर के अंतर्गत प्रगवाल सेक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए और इसके बाद वहां गोलाबारी हुई है।

## पाकिस्तानी गोलीबारी के कारण घर छोड़कर गए लोग अब लौट सकते हैं : उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच अब तनाव कम होता दिखाई दे रहा है क्योंकि एक रात निकल चुकी है और सीमा पर पाकिस्तान की ओर से कोई भी गोलीबारी नहीं हुई। सभी सैनिक तैनात है लेकिन दोनों देशों के बीच सीजफायर संधि हो चुकी है। पाकिस्तान पर भरोसा करना कर है लेकिन इस बार पाकिस्तान को अच्छे से सबक सिखाया गया है। पिछले दिखों सबसे भारत में हालात जम्मू कश्मीर के पुंछ सीमा बॉर्डर के खराब हुए छे। जहां पाकिस्तान ने तोपों से गोले मासूम नागरिकों पर दादे थे। इस वजह से लगभग 20 लोगों की मौत हो गयी थी और लगभग 58 से ज्यादा लोग घाय थे। अपनो को खोने वाले लोग सहमे हुए थे। लोगों ने अपने घरों को छोड़ दिया था। पाकिस्तान को भारत ने करारा जवाब दिया लेकिन इस बार पाकिस्तान ने मासूमों को निशाना बनाया। अब सीजफायर हो गया है। पाकिस्तान फिर से गोली बारी नहीं करेगा। इस लिए कैंप में रह रहे लोग अपने घर वापस लौट सकते हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में हाल की पाकिस्तानी गोलाबारी से युद्ध जैसे हालात पैदा हुए और जो लोग अपने घर छोड़ गए थे, वे वापस आ सकते हैं क्योंकि दोनों देशों के बीच अब एक सैन्य सहमति बन गई है। अब्दुल्ला ने पाकिस्तानी सेना के जारी दुष्प्रचार को भी खारिज करते हुए कहा कि पड़ोसी देश इसे जारी रखेगा, लेकिन वास्तविकता दुनिया को पता है। अब्दुल्ला ने यहां

## देशभर में यूपीआई सर्विस डाउन

### गूगल पे और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म से पेमेंट करने में यूजर्स को हुई दिक्कत




**नई दिल्ली।** देशभर में सोमवार को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई सर्विस टेक्निकल इश्यू के चलते डाउन हो गई। इस आउटेज की वजह से यूजर्स को गूगल पे, फोनपे और पेटीएम जैसे डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म से पेमेंट करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वेबसाइट और ऑनलाइन सर्विसेज का रियल टाइम स्टेटस बताने वाले प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के अनुसार, करीब शाम 5 बजे से दिक्कत आनी शुरू हुई। वहीं, शाम 7 बजे सबसे ज्यादा 913 शिकायतें दर्ज की गईं। समस्या फेस कर रहे करीब 31 प्रतिशत लोगों को पेमेंट करने में दिक्कत आई। 47 प्रतिशत लोगों को फंड ट्रांसफर करने और लगभग 21 प्रतिशत को खरीदारी करने में दिक्कतें हुईं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कई यूजर्स यूपीआई सर्विस डाउन होने की शिकायत की। यूपीआई सर्विस के लिए आपको एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है। इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना पड़ता है। इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या आईएफएससी कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती।

## संघर्ष विराम का नहीं करेंगे उल्लंघन : इस्लामाबाद

**भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच बातचीत**



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच वार्ता कथित तौर पर संपन्न हो गई है। पाकिस्तान द्वारा भारत से युद्ध विराम की अपील के बाद डीजीएमओ संजीव घई और काशिफ अब्दुल्ला ने पहली बार हॉटलाइन पर बात की। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी डीजीएमओ ने बताया कि पाकिस्तानी सेना संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत के दौरान पाकिस्तान की बॉडी लैंग्वेज रक्षात्मक रही।

सूत्रों ने बताया कि इस्लामाबाद द्वारा संघर्ष को और बढ़ाने या संघर्ष विराम का उल्लंघन करने की संभावना नहीं है। भारत और पाकिस्तान ने पिछले शनिवार को जमीन, हवा और समुद्र पर सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए सहमति बनाने की घोषणा की थी। डीजीएमओ के बीच यह ताजा वार्ता पहलगाम आतंकी हमले को लेकर तनाव के बीच दोनों देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच दूसरी ऐसी वार्ता है। इससे पहले 10 मई को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा था कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क किया है और दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से जमीन, समुद्र और हवा में सभी सैन्य कार्रवाइयां रोकने पर सहमति बनी है। सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने रविवार को अपने पाकिस्तानी समकक्ष को 'हॉटलाइन' पर एक संदेश भेजा।

### 32 हवाई अड्डे फिर से खोले गए

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव के चलते बंद किए गए देश के 32 हवाई अड्डों को एक बार फिर से नागरिक उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। एआईआई ने इन हवाई अड्डों पर तत्काल प्रभाव से उड़ान संचालन बहाल करने को लेकर औपचारिक घोषणा की है।

### विराट का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से मीडिया में यह बात चल रही थी कि कोहली ने बीसीसीआई को अपने संन्यास के बारे में जानकारी दे दी है, लेकिन बीसीसीआई ने आगामी इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को देखते हुए उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। हालांकि, कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने का ही फैसला किया है, वह ह्रष्ठद्ध खेलते रहेंगे। इससे पहले रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा और विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट से भी संन्यास का ऐलान कर दिया था।

# हमने परमाणु संघर्ष को रोका : ट्रंप

- **लड़ाई नहीं रोकी तो ट्रेड नहीं करेंगे**
- **दोनों देश को समझाया**

**सीजफायर पर ट्रम्प के तीन दिन में तीन बयान**



**10 मई-** मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई।

**11 मई-** मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है। यह तनाव लाखों लोगों की मौत और तबाही का कारण बन सकता था। लाखों निर्दोष लोग मर सकते थे।

**12 मई-** हमने दोनों देशों के बीच परमाणु जंग रोक दी है। अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की। मैंने कहा कि अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। लोगों ने कभी भी बिजनेस का उस तरह से इस्तेमाल नहीं किया जैसा मैंने किया।

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा- अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है।

ट्रम्प ने कहा, मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे। ट्रम्प ने कहा- मैंने दोनों से कहा कि चलिए इसे रोकते हैं। अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं। अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। लोगों ने कभी भी बिजनेस का उस तरह से इस्तेमाल नहीं किया जैसा मैंने किया। ट्रम्प बोले- दोनों देशों की लीडरशिप बहुत मजबूत ट्रम्प ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत और पाकिस्तान की लीडरशिप बहुत मजबूत और शक्तिशाली है। उनके पास हालात ही गंभीरता को समझने की ताकत, बुद्धि और धीरज भरा नजरिया था। हमने बहुत मदद की। मैं उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को उनके काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। ट्रम्प ने कहा- मैंने कहा आइए, हम आप लोगों के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। हम अभी भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम जल्द ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। मुझे खुशी है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और साहसी फैसले तक पहुंचने में आपकी मदद कर सका। मैं दोनों देशों के साथ व्यापार को बढ़ाने जा रहा हूं। इसके साथ ही, मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। ट्रम्प के बेटे ट्रम्प जूनियर ने रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का क्रेडिट पिता को दिया था।

**सीजफायर के बाद फिर सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की**

# हमारा निशाना आतंकवादी थे : एयर मार्शल

- **पाक सेना ने आतंकियों का साथ दिया**
- **पाक के पाप का घड़ा भर चुका था**
- **भारतीय सेना ने चीन की मिसाइल को मार गिराया**



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद आज फिर सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेनाओं के डीजी सामने आए और उन्होंने कई नए खुलासे किए। इससे पहले वायुसेना ने ये भी बताया कि उन्होंने कराची सैन्य अड्डे को भी निशाना बनाया था।

भारतीय सेना ने कहा कि उसने चीन की मिसाइल को भी मार गिराया। सेना ने कहा कि उसने संभावित पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल का मलबा दिखाया है, जो चीन निर्मित है और जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत पर हमले के दौरान किया था। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि हमने इस बार फिर से देखा कि कैसे पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ दिया।

उन्होंने कहा कि पाक ने आतंकवादियों के लिए भारत पर हमला करना चुना, जिसके कारण हमें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके सहायक ढांचे से है, न कि पाकिस्तानी सेना से। हमारे हथियार समय पर खरे उतरे। हमारी स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली आकाश अच्छा काम कर रही है। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट राजीव घई ने कहा कि पिछले कुछ सालों में आतंकवादी गतिविधियों का चरित्र बदल गया है। निर्दोष नागरिकों पर हमले हो रहे थे। सेना ने कहा कि हम किसी भी अगले मिशन के लिए तैयार हैं। सेना ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आतंकियों का सफाया करना था, न कि पाक सेना से लड़ना। सेना ने ये भी कहा कि हमारे सभी एयरबेस पहले की तरह फुली ऑपरेशनल हैं और वो कभी भी नए मिशन के लिए तैयार हैं। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट राजीव घई ने कहा कि पिछले कुछ सालों में आतंकवादी गतिविधियों का चरित्र बदल गया है। निर्दोष नागरिकों पर हमले हो रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हमले के बाद पाकिस्तान के पाप का घड़ा भर चुका था। उन्होंने कहा कि यही कारण था कि हमने आतंकियों के अड्डे को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई बेहद जरूरी थी, जिसके लिए हमने पूरी तैयारी कर ली थी।

**तोहफा** — अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर व सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण

# लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद : मुख्यमंत्री

- **संवाद से ही हासिल होंगे कारोबारी और जीवन सुगमता का लक्ष्य**
- **कॉमनमैन की अधिक से अधिक सुनवाई लोकतंत्र की सफलता का मूल**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद। संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें, कॉमनमैन (आमजन) की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है।

सीएम योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र (अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर) और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्कि जनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा। बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

सीएम योगी ने कहा कि देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। इसी भाव से उत्तर प्रदेश ने विगत आठ वर्षों से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में नगरीकरण के विस्तार का अभियान प्रारंभ किया है। सीएम योगी ने कहा कि पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता, वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, कारोबार और रोजगार का केंद्र है।

### सुविधा से बढ़ेगी कारोबारी सुगमता और जीवन सुगमता

मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस में बने अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर के लिए नगर निगम की तारीफ करते हुए कहा कि जब लोगों को नई सुविधाओं से आच्छादित करते हैं तो व्यापारियों के लिए कारोबारी सुगमता और आमजन के लिए जीवन सुगमता बढ़ती है। अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर से 16 वार्डों के लोगों को एक ही स्थान पर नगर निगम की सभी जरूरी सुविधाएं मिल जाएंगी तो सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर में बुजुर्गों को स्वास्थ्य, अध्ययन और मनोरंजन की भरपूर सहूलियत मिल जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर बदल रहा है।

## सांप से जहर निकालने के मामले में दर्ज एफआईआर नहीं होगी रद

**एल्विश यादव को हाईकोर्ट से झटका**



**प्रयागराज।** सोशल मीडिया एंफ्लुएंसर और यू-ट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एल्विश यादव की रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल मामले में चार्जशीट-समन रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया है। इस मामले में की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने की। सोमवार को जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने इस मामले में फैसला सुनाया।

इस मामले में तीन नवंबर 2023 को नोएडा के सेक्टर 49 में यू-ट्यूबर एल्विश यादव समेत कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पीएफए आर्गेनाइजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। सभी पर रेव पार्टी में ड्रग्स, स्नेक वेनम के प्रयोग व जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाने का आरोप लगा था। एल्विश यादव के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और आईपीसी व एनडीपीएस अधिनियम की कई धाराओं में मामला दर्ज है। इसी मामले में नोएटा सेक्टर-49 में एक थाने में दर्ज एफआईआर में एल्विश के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई है। साथ ही अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा समन भी जारी किया गया है। एल्विश की ओर से इस चार्जशीट और कार्यवाही को यह कहते हुए चुनौती दी गई है कि एल्विश के खिलाफ जानकारी देने वाला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए सक्षम नहीं था। यह दलील दी गई है कि आवेदक यानी कि एल्विश के पास से कोई सांप या नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ है।

# जिला कारागार में 'ओपन जिम' की शुरुआत, डीएम, एसपी ने किया उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अब कैदी सिर्फ समय नहीं काटेंगे, बल्कि खुद को संवारने की दिशा में कदम भी बढ़ाएंगे। जिला कारागार में फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'ओपन जिम' की स्थापना की गई है, जिसका उद्घाटन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय की उपस्थिति में फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर किया प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल का उद्देश्य कैदियों के जीवन में सुधार, अनुशासन और आत्मबल को बढ़ावा देना है। ओपन जिम में कुल आठ अत्याधुनिक फिटनेस मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनसे बंदी अब अपनी शारीरिक शक्ति के साथ-साथ मानसिक ऊर्जा को भी मज़बूत कर सकेंगे। अब हर दिन सिर्फ गिनती की तारीखें नहीं होंगी, बल्कि हर दिन एक नई सकारात्मक शुरुआत होगी इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शारीरिक फिटनेस मानसिक शांति की दिशा में पहला कदम है। ये पहल न केवल स्वास्थ्य सुधार की ओर है, बल्कि सकारात्मक सोच विकसित करने का एक माध्यम भी बनेगी। एसपी संकल्प शर्मा ने इस पहल को जेल सुधार की दिशा में एक ÷सकारात्मक प्रयोग÷ करार दिया और कहा कि इससे कैदियों के जीवन में अनुशासन और ऊर्जा का नया संचार होगा। बताते चलें कि इस जिम की स्थापना जेल प्रशासन की देखरेख में की गई है और इसका उद्देश्य बंदियों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। अब जेल की चारदीवारी के भीतर भी फिटनेस की खुली हवा बह रही है।

ओपन जिम के तहत जिला कारागार में कुल आठ प्रकार की अत्याधुनिक फिटनेस मशीनें स्थापित की गई हैं। इनमें एयर वॉकर शामिल है, जो कार्डियो फिटनेस को बढ़ावा देने में सहायक है। शोल्डर व्हील कंधों और बाजुओं की मांसपेशियों को सक्रिय करता है, जबकि एब्डॉमिनल बोर्ड पेट और कोर मसल्स की मजबूती के लिए उपयोगी है। लेग प्रेस डबल पैरों और जांघों की ताकत बढ़ाने के लिए लगाया गया है। शरीर के ऊपरी हिस्से को मजबूत करने के लिए पुश/पुल डाउन मशीन लगाई गई है।

# हर्ष फायरिंग में दूल्हे के दोस्त की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** हर्ष फायरिंग में दूल्हे के दोस्त की मौत के बाद परिवार के लोग सदमे मे है। परिवार का कहना है कि विश्वनाथ के तिलक की खरीदारी भी हरकरन ने कराई थी। दोस्ती की वजह से वह लगातार साथ में था। अब परिजनों का कहना है कि एक खास वजह से दूल्हे ने हर्ष फायरिंग के बीच गोली चला दी। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव जोधपुर निवासी विश्वनाथ के तिलक समारोह के दौरान शनिवार की देर रात यह वारदात हुई। कार्यक्रम में गांव का ही उसका दोस्त 40 वर्षीय हरकरन सिंह भी था इस दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान हरकरन को गोली लग गई हरकरन का आरोप है कि हरकरन आरोपी विश्वनाथ का अच्छा दोस्त था शादी की खरीदारी भी हरकरन ने करावाई थी और किसी से कुछ पैसे भी उधार दिलवाए थे इसी में उनके बीच मनमुटाव हो गया कार्यक्रम की रात दोनों घर के बरामदे में बैठे थे उनके बीच कुछ विवाद हुआ परिजनों का आरोप है कि विश्वनाथ ने सटा कर हरकरन के सीने में गोली मार दी इसके बाद मेहमान समारोह छोड़कर भाग गए रविवार को वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। मेहमानों की जगह गांव में पुलिस तैनात है। दूल्हा विश्वनाथ पुलिस हिरासत में हैं रामविलास के घर शादी होने की वजह से पिछले एक हफ्ते से घर में चहलकदमी थी रोज रात में ढोल की थापे सुनाई देती थी, लेकिन तिलक वाले दिन जो घटना हुई उसके बाद हालात बदल गए। अब घर पर एक भी मेहमान नहीं है। सिर्फ पुलिस ही पुलिस तैनात है। आशंका को देखते हुए अलर्ट रही पुलिस जोधपुर में हुई घटना से पुलिस दिन भर अलर्ट रही। शोसल मीडिया पर वायरल हुई खबरों के बाद गांव में जातीय संगठनों का जमावाड़ा लगना शुरू हो गया मामला दो अलग-अलग बिरादरी का था पुलिस की दखल से कोई माहौल तो नहीं बिगड़ा, लेकिन एहितयात के तौर पर पुलिस तैनात रही। एक-दूसरे के मददगार थे दोनों, कैसे हो गई घटना मृतक और आरोपी बहुत अच्छे दोस्त थे। ग्रामीणों के मुताबिक वह हर समय एक साथ घूमते थे और एक दूसरे की मदद भी करते थे विश्वनाथ की जब शादी तय हुई पूरी जिम्मेदारी उसके दोस्त हरकरन ने उठा ली शादी की पूरी खरीदारी भी उसी ने करवाई थी।

# स. पा. ने महात्मा बुद्ध की जयन्ती पर गोष्ठी का आयोजन किया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन पर महात्मा बुद्ध की जयन्ती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने महात्मा बुद्ध जी की फोटो पर पुष्प माला पहनाकर उनके आदर्शो पर चलकर शोषित, पीडित, वंचित लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर शशांक यादव, अनुराग पटेल, मो0 कयूम खां, अशोक कश्यप, जेड ए उस्मानी, रघुवीर सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह वर्मा, आकाश गुप्ता, इसरार अहमद, यदुवेन्द्र वर्मा पम्मू, मो0 उमर, उमेश गिरि, मुन्ना यादव, भरत लाल कश्यप, शब्बीर बाबा, शेखू मिर्जा, हेमन्त भार्गव, अमित वर्मा, अजय सिंह, आरिफ खां, आनन्द पटेल, रमन मनार, संदीप वर्मा, त्रिभुवन सिंह, विमल राज, श्याम किशोर वर्मा, संजीव वर्मा, अभय प्रताप सिंह बन्टी, शहनवाज, रामकुमार वर्मा, अजमत गौरी, धर्मेन्द्र राजवंशी



सहित सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन से छू जाने से मजदूर की झुलस कर मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में टेंट का सामान उखाड़ते समय सोमवार की सुबह लोहे का पाइप पड़ोस से गुजरी हाईटेंशन लाइन से छू गया। इससे सामान भर रहे मजदूर की झुलस कर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुरवा निवासी रमेश पंडित के घर में रविवार की रात शादी समारोह था। शादी समारोह के लिए ग्राम पिपरिया के एक टेंट व्यवसायी ने अपने कर्मचारियों से पंडाल आदि लगवाया था। सोमवार सुबह टेंट हाउस में काम करने वाला अंकित (18) पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम पिपरिया अपने अन्य दो साथियों के साथ पंडाल खोल रहा था। इसी दौरान एक लोहे की पाइप हाइटेंशन लाइन से छू गई। हादसे में अंकित गंभीर रूप से झुलस गया हादसे के बाद तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी होते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। अंकित का शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद मृतक की मां ने टेंट कारोबारी पर करंट लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त सुरेश पुत्र बेचे राजभर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल अवस्था में गौकश गिरफ्तार, दूसरा फरार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना बेहट पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में एक शातिर पशुचोर व गौकश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शस्त्र, गौकशी के उपकरण तथा 01 सैंट्रो कार बरामद की हैं। जबकि घायल बदमाश का दूसरा साथी पुलिस को चकमा देकर जंगल के रास्ते भागने में कामयाब रहा। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों की धरपकड़ को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज थाना बेहट प्रभारी सूबे सिह, उपनिरीक्षक अजब सिंह व बलराम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम पिठोड़ी मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग कर रहे थे, तभी ग्राम लंढोरा चौक की तरफ से एक सैन्ट्रो कार आती दिखाई दी, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे, जिसे संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया, तो वह नही रुके तथा कार सवार बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए जनता रोड़ से ग्राम पिठोड़ी की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया, तो बदमाश अपनी गाड़ी से मंढ़ोरा की तरफ खड़न्जे पर भागे, तभी बदमाशों की गाड़ी कच्चे रास्ते में कीचड़ में फंस जाने के पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, तो एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान फैजान पुत्र अब्दुल खालिक निवासी ग्राम रेड़ी थाना बेहट के रूप मे हुई। घायल बदमाश को ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर, गौकशी के उपकरण व 01 सैन्ट्रो कार बरामद कर ली।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी दबोचा

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नकुड़ पुलिस ने सोशल मीडिया पर हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना नकुड़ प्रभारी अविनाश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक आजाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले आरोपी अब्दुल मलिक पुत्र हाजी खालिद निवासी मौ.किला कस्बा अम्बेहटापीर थाना नकुड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी अब्दुल ने बताया कि उसने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य जानबूझकर वीडियो पोस्ट की थी। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

## SDPI की समाज सेवा में प्रेरणादायक पहल



**नूरपुर। (अवधनामा संवाददाता)** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI), उत्तर प्रदेश की बिजनौर जिला इकाई के तत्वावधान में बुखारा स्थित एन.एस. रक्तदान सेवा चैरिटेबल ब्लड सेंटर, विदुरकुटी रोड पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान - वीरों को सलाम÷ के संदेश के साथ सेना की जीत का सम्मान करते हुए समाज सेवा को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया। शिविर में प्रमुख रूप से SDPI के प्रदेश महासचिव शुऐब हसन, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. अजमईन, जिला महासचिव अंसार अहमद, जिला महासचिव हफिज उर रहमान, मुरसलीन, चांद मोहम्मद, फैसल, मोहम्मद दानिश, डॉ आदिल, इकबाल अहमद सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हफिज उर रहमान, जिला महासचिव सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया, ने कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज सेवा का सर्वोत्तम कार्य बताया। SDPI ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा। SDPI भूख से आज़ादी खौफ़ से आज़ादी÷ के मूलमंत्र को लेकर जनहित में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है और समाज के हर वर्ग तक अपनी सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में अभियुक्त को दो वर्ष का कठोर कारावास

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में अभियुक्त को 02 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनायी है।

शासकीय अधिवक्ता मेघराज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 सितम्बर 2017 को वादी प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह थाना चिलकाना की सूचना पर अभियुक्त सोनू पुत्र राम स्वरूप, अंकित पुत्र हरीदास, संदीप पुत्र पाल्ला व शौकीन पुत्र नसीम निवासीगण दुमझेड़ा थाना चिलकाना के खिलाफ संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक लाभ के लिए अपराध कारित करने की सूचना पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत थाना चिलकाना पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। यह प्रकरण न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 में विचाराधीन रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण के निर्देशन में आप्रेशन कन्वीक्शन में चिन्हित मानिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 ने आज अभियुक्त सोनू पुत्र राम स्वरूप को धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में जुर्म इकबाल के आधार पर 02 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। जबकि अभियुक्त अंकित पुत्र हरीदास, संदीप पुत्र पाल्ला व शौकीन पुत्र नसीम निवासीगण दुमझेड़ा थाना चिलकाना का वाद न्यायालय में प्रचलित है।

# चोरी का खुलासा करने पर पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी को किया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल नजीबाबाद के तत्वाधान होटल चन्द्रयायन में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आशु अग्रवाल व्यापारी की दुकान पर हुई चोरी गल्ला लूट की घटना का पर्दाफ़ाश करने पर प्रभारी निरीक्षक धीरज सोलंकी, चौकी सराय प्रभारी सौरभ सिंह, महिला चौकी प्रभारी प्रिया मॉरल, कांस्टेबल मोनू कुमार, कपिल तोमर, नेत्र पाल राठी, को सम्मानित किया इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा की हमारा संगठन अराजनीतिक व्यापारी और सामाजिक संगठन है संगठन सदेव शासन और प्रशासन को सहयोग करता रहता है मुकुल अग्रवाल ने कहा की प्रशासन को भी व्यापरियों





की उचित मांगों का शीघ्र निराकरण करना चाहिए प्रदेश महामंत्री ने कहा की हमारा संगठन किसी भी अनैतिक कार्य करने वाले को बर्दाश्त नहीं करेगा, इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक धीरज सोलंकी ने कहा की व्यापरियों द्वारा पुलिस टीम के सम्मान से अभिभूत हूं उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रशंसा करते हुये कहा की जनपद में जहा भी मै रहा हूं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का पूरा सहयोग मिला है। इस अवसर पर अनेक युवा व्यापरियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की जिलाध्यक्ष युवा शोभित मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री महिला मोनिका रूस्तम यादव, प्रदेश मंत्री राजन टंडन गोल्डी, आयशा सिद्दीकी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला, अंकित राजपूत नगर अध्यक्ष, डॉ0 आफताब नौमानी, तस्लीम सिद्दीकी क्षेत्रीय महामंत्री, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहेद्य समारोह में टेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर, महामंत्री दीपक अग्रवाल, क्रॉकरी एसोसिएशन के अध्यक्ष मो0 आलम, अजय कैसले, कोतवाली रोड मेकेनिकल मार्केट के अध्यक्ष सरदार बलवीर सिंह, दीपिका गौड,इंदु राजपूत महिला नगर अध्यक्ष, मोहम्मद असलम, माधव माहेश्वरी नगर उपाध्यक्ष, अनुज शर्मा, मोनू वर्मा, संजय अग्रवाल, दिलशाद, राजू घाघट, सचिन गुप्ता, सरताज़, पूनम, मनीषा, सनवर वारसी,कृष्ण चंद पूर्व प्रबंधक पंजाब नैशनल बैंक, गीता राज,नदीम सिद्दीकी, आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मण्डी पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 ग्राम अवैध स्मैक, एक मोबाइल फोन व 670 रूपये नकद बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना मण्डी प्रभारी बीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक नरेन्द्र सौलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर नवीन सैनी पुत्र प्रेमचन्द सैनी निवासी शिवेन्द्र विहार कालोनी थाना मण्डी को बाबा लालदास के बाडे के मन्दिर के गेट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी नशा तस्कर का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# चोरी की बैटरे समेत एक आरोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने दुकान से बैटरा चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैटरा व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना मण्डी प्रभारी बीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 11 मई को वादी सोनू सैनी पुत्र श्यामलाल सैनी निवासी चिलकाना चुंगी कोतवाली मण्डी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ उसकी दुकान से बैटरा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान आरोपी कासिम उर्फ कासिफ अली पुत्र सराफ्त अली निवासी मौहल्ला जाटावान थाना कोतवाली नगर का नाम प्रकाश में आया था। श्री सिंह



ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर कासिम उर्फ कासिफ अली को न्यू 62 फुटा रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से एक बैटरा व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने एक्टिवा स्कूटी पर सैनी इलैक्ट्रोनिक्स चिलकाना चुंगी दुकान के सामने से एक सफेद व लाल रंग का ट्यूबलर बैटरा चोरी किया था। बैटरे को वह आज किसी कबाड़ी को बेचने के लिये जा रहा था कि पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# टैलीप्राइम 6.0 के ज़रिए टैली सॉल्यूशंस ने जोड़ा बैंकिंग से सीधा रिश्ता

## छोटे व्यवसायों के लिए वित्तीय कामकाज हुआ और भी आसान

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** देश की जानी-मानी बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपना नया संस्करण टैलीप्राइम 6.0 लॉन्च किया है। यह नया वर्जन खासतौर पर छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे जुड़ी हुई बैंकिंग सुविधाओं के ज़रिए अपने वित्तीय कामकाज को और आसान और सुविधाजनक बना सकें। यह नया अपडेट बैंक मिलान, बैंकिंग प्रक्रियाओं के ऑटोमेशन और वित्तीय प्रबंधन को पहले से बेहतर बनाता है। टैलीप्राइम 6.0 को लॉन्च करते हुए टैली सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक श्री तेजस गोयनका ने कहा हमारा उद्देश्य हमेशा से ऐसी तकनीक बनाना रहा है जो छोटे और मध्यम व्यवसायों के काम को आसान बनाए। टैलीप्राइम 6.0 के ज़रिए हम एक अहम ज़रूरत पूरी कर रहे हैं, जिसमें बैंकिंग को सीधे टैली के भीतर जोड़ दिया गया है। इससे व्यवसाय संचालन की जटिलताओं में उलझे बिना, उद्यमी अपने विकास और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और साथ ही 30 से 50 प्रतिशत तक समय की बचत भी कर सकते हैं। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, ऐक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव तथा ट्रेज़री,





मार्केट्स और होलसेल बैंकिंग उत्पादों के प्रमुख श्री नीरज गंभीर ने कहा, ÷ऐक्सिस बैंक हमेशा ऐसे नवाचारों में सबसे आगे रहा है जो ग्राहकों को आसान और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव दे सकें। हम अपने छोटे और मंझोले कारोबारों (एसएमई) के ग्राहकों को तकनीक से जुड़े वित्तीय समाधान देकर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एसएमई क्षेत्र की ज़रूरतें लगातार बदल रही हैं और आज उन्हें बैंकिंग ही नहीं, उससे आगे की सेवाएं भी एक ही जगह पर चाहिए। यह 'कनेक्टेड बैंकिंग समाधान' ग्राहकों को टैलीप्राइम में सीधे अपने बैंक खाते जोड़ने की सुविधा देता है, जिससे उनकी बैंकिंग प्रक्रिया आसान बनती है और वे तेजी से सही वित्तीय निर्णय ले सकते हैं। यह कदम हमारे ग्राहकों के लिए डिजिटल सेवाओं को और बेहतर और सहज बनाने की दिशा में हमारी निरंतर कोशिश का हिस्सा है। ई-इनवॉइस, ई-वे बिल और जीएसटी अनुपालन जैसी डिजिटल सेवाओं में अपनी विशेषज्ञता के बाद अब टैली ने बैंकिंग से जुड़ी सुविधाएं भी जोड़ दी हैं, जिससे छोटे कारोबार और अधिक सशक्त बन सकें। यह नया संस्करण टैली की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसके तहत वह व्यवसायों को उनके पूरे कामकाजी तंत्र से जोड़ने और उन्हें पहले से कहीं ज्यादा आसान तरीके से काम करने में मदद देने के लिए लगातार नए समाधान ला रही है।

# धूमधाम से मनाया बाबा गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मानक मऊ स्थित गोगा म्हाड़ी पर आज श्री शिव गोरखनाथ जाहरवीर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री शिव अवतार बाबा गुरु गोरखनाथ का प्राकट्य उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गोगा म्हाड़ी पर आज सुबह से ही श्रद्धालुओं ने श्री शिव अवतार बाबा गुरु गोरखनाथ की पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ हवन यज्ञ किया। इस अवसर पर जोगियों ने बाबा गुरु गोरखनाथ के भजन गाये और उनकी महिमा का बखान करते हुए कथा भी सुनायी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा गुरु गोरखनाथ का भोग लगाया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री शिव गोरखनाथ जाहरवीर सेवा समिति के संरक्षक पंकज उपाध्याय ने बताया कि हर वर्ष यहां पर गुरु गोरखनाथ जी का मेला लगता है और छड़ी पूजन होता है और दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पर आकर मन्नत मांगते हैं। इस दौरान संरक्षक संस्थापक पंकज उपाध्याय, अध्यक्ष विनोद प्रसाद, उपाध्यक्ष पवन सैनी, महामंत्री गोविंद सैनी, महेश रज्जरवाल,दीपक उपाध्याय, गंगा शरण, रविकांत, विजय स्वरूप, अनिल कोरी, रमेश कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने एक परिवार पर जमकर कहर बरपाया

## लाठी, डंडो से हमला कर युवती को सड़क पर घसीट-घसीट कर पीटा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आधा दर्जन दबंग युवकों ने एक परिवार पर बेरहमी से हमला कर दिया। इस हमले में लड़कियों के बाल खींचकर उन्हें सड़क पर घसीटा गया और लाठी-डंडों से परिवार के सदस्यों की पिटाई की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।जानकारी के अनुसार रहमानी चौक निवासी एक परिवार पर कुछ दबंग युवकों ने अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों न केवल पुरुषों, बल्कि महिलाओं और लड़कियों को भी निशाना बनाया। लड़कियों के बाल खींचकर उन्हें सड़क पर घसीटा गया। यही नहीं लाठी-डंडों से परिवार के सदस्यों पर ताबड़तोड़ प्रहार किए गए। बताया जाता है कि हमलावरों में शामिल एक युवक पहले हत्या और लूट के मामले में कई साल जेल की सजा काट चुका है। अन्य हमलावर भी और मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो के आधार पर हमलावरों



दबंग प्रवृत्ति के बताए जा गए हैं, जिनका इलाके में पहले से ही खौफ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दबंगों के कारण क्षेत्र में अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती है।

वायरल वीडियो के बाद देहात कोतवाली पुलिस हरकत में आई की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक बयान या गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोग पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## एसपी डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानों का फुट मार्च

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** देश की सीमा में चल रहे तनाव तथा जनता में सुरक्षा का अहसास कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानों के द्वारा फुट मार्च किया गया। इस दौरान जनता से संवाद स्थापित करके सुरक्षा का अहसास कराया। एसपी डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में शाम करीब 5 बजे उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, एडिशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, अप निरीक्षक गण बृजनंदन सिंह, राजेश कुमार, पुत्तू लाल के अलावा पुलिस जवान नगर के भीड़भाड़ वाले फुल पावर चौराहा में एकत्रित हो गए। यहीं से पुलिस जवानों ने फुट मार्च शुरू किया। एसपी की अगुवाई में पुलिस जवानों ने हाइवे के सर्विस लेन,जुलेहटी मार्केट, हरीगंज, दुर्गा मंदिर चौराहा आदि स्थानों में फुट मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को निर्देश दिए कि सुरक्षा के सभी जगह पुख्ता इंतजाम किये जाये। सार्वजनिक स्थानों तथा सड़कों में प्रतिदिन फुट मार्च चलाया जायेगा।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 53 मरीजों का उपचार किया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** शासन की योजना के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोनू गौतम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 53 मरीजों का उपचार करके नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में चीफ फार्मासिस्ट डॉक्टर राकेश बघेल की मौजूदगी आयोजित मेले में मरीजों के उपचार के अलावा परिवार कल्याण कार्यक्रमों के बारे में जानकारियां दी गयी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य मेले में चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार करके गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सुझाव दिए गये। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि भीषण गर्मी तथा लू, लपट की चपेट में आकर के उल्टी,दस्त एवं पेट रोगियों की संख्या बड़ रही है। इसलिए सभी लोग ताजा भोजन ग्रहण करें। शुद्ध पानी का प्रयोग करें तथा पूरे कपड़े पहन कर दोपहर को घर से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण उत्पन्न होने पर डॉक्टरों की सलाह पर दवाइयों का प्रयोग करें। मेले में नीरज पाल ,हिमांशु दीक्षित, शालिनी वाजपेई,नीरज वर्मा आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। मेले में कंडोम, टेबलेट तथा अन्य परिवार नियोजन संबंधी सामग्री का वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल, सचान डॉक्टर शेख़ शहरयार ने मेले का निरीक्षण कर के चिकित्सकीय टीम को आवश्यक निर्देश दिए।

## अवैध कटान पर वन विभाग की सख्ती पौने पांच लाख का जुर्माना वसूला

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** वन क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही लकड़ी की कटान और उसके परिवहन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने अभियान छेड़ दिया है। डीएफओ प्रदीप कुमार के निर्देशन में वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में विभिन्न बीटों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग ने कुल पौने पांच लाख रुपये का जुर्माना वसूला है।वन विभाग के मुताबिक, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विभागीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रभारी वन दरोगा महेंद्र कुमार, सेक्शन अफसर हनुमत सिंह कालपी व इमलिया बीट और मन्ना सिंह छौक व उकासा बीट के अलावा वनरक्षक प्रीति सरोज और नरेंद्र सिंह को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के दौरान हाईवे और अन्य मुख्य मार्गों पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक ट्रक से अवैध लकड़ी बरामद की गई जिसमें 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। आटा-इटोरा निर्माणाधीन मार्ग के पास अवैध वृक्ष कटान के मामलों में विभाग ने संबंधित लोगों से सवा चार लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला।

# श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन का सीएम योगी ने किया शिलान्यास

# 2017 के पहले सरकार के समानांतर थे माफिया व भ्रष्टाचारी : मुख्यमंत्री



- आज सुरक्षा के शानदार माहौल में तेजी से आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के माहौल में ही विकास और समृद्धि संभव है। आज उत्तर प्रदेश के हर जिले में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है तो विकास की प्रक्रिया भी निरंतर आगे बढ़ रही है। सुरक्षा से ही विकास की सार्थकता सिद्ध होती है सुरक्षा के बगैर समृद्धि नहीं आ सकती।

सीएम योगी रविवार दोपहर बाद गोरखपुर में कोतवाली थाना के समीप योगगुरु 'श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन' के निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। पर्यटन विकास की इस महत्वपूर्ण परियोजना पर 2768 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर पूर्व की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2017 के पहले सरकार के पैरेलल (समानांतर) माफिया और भ्रष्टाचारी भी थे जो शासन की योजनाओं को हड़प लेते थे। तब किसी गरीब या व्यापारी की जमीन कब्जा कर लेना माफिया के लिए सामान्य बात थी लेकिन आज कोई कब्जा नहीं कर सकता। जबरन कब्जा करने पर लेने के देने पड़ जाएंगे। आज किसी ने बेटियों और व्यापारियों को छेड़ने की कोशिश की तो उसके लिए यमराज के घर का रास्ता खुल जाएगा। सीएम ने कहा कि 2017 के बाद सुरक्षा का जो शानदार माहौल बना है उसी का परिणाम है कि प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर जिला विकास, विरासत के संरक्षण और युवाओं के रोजगार के लिए नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को आतंकी राष्ट्र बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में पाकिस्तान के जहाज को जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने निशाना बनाया अब वह लखनऊ में बनेगा। यही नहीं यूपी में बनने वाली तोप दुश्मन को कंपाएगी। यह प्रदेश में सुरक्षा के माहौल से ही हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की लड़ाई, हम सबकी लड़ाई होनी चाहिए। ऐसा होने पर ही आध्यात्मिक विरासत और विकास सुरक्षित रह पाएंगे। सीएम ने कहा कि हरेक व्यक्ति के मन में देश प्रथम, देश के प्रति समर्पण का भाव होना चाहिए। देश सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। यदि हम इस भाव से काम करेंगे तो देश की आन, बान, शान में गुस्ताखी करने वालों के छक्के छुड़ा देंगे।

उन्होंने कहा कि हमारे जवानों के मनोबल को तोड़ने वाला कोई बयान आए तो जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने परमहंस योगानंद के व्यक्तित्व और योग के प्रसार में उनके वैश्विक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि पूर्वजों, परंपरा और विरासत से भटका व्यक्ति अंधकार की तरफ, काल की कोठरी में चला जाता है। विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न करने वाले समाज का विकास बाधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि योगानंद जी विरासत को सम्मान देते हुए सरकार उनकी जन्मस्थली पर योग मंदिर बना रही है। सीएम योगी ने कहा कि भारत में ऐसे ऋषियों, मुनियों, संतों की लंबी परंपरा है जिन्होंने अपनी अपनी साधना की सिद्धि और चेतना के विस्तार से ब्रह्मांड के गूढ़ रहस्यों को भी उद्घाटित कर दिखाया है। देश के अलग अलग स्थानों पर साधकों की अलग अलग परंपरा रही है जिन्होंने अपनी साधना से लोगों के जीवन में परिवर्तन किए। सीएम ने कहा कि परमहंस योगानंद जी के मन में योग और आध्यात्म के प्रति बीजारोपण अपने बाल्यकाल में गोरखनाथ मंदिर आते-जाते हुआ। अपनी आत्मकथा में उन्होंने गोरखपुर का उल्लेख किया है। योगानंद जी अपने 60 वर्ष के जीवन में भारत के आध्यात्मिक धरोहर को लेकर वैश्विक क्षितिज पर छा गए। श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि परमहंस योगानंद की जन्मस्थली पर स्मारक बनाने की सीएम योगी की पहल की गूंज लॉस एंजिल्स, अमेरिका तक जाएगी। योगानंद जी के अनुयायी अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हैं और गोरखपुर में उनकी स्मृति में होने वाले पर्यटन विकास के कार्य से यहां पूरी दुनिया के लोग आएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए स्वामी ईश्वरानंद (महासचिव योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया) ने कहा कि सीएम योगी ने दुनिया भर में रहने वाले परमहंस योगानंद जी के शिष्यों-अनुयायियों को एक तीर्थस्थान के रूप में बड़ा उपहार दिया है। परमहंस योगानंद की जन्मस्थली पर स्मारक बनवाने का निर्णय लेकर मुख्यमंत्री जी ने परमहंस योगानंद जी के अनुयायियों को प्रफुल्लित कर दिया है।

## मजलिसे चेहलुम का हुआ आयोजन मौलाना मेहदी हसन ने किया खेताब



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** डॉ मोहम्मद कासिम एम डी सिविल हॉस्पिटल लखनऊ की वालिदा मरहूमा मसऊदा बेगम कर्बालाई की मजलिस-ए-चेहल्लुम नगर के जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा में आयोजित की गई। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मेंहदी हसन वाईज ने वालिदैन(माता-पिता) की अजमत को बयान किया। मौलाना ने कहा कि मां के पांव के नीचे जन्नत है। अल्लाह ने अपनी इबादत के साथ वालिदैन के साथ बेहतर व्यवहार करने का आदेश दिया है। मां बाप अपनी इच्छा जाहिर करें उससे पहले ही बच्चों को माता पिता के सामने नतमस्तक रहते हुए उनकी खिदमत करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। मां-बाप की सेवा करने वाले को ही जन्नत हासिल हो सकती है। उन्होंने कहा कि मां बाप की सेवा से समाज में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया जा सकता है। मौलाना ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति प्राचीन काल से ही विश्व को मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित कर रही है।अंत में मौलाना ने कर्बला की दास्तान में हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के जवान बेटे हज़रत अली अकबर की शहादत बयान किया तो मोमनीन अश्कबार हो गए। अली मेंहदी व मुजफ्फर हुसैन व उनके हमनवां ने मर्सिया ख्वानी पेश किया।अंसर जलालपूरी व अज़हर कायमी ने पेश ख्वानी कर माहौल को गमगीन कर दिया। उक्त अवसर पर ख्वाजा शिफाअत हुसैन, अहमद हुसैन, डॉ मेंहदी हसन,सय्यद बाकर मेंहदी, सय्यद वकार मेंहदी, मौलाना मीसम,हाजी अली रज़ा,अली मेंहदी, अब्बास हुसैन व अली अब्बास, इब्ने अली जाफरी समेत बड़ी संख्या में मोमनीन शरीक हुए।

# वंचितों को आवास और जरूरतमंदों को मुहैया कराएं इलाज : सीएम योगी



- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं
- अधिकारियों से बोले मुख्यमंत्री, हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** रविवार को गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार सुबह जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है लिहाजा हर समस्या को संवेदनशीलता से देखा जाएगा और जरूरी कदम उठाए जाएं।

इस दौरान आवास की गुहार लेकर तथा इलाज में सहायता की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया और अधिकारियों से कहा कि आवास से वंचित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए एवं जरूरतमंदों के इलाज में धन की बाधा न आने दी जाए। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद मांगने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के आवास की समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम ने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किन्हीं कारणों से जो भी पात्र लोग वंचित रह गए हैं, उन्हें योजना के दायरे में लाकर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

# मिशन शक्ति के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

### समाज को सशक्त बनाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों ने दी महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर और सरकारी योजनाओं की जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अभियान सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान को बढ़ावा देना है इसके तहत उच्चाधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज श्रीप्रकाश यादव के निर्देश पर महिला आरक्षी कंचन सिंह व विभा वर्मा के द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।

सोमवार को क्षेत्र के बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों की चेकिंग भी की गई साथ ही साथ बालिकाओं व महिलाओं को आत्म सुरक्षा के सम्बन्ध में तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति महिला सुरक्षा के सम्बन्ध व उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उनके द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई साथ साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के तरीके भी बताए गए तथा छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित और सक्षम बनने की प्रेरणा दी गई। प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) और एंटीरोमियो चेकिंग अभियान के तहत आयोजित किया गया।

## आबकारी विभाग द्वारा दविश देखकर 100 किलोग्राम लहन नष्ट कर 12 लीटर कच्ची शराब बरामद कर शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं



जिलाधिकारी,फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद श्री जी पी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12/05/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम नेकपुर चौरासी में दबिश दी गई।मौके पर लगभग 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया ।12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## अवैध शस्त्रों के जखीरे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के थाना कम्पिल में पुलिस को मिली बड़ी सफलता अबैध शस्त्र का जखीरा सहित एक गिरफ्तार कम्पिल थाना प्रभारी विश्व नाथ आर्या ने अबैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री सहित अंतराम यादव निवासी पड़ोसी जनपद कासगंज को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि अरोपी के कब्जे से 18 तमंचा 315 बोर, 3 तमंचा 12बोर 2 देशी रायफल 30 अधबने तमंचे और नाल हुई बरामद अरोपी के कब्जे से तमंचा बनाने के उपकरण भारी मात्रा में हुए बरामद पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन में किया खुलासा

## सपा नेता अभिषेक शाक्य ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध पूर्णिमा मनाई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर सपा नेताओं ने भगवान बुद्ध के चित्र के समक्ष मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित किए। इस कार्यक्रम में सपा जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बुद्ध पूर्णिमा को पूरी एशियाई देशों के साथ साथ विश्व का त्योहार बताते हुए समाजवादी पार्टी को भगवान बुद्ध जी के रास्ते पर चलने वाली पार्टी बताया कार्यक्रम के प्रभारी समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक शाक्य प्रधान ने कहा वर्तमान स्थिति में सरकार बौद्ध स्थलों पर अतिक्रमण कर ध्वस्त कर रही है चाहे वो बदायूं हो या संकिसा द्य बौद्ध धर्म को मानने वाले सपा के सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ हैं द्य इसी के साथ मौजूद रहे। शिव शंकर शर्मा, सह मीडिया प्रभारी रवि यादव,विकास कुमार (दीपू),आयुष यादव,मोहम्मद अकलीम,भगवान सिंह शाक्य, अशीष शाक्य,संजय कुमार शाक्य,सुखवीर यादव, विशाल शाक्य,आकाश यादव, सलमान अहमद, अजीत शाक्य,सचिन शाक्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह द्वारा ओम प्रताप सिह सोलंकी को जिला अध्यक्ष बनाया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत



मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज कार्यालय पर रामलाल गुप्ता की अध्यक्षता में संझपन्न हुई। पंचायत का संचालन प्रताप सिंह गंगवार द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा श्री ओम प्रताप सिंह सोलंकी निवासी- त्योरी इस्माइलपुर,नवाबगंज तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद को जनपद फर्रुखाबाद का जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा चयन किया गया है अब भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद ओम प्रताप सिंह सोलंकी होंगे ।आज कि पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि ग्राम समाज की विवादित जमीनों और खाद के गढ्डों खलियान आदि की जमीनों पर अवैध कब्जा के संबंध में शिकायत करने पर लेखपाल झूठी भ्रामक रिपोर्ट उपजिलाधिकारी कायमगंज को देता है उसी रिपोर्ट के आधार पर जब किसान सही साक्ष्य देता है तो उपजिलाधिकारी कायमगंज किसानों को जेल भेजने की धमकी देता है। उपजिलाधिकारी भ्रष्टाचार मे लीन हैं इसी तरह का मामला कायमगंज तहसील के गांव भगौतीपुर की नॉन जेड जमीन गाटा संख्या 114 व 96 पर भी श्रीकृष्ण गौतम,सुदामा देवी और सतीशचंद्र आदि लोग अवैध कब्जा किए हैं उक्त नॉन जेड ए जमीन करोड़ों की राजकीय संपत्ति है। उसपर निर्माण हो रहा है। करीब छ माह से अवैध कब्जे की समस्या को भाकियू भानु द्वारा उठाया जा रहा है एसडीएम कायमगंज आरोपियों से मोटी रकम लेकर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता है।

# बाबा साहब को लोग सदैव और अंत तक याद रखें : वीरेंद्र चौधरी




अवधनामा संवाददाता

**फरेंदा, महराजगंज।** डा.भीम राव अंबेडकर युग पुरुष तो थे ही,आज उन्हें यदि भगवान स्वरूप माना जाता है तो यह अतिशयोक्ति नहीं है। बाबा साहब ने होते तो आज ऐसा संविधान ने होता जो समाज के बड़े उपेक्षित, शोषित और वंचित वर्ग का उद्धार न होता। ऊंच ऊंच ही रहता और नीचे नीच ही रहता।

यह बात सोमवार को फरेंदा के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने अंबेडकर पुस्तकालय का शिलान्यास करते वक्त कहीं। उन्होंने कहा इस पुस्तकालय का मूल उद्देश्य बाबा साहब की स्मृतियों लोगों के दिलों दिमाग में जिंदा रहे। कट्टर अंबेडकर वादी स्वर्गीय तन्ना प्रसाद बौद्ध की स्मृति में बन रहे अंबेडकर पुस्तकालय का निर्माण उनके पुत्र शिक्षक भीम सेन गौतम की देखरेख में हो रहा है। इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि ऐसे पुस्तकालय की जरूरत गांव गांव तक जहां लोग यह जान सके कि तेजी से उभरते भारत के विकास में बाबा साहब का क्या योगदान था।

इस पुस्तकालय का निर्माण ग्राम कम्हरिया खुर्द मे, हरियाली पेट्रोल पम्प के सामने हो रहा है। विधायक श्री चौधरी ने कहा पुस्तकालय किसी भी समाज के सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर का खजाना होते हैं, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को अपने ज्ञान और सोच में वृद्धि के अवसर मिलते हैं। यह एक ऐसा स्थल है जहां किताबें, शोधपत्र, और डिजिटल संसाधन एकत्रित होते हैं, जो किसी भी जिज्ञासु मनुष्य को हर विषय पर जानकारी प्रदान करते हैं।

पुस्तकालय में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ होता है, चाहे वह विद्यार्थी हों या शोधकर्ता। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नाम पर बन रहे इस पुस्तकालय को ग्रंथ से लेकर डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने में वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## सपा नेता मोहम्मद एबाद ने छात्र छात्राओं का बढ़ाया मनोबल



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मदरसा जामिया कादरिया फैजुल उलूम सिकंदरपुर में रविवार को मुजाहिद हुसैन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें वार्षिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट अंक पाने वाले 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मेडल देकर तथा माल्यार्पण करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद एबाद ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। कहा कि आगे भी ऐसे ही परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ ऐसे गुणों व सामाजिक दायित्वों को सीखें जो भविष्य में कठिन परिस्थितियों में भी आपको आगे बढ़ने में सहयोग कर सकें। छात्र-छात्राओं को शैक्षिक शिक्षा के साथ नैतिक गुणों को भी सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. राजमनी गौतम, संदीप वर्मा, सै. कमर अब्बास एवं मौलाना किसमतुल्लाह ने सामूहिक रूप से रहनुमा, रशीदा, सबरीन, आकांक्षा गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, निशांत गुप्ता, अर्चना, तनु यादव, निकहत फातिमा, अकील अब्बास, नूर फातिमा प्रत्यूष समेत 35 छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी मो. सईम ने किया।

# तथागत महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, कवि सम्मेलन व सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी कल्याण एसोसिएशन के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा महापर्व पर लखनऊ स्थित गौतम बुद्ध पार्क में बुद्ध जयंती समारोह, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मा. बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी कल्याण एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में समाज सेवा से जुड़ी 101 मातृ शक्तियों एवं 101 समाज सेवकों व कवियों को सम्मानित किया गया। अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे । अनागत कविता आन्दोलन के प्रणेता डॉक्टर अजय प्रसून की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण, राजेंद्र कुमार मौर्य की बुद्ध वंदना एवं डॉक्टर प्रवीण कुमार पांडेय आवारा द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना व डॉ रामराज भारती फतेहपुरी के कुशल संचालन से हुआ। इसके बाद डॉ अजय प्रसून, डॉ प्रवीण कुमार पांडेय आवारा, उमा लखनवी, डॉ हिमांशु सक्सेना, राम राज भारती, मुकेशानंद, डॉ महादेवी मिश्रा, डॉ शम्स बेग, डॉ बी.आर. आंबेडकर, आर एस विश्वकर्मा सजल, डॉ तारिका सिंह नूर, विजय तन्हा, महेश साहू दद्दू, विमल शाक्य, डॉ राजेश कुमारी, डॉ एल पी गुर्जर लखनवी, गिरीश कुशवाहा, सुनील त्रिपाठी आदि ने अपने गीत, गजल, छंद, वक्तव्य एवं मुक्तकों से सबको भाव विभोर कर दिया। एसोसिएशन द्वारा मातृ शक्तियों, कवियों, कवयित्रियों, समाज सेवियों को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। आगंतुकों में प्रसाद वितरण किया गया। अंत में कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी कल्याण एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुशवाहा द्वारा सभी आगंतुकों को धन्यवाद देने के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया।

# आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मार्गों का सौंदर्यीकरण पूर्णता की ओर



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिले के कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के मार्गों का सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। योगी सरकार की मंजूरी से शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 10.96 करोड़ रुपये की लागत आई है। अब तक अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। इसका निर्माण कार्य यूपी सिडको करा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत विश्वविद्यालय परिसर में 9 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य को पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा, 1900 मीटर के पार्किंग क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य भी समाप्त हो चुका है। परिसर की स्वच्छता और जल निकासी के लिए आरसीसी नाले का निर्माण भी पूर्ण कर लिया गया है। कुछ छोटे-मोटे कार्य अभी शेष हैं, जिन्हें जल्द पूरा करने का लक्ष्य है। इस सौंदर्यीकरण परियोजना का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को न केवल सुंदर और व्यवस्थित बनाना है, बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आवागमन को सुगम और सुरक्षित करना भी है। परिसर की सड़कों का नवीनीकरण और पार्किंग क्षेत्र का विस्तार विश्वविद्यालय की बुनियादी सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। साथ ही आरसीसी नाले के निर्माण से बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। जल्द विभाग को होगा हैंडओवर कृषि शिक्षा व अनुसंधान विभाग ने निर्माण के लिए यह प्रोजेक्ट कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को दिया था। अधिशाषी अभियंता जगपाल वर्मा ने बताया कि यह परियोजना विश्वविद्यालय के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। कुछ काम और बाकी हैं। उन्हें पूरा करने के बाद विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

## पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया लोकार्पण, विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा की सराहना



**बीकापुर-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** प्रयागराज हाईवे से ककरहिया पातूपुर गांव को जोड़ने वाली शिव शक्ति पब्लिक स्कूल तक बनी इंटरलॉकिंग सड़क का सोमवार को पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने विधिवत लोकार्पण किया। यह सड़क क्षेत्र पंचायत की निधि से बनाई गई है। लोकार्पण समारोह में पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल रही है और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनकल्याण के प्रति पूरी तरह समर्पित है।इस दौरान पूर्व सांसद लल्लू सिंह विद्यालय के वार्षिक उत्सव में भी शामिल हुए और छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना करते हुए उन्होंने उनसे संवाद किया और प्रोजेक्ट की जानकारी भी ली। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना, विद्यालय प्रबंधक मायाराम वर्मा, प्रधानाध्यापिका सुदामा वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे, ग्राम प्रधान रामपाल वर्मा और रामनाथ वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन गायक अवध नरेश सिंह व उनकी टीम ने संगीतमय भजन की प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को मनोरम बना दिया।

# टेनिस बाल नाइट क्रिकेट टूनामेंट में राजू भैय्या ने विजेताओं टीमो का उत्साहवर्धन किया

अवधनामा संवाददाता



**त्रिवेदीगंज।** क्षेत्र में बुढ़नापुर गांव में त्रिवेदीगंज प्रीमियर टेनिस बाल नाइट क्रिकेट टूनामेंट का ग्रामवासियों द्वारा आयोजन किया गया। इस टूनामेंट का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत व ब्लॉक प्रमुख प्र. सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह टूनामेंट क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न होगा। आयोजक मंडल ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के होनहार खिलाड़ियों की मेधा को निखारने के उद्देश्य से इस टूनामेंट का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न जनपदों से कुल सोलह टीमो ने प्रतिभाग किया। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में टूनामेंट का फ़ाइनल मैच संजय इलेवन व राहुल इलेवन के बीच खेला गया, जिसमे संजय इलेवन ने फ़ाइनल मुकाबला अपने नाम किया। विजेता व उपविजेता टीम को वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया द्वारा ट्राफी व नगद राशि क्रमशः तीस हज़ार व पंद्रह हज़ार रुपये, मेडल आदि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। टूनामेंट में मैन ऑफ़ द सीरीज लाम्बा को चुना गया। टूनामेंट में हिमांशु अवस्थी व अखिलेश सिंह निर्णायक की भूमिका में व कमेंट्रेटर के रूप में दिनेश सिंह, इस्तियाक अहमद सागर, सौरभ सिंह व शाकिब ने अपनी महती भूमिका अदा करा टूनामेंट को सफल बनाया। टूनामेंट का यूट्यूब पर सजीव प्रकाशन अमरकांत कश्यप ने किया।

## भारत पाक युद्ध मे घायल सैनिकों को यूबीटी ब्लड डोनेशन कैंप चलाया जाएगा

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** भारत पाकिस्तान के बीच तनाव, युद्ध की स्थिति के मद्देनजर शिवसेना यूबीटी उत्तर प्रदेश इकाई की बैठक प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित की गई जिसमें बाराबंकी निवासी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पूर्वांचल प्रभारी मनोज मिश्र विद्रोही ने हिस्सा लिया। इस बैठक से भाग लेकर लौटे पूर्वांचल प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव श्री विद्रोही ने बताया कि राज्य प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह के निर्णय के अनुसार भारत पाक युद्ध की स्थिति को देखते हुए शिवसेना यूबीटी सैन्य बलों के आपात स्थिति में घायल सैनिकों के लिए रक्त की आपूर्ति हेतु सभी जनपदों में ब्लड डोनेशन कैंप चलाया जाएगा।

# समाजवादी परंपरा को धार देने वाले योद्धा थे विक्रम रावः राजनाथ शर्मा

### गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रम राव के निधन पर जताया शोक



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं लोकतंत्र राक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा ने देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्लूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर गहर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय थे और उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया। उनका जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय रहा। उनके पिताजी के. रामाराव भी देश के ख्यातिलब्ध पत्रकार थे और बेटे के विश्वदेव राव भी पत्रकार हैं। श्री शर्मा ने बताया कि के. विक्रम राव समाजवादी पृष्ठभूमि के व्यक्ति थे। वह आपातकाल के बंदी थे और जार्ज फर्नांडिस के साथ मिलकर डायनामाइट कांड में सह अभियुक्त भी रहे। मेरा उनका लम्बा साथ था। वह देश-दुनिया के पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को एकजुट कर उनके हक-हुकूक की लड़ाई की परंपरा को धार देने वाले योद्धा थे। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए यह अपूरणीय क्षति है। गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट परिवार डॉ. के. विक्रम राव पर उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए उनका ढांढस बंधाता है। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना है कि गोलोकवासी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को यह वज्राघात सहने की शक्ति दें।

## मामूली विवाद में पोते ने दादा को पीटा, की शिकायत

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** कई दिनों से खराब पड़ा सरकारी नल बनवाने को लेकर परिवार के ही पोते ने दादा को पीटा पीड़ित ने थाने मे की शिकायत। जैदपुर थाना क्षेत्र व जैदपुर कस्बे के उसरी मोहल्ले का है जहाँ इण्डिया2 मार्का नल कई दिनों से ख़राब पड़ा था। जिसे बनवाने को लेकर दो पक्षो मे बहस हो गई और देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई। जिससे रामसनेही नमक व्यक्ति ईट लगने से घायल हो गयाद्य पीड़ित रामसनेही ने बताया की परिवार के ही चंदू पुत्र रामदस से नल बनवाने के लिए कहा जिससे नाराज चंदू ने अधेड रामसनेही पर ईंटो से हमला कर दिया।

# भगवान बुद्ध का जीवन हमें सहिष्णुता, विवेक और करूणां का मार्ग दिखाताः पुनिया



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** बौद्ध धर्म में वैशाख शुक्ल पूर्णिमां को त्रिविध पावनी कहा गया है। इसी दिन लुम्बिनी में भगवान बुद्ध का जन्म, बोधगया में उन्हें ज्ञान की प्राप्ती और कुशीनगर मे महापरिनिर्वाण हुआ था। भगवान बुद्ध का जीवन हमें सहिष्णुता, विवेक और करूणां का मार्ग दिखाता है। वो मात्र उपदेश नही देते थे उन्होनें जैसा कहा वैसा ही जीवन जिया और जैसा जीवन जिया वैसा ही कहा, इसी कारण भगवान बुद्ध और उनकी शिक्षायें आज भी पूज्यनीय है। आज जब समाज मे नफरत फैलाने वाली ताकतें सक्रीय हैं तो हमें भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को आत्मसात कर लोकतन्त्र और मानवता की रक्षा करनी होगी। उक्त बातें बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूर्व सांसद डॉ0 पीएल पुनिया के ओबरी आवास पर कांग्रेसजनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद तनुज पुनिया ने भगवान बुद्ध जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनके जीवन दर्शन और अहिंसा, शान्ति और करूणां जैसे संदेशों को याद करते हुये कही। भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि, भगवान बुद्ध ने मनुष्य को बाहर से नही भीतर से जागने की शिक्षा दी और अपना दीपक स्वयं बनने को कहा। उनकी शिक्षायें आज भी मानवीय विचारधारा की आधार शिला है जिसे अपनाकर ही हम शान्ती के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सकते हैं। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करने वालों में मुख्य रूप से स्थानीय सांसद तनुज पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष विजय पाल गौतम, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, राम हरख रावत, केसी वश्रीवास्तव, रामकुमार लोधी, आनन्द रावत, अकील इदरीसी, अवनीश चौधरी, राजेश रावत, अरविन्द प्रजापति, करन बाल्मीकी, मोहम्मद तारिक सहित दर्जनों की संख्या में उनके अनुयायी व कांग्रेसजन थे।

## ताजमहल पर हमले का फर्जी AI वीडियो वायरल कर की गई माहौल बिगाड़ने की कोशिश, पुलिस ने की अपील

**आगरा। (अवधनामा संवाददाता)** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। दोनों देशों के बीच युद्ध का माहौल बन गया। तो वही इसी बीच सोशल मीडिया पर खबर आने लगी कि पाकिस्तान ने भारत की शान ताजमहल पर हमला कर दिया है। इस भ्रामक खबर के बाद से ही सनसनी मच गई लेकिन आगरा पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद आगरा में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। इस अफवाह के बाद सेंसेटिव जोन में सुरक्षा बढ़ा दी गई। दरअसल भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान सोशल मीडिया पर एक वीडियो आग की तरह वायरल हो गया है। वीडियो में ताजमहल से आग की लपटें उठती नजर आ रही हैं। सुरक्षाकर्मी आग को बुझाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में बड़े-बड़े शब्दों में कैप्शन भी लिखा है कि- पाकिस्तान ने करा हमला। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की सच्चाई सामने आ गई है। दरअसल ये एक फेक वीडियो है जिस पर फेक की स्टेंप भी नजर आ रही है। ऐसे में देशवासियों को इस बात से घबराने की जरूरत नहीं है। आगरा पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद आगरा में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है वो एआई जनरेटेड/फेक है और पूरी तरह भ्रामक है। आगरा पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो पूरी तरह से फेक है। इस वीडियो के माध्यम से झूठी अफवाह फैलाने वालों और पोस्ट पर नेगेटिव कमेंट करने वालों के खिलाफ विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा रही है। ऐसी वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को भ्रमित कर रही हैं। आगरा के डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि किसी भी भ्रामक वीडियो पर न दें ध्यान, साइबर अटैक से भी रहे सावधान। किसी भी अनजाने लिंक पर न करें क्लिक, ये साइबर अटैक हो सकता है। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 या नजदीकी पुलिस से संपर्क करें। आगरा पुलिस ने इस वीडियो पर सख्त एक्शन लेते हुए उन लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है जो अफवाह फैला रहे हैं। वहीं पुलिस ने आमजन से खास अपील करते हुए कहा है कि इस प्रकार के फेक वीडियो को पोस्ट और फॉरवर्ड न करें। ऐसा करने से देश की शांति भंग हो सकती है।

## मंत्री ने जनता की समस्याओं को सुनकर समाधान का दिया भरोसा



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को महराजगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया। इस जनसुनवाई में नौतनवा, फरेंदा, सिसवा तथा सदर क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याएं मंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं में मुख्य रूप से भूमि पर कब्जा, सड़क निर्माण, भूमि रूपांतरण, सीमांकन, जल निकासी, जल भराव, नाला निर्माण, अतिक्रमण, आपसी विवाद, जल, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क मरम्मत और रोजगार से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए केंद्रीय मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मंत्री पंकज चौधरी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 15 दिन बाद समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा की जाएगी और समाधान की प्रगति की जांच की जाएगी।

# आगरा में मुठभेड़ का सिलसिला जारी, पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 घायल सहित 3 गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** जनपद में एक दम बढ़े अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। और अपराधियों को सबक सिखाने के लिए मुठभेड़ का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आगरा पुलिस की ठक-ठक गैंग से रविवार आधी रात के बाद मुठभेड़ हो गई। वाहनों की चेकिंग के दौरान 3 बदमाश फोरव्हीलर गाड़ी से भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर ठोक दिया। जवाबी फायरिंग में दो बदमाश जावेद और दानिश के पैर में गोली लगी है। पकड़े गए अभियुक्त आदतन अपराधी किस्म के हैं। जो कि एक गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। 9 मई को आगरा में 2 घंटे के अंदर तीन वारदातों को अंजाम दिया था। पलक झपकते ही लोगों के मोबाइल व कीमती वस्तुओं को छीनकर भाग जाते थे। पुलिस सरगर्मी से बदमाशों की तलाश में थी। एसीपी विनायक भोसले ने बताया कि रविवार की रात को आगरा पुलिस चेकिंग कर रही थी। रात करीब 2.30 बजे थाना हरीपर्वत क्षेत्र के टीपी नगर में एक फोरव्हीलर गाड़ी आई। उसे चेकिंग के लिए रोका तो चालक ने गाड़ी भगा दी। गाड़ी का पीछा किया तो उसमें बैठे अभियुक्तों ने फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। एनकाउंटर में दो बदमाश जावेद और दानिश के पैर में गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पड़ताल में पता चला कि तीनों ठक-ठक गैंग के सदस्य हैं। एसीपी विनायक भोंसले ने बताया कि पूछताछ में जावेद और दानिश ने बताया कि वे मेरठ के निवासी हैं। 9 मई के दिन दो घंटे में तीन जगहों पर वारदात की थी। पहली घटना देहली गेट पर एक पत्रकार का मोबाइल छीन लिया। इसके थोड़ी देर बाद खंदारी में एक व्यक्ति को मोबाइल छीना वहीं तीसरी घटना भी थाना हरीपर्वत क्षेत्र में की। तीनों वारदात थाना हरीपर्वत में की गई। उन्हें महज 2 घंटे के अंतराल में अंजाम दिया गया था। पुलिस इस गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। जल्द ही पूरी गैंग का खुलासा होगा।एसीपी हरीपर्वत ने बताया कि दानिश और जावेद पर कई अपराधिक केस दर्ज हैं। दोनों पहले कमला नगर क्षेत्र से गिरफ्तार हुए थे। जिन्हें पुलिस ने जेल भेजा था। गिरफ्तार किया गया तीसरा आरोपी सादिक ड्राइवर की नौकरी करता है। उसे 1500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिए जाते थे। लगातार वारदातों के चलते पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। बदमाशों से 7 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आगरा के अलावा अन्य जनपदों में भी इस गैंग ने कई वारदातों को अंजाम दिया था। अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

## एफआईआर दर्ज न होने व मुंशी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए थाने में ही धरने पर बैठे अधिवक्ता



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा सोमवार को उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब एक अधिवक्ता को पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ थाने के भीतर ही धरने पर बैठना पड़ा। मामला सिर्फ एक एफआईआर दर्ज कराने का नहीं था, बल्कि न्यायिक आदेश की अवहेलना और अभद्रता का था, जिसने कानूनी व्यवस्था की गरिमा को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया। जानकारी अनुसार अधिवक्ता वी. विवेक कुमार, जो जी विक्टोरिया इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव हैं, ने कॉलेज में फर्जी प्रबंध समिति गठन के खिलाफ कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने धारा 156(3) के तहत मुकदमा दर्ज करने का स्पष्ट आदेश दिया, लेकिन थाना जगदीशपुरा पुलिस ने आदेश को नजरअंदाज कर दिया। सोमवार को जब अधिवक्ता विवेक कुमार थाने पहुंचे तो प्रभारी निरीक्षक वहां मौजूद नहीं थे। मौजूद मुंशी मनोज कुमार ने अधिवक्ता से न केवल बात करने से इनकार किया, बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे आहत होकर अधिवक्ता थाने के भीतर ही धरने पर बैठ गए। स्थिति तब बदली जब प्रभारी निरीक्षक थाने पहुंचे। अधिवक्ता से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और तत्काल माफी मांगते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद अधिवक्ता धरना समाप्त कर थाने से रवाना हुए।

# ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस



अवधनामा संवाददाता

**पनियरा(महराजगंज)।** ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पूजन कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र/छात्राओं के सभी माताओं का अभिनंदन वंदन किया गया। विद्यालय में भारतीय परंपरा एवं ममता और स्नेह की प्रतिमूर्ति माताओं को विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत वंदन किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा माता के महत्व पर आधारित एक नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें प्रतिभा ,नाजिया ,सांची ,अंशिका स्नेहा ,दिव्या ,गरिमा ,अंजनी ,सुप्रिया, श्रेया ,रुखसाना ,सृष्टि ,कृति शिवराजनी ,पायल ,पल्लवी,सुगम ने अपने प्रस्तुति से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी क्रम में कक्षा आठ की छात्रा अम्बिका गिरी व सांची राठौर ने माता के प्रेम स्नेह पर आधारित एक भाषण प्रस्तुत किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण राव ने विद्यालय के सभी अभिभावकों को तथा विद्यालय प्रांगण में आई हुई सभी माताओं को मातृ दिवस का हार्दिक शुभकामना दी और माँ के महत्व के बारे में बताया। मुख्य अतिथि उषा मिश्रा ने कहा कि दुनिया में मां का स्थान सबसे ऊंचा होता है। जिसका व्याख्यान करना बहुत ही कठिन कार्य है। उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर मां से बड़ा कोई और नहीं हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक जीवेश मिश्रा ने किया ।

# बुद्ध जयंती पर लुम्बिनी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनौली (महराजगंज)।** बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी में 2569वीं बुद्ध जयंती के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सभा हॉल में आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन नेपाल के प्रधानमंत्री केपी. शर्मा ओली ने किया। समारोह में संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे, लुम्बिनी के मुख्यमंत्री चेत नारायण आचार्य, संघीय और प्रांतीय सांसद, विदेशी राजदूत, भिक्षु, भिक्षुणियाँ और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि नेपाल बौद्ध शिक्षाओं को आत्मसात कर विश्व में शांति की अपील कर रहा है। उन्होंने भारत-पाक तनाव का हवाला देते हुए बताया कि नेपाल की शांति की अपील के बाद दोनों देशों के बीच लड़ाई रुकी। उन्होंने सामूहिक विनाश के हथियारों पर चिंता जताते हुए विश्व शांति की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही। सोमवार सुबह ओली रूपन्देही पहुंचे और मायादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारत सहित कई देशों के श्रद्धालु शामिल हुए। बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य में रविवार से शुरू हुए कार्यक्रमों का आयोजन लुम्बिनी, तिलौराकोट, देवदहा और रामग्राम में मंगलवार तक जारी रहेगा। लुम्बिनी विकास निधि ने समारोह के लिए 10 मिलियन रुपये का बजट तय किया है।

## ब्लॉक मुख्यालय के नजदीक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

**सिसवा बाजार(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** कोठीभार थानाक्षेत्र अंतर्गत सिसवा ब्लॉक मुख्यालय के नजदीक एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सिसवा ब्लॉक मुख्यालय के पास नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत चौधरी चरण सिंह वार्ड स्थित सेमरहवा बाबा स्थान के पास सोमवार को अपराह्न के समय एक अज्ञात व्यक्ति (40) का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी कोठीभार पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना था कि यह व्यक्ति पिछले दो-तीन दिनों से रायपुर चौराहे पर देखा जा रहा था।

# विद्युत बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता वाईपी सिंह के नेतृत्व में सोमवार को बसहिया बुजुर्ग के टोला चंदरपुर एवं रामपुर उपाध्याय में बकाया बिजली बिल वसूली के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें विभाग की टीम ने 180 घरों में चेकिंग किया। बिजली के एक लाख से ऊपर के 15 बकायादारों के कनेक्शन काट दिए गए। साथ ही 45 घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया। बकाया बिजली बिल वसूली के लिए विभाग हर तरह से प्रयास में लगी है। अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि अभियान के दौरान बकायादारों के कनेक्शन भी काटे गए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता वाईपी सिंह, अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र गौतम, उपखण्ड अधिकारी विजय जायसवाल, अवर अभियंता कमलेश कुमार, धीरेंद्र चौरसिया, संदीप कुमार, अवर अभियंता विजिलेंस संदीप कुमार एवं उनकी टीम एवं लाइनमैन उपस्थित रहे।

# अल इल्म स्टडी सेन्टर की तरफ से हुआ पीईटी का मॉक टेस्ट


पीईटी का मॉक टेस्ट देते विद्यार्थी


अल इल्म स्टडी सेन्टर में कम्प्यूटर देखते मौलाना व बच्चे

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** यूपी के मा. मुख्यमंत्री की महात्वकांछी योजना के अंतर्गत सरकारी नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए पीईटी क्वालीफाई करना अनिवार्य है। जिसको देखते हुए कस्बा हल्लौर स्थित अल इल्म स्टडी सेन्टर में युवाओं के अंदर उनके टैलेंट को निखारने के लिए पीईटी की तर्ज़ पर एक मॉक टेस्ट का आयोजन रविवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी की अगुवाई में इमामिया मकतब के प्रथम तल पर आयोजित किया गया। जिसमे बड़े उत्साह से लड़के व लड़कियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस टेस्ट में ज़रूरी कट आफ प्राप्त बच्चो को सम्मानित किया जाएगा और सरकारी पीईटी टेस्ट के लिए उनको ज़रूरी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस मौके पर टेस्ट के दौरान मौलाना ज़ैदी ने कहा पीईटी (प्रारंभिक पात्रता परीक्षा) को क्वालीफाई करने के लिए मॉक टेस्ट का अभ्यास करना बहुत महत्वपूर्ण है। ये मॉक टेस्ट आपको परीक्षा के पैटर्न और पाठ्यक्रम के साथ परिचित होने में मदद करेगा और आपकी तैयारी को बेहतर बनाने में मदद करेगा। मौलाना ने आगे कहा कि जिन बच्चो ने टेस्ट में हिस्सा लिया है उनको आगे पीईटी टेस्ट देने में सहायता मिलेगी। डॉ वज़ाहत हुसैन रिज़्वी ने कहा कि मॉक टेस्ट से नियमित अभ्यास जरूर करें ऐसा करने से आपको इस परीक्षा में आने वाले प्रश्नों के पैटर्न के बारे में पता चलेगा तथा आप प्रश्नों को कम समय में हल कर सकेंगे। इंजीनियर आयात हुसैन रिजवी ने बच्चो से कहा की इस परीक्षा में सफल होने के लिए यह ज़रूरी है कि आप अपने समय का सही ढंग से उपयोग करें और सरकारी नौकरी में सेलेक्शन के लिए कठोर अनुशासन, कठिन परिश्रम, शांत दिमाग, एकाग्रता, निरंतरता और धैर्य रखना बहुत ज़रूरी है। सिलेक्शन सिर्फ पढ़ाई से नहीं, उस माइंड सेट से आता है जो गिरकर भी उठना जानता है। मेहनत करते रहो, क्योंकि एक दिन वही एडमिट कार्ड, वही जॉइनिंग लेटर आपके नाम का होगा। इस मॉक टेस्ट को आयोजित कराने में डॉ वज़ाहत हुसैन रिजवी, इंजी. आयात हुसैन रिजवी, राहिब रिजवी, मसूद हसन रिजवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने अल इल्म स्टडी सेन्टर हल्लौर को दिया कंप्यूटर

तहसील क्षेत्र के ग्राम हल्लौर स्थित अल इल्म स्टडी सेन्टर में बच्चों को बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा देने के लिए इंजीनियर एहतेशाम रिज़वी (रिटायर्ड) ने अपने वालिद के ईसाले सवाब में अल इल्म स्टडी सेंटर, हल्लौर को कंप्यूटर मुहैया कराया है जिस से सेंटर के बच्चो को दीनी, दुनयावी तालीम के साथ साथ कंप्यूटर के भी तालीम दी जाए जिस का आज के समाज को बहुत ज़रूरत है कम्प्यूटर पा कर बच्चो के चेहरे ख़ुशी से खिल उठे। जिसका उद्घाटन आज संस्था के सरपरस्त मौलाना शाहकार ज़ैदी ने किया इस मौके पर वज़ाहत हुसैन रिजवी , आयात हुसैन रिजवी राहिब रिजवी, मसूद हसन रिजवी, मोहम्मद हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**बच्चों की प्रतिभा को निखार करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की नौकरी के इच्छुक युवाओं का आज हल्लौर में पीईटी की तर्ज़ हुआ मॉक टेस्ट (प्रैक्टिस टेस्ट)**

## निमोनिया बचाव के लिए वैक्सीन जरूर लगवाएं : डॉ शैलेन्द्र मणि ओझा

### भनवापुर के पीएचसी बिजौरा, सोहना व तरहर में कुल 86 मरीजों का हुआ इलाज



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के पीएचसी तरहर, बिजौरा व सोहना में रविवार को जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला कुल 86 मरीजों का इलाज कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

वर्तमान समय में खराश, खांसी, पेट दर्द, एसिडिटी गैस्ट्राइटिस, फंगस संक्रमण तथा जोड़ों में दर्द आदि के मरीजों का इलाज किया गया। पीएचसी तरहर में डॉ हनुमंत लाल मिश्रा के द्वारा 21 मरीज, पीएचसी बिजौरा में डॉ. इर्शदेव आर्या के द्वारा 30 मरीज तथा पीएचसी सोहना में डॉ. सबीहा मलिक के द्वारा कुल 35 मरीजों का इलाज हेतु निशुल्क दवाई दी। अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने कहा कि 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया जानलेवा हो सकता है, यदि बच्चों में निमोनिया के लक्षण जैसे तेज बुखार के साथ तेज पसली चलना आदि होने पर निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर समय से इलाज जरूर करवाएं तथा बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए 6 सप्ताह से ही समयबद्ध रूप से वैक्सीन की तीन खुराक अपने गांव की एएनएम से लगवाएं। इस दौरान पीएन तिवारी, प्रिंस पाण्डेय, कौश्तुभ तिवारी, अजय पाण्डेय, अखिलेश त्रिपाठी, मनोज मिश्र, रवींद्र कुमार, अश्विनी अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

## अहिंसा एवं प्रेम के रेखांकन के साथ विचारों का आत्मसात भी जरूरी : चंद्रेश शास्त्री



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्रह्मर्षि बावरा सिद्धार्थ ममतागृह-(अनाथाश्रम) जगमोहनी सिद्धार्थनगर के प्रांगण में बुद्ध पूर्णिमा पावन पर्व पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए संस्थान सचिव चंद्रेश शास्त्री ने कहा छायाचित्र के रेखांकन के साथ-साथ भगवान बुद्ध के रेखांकित किया जा रहे चित्र एवं उनके विचारों को भी जीवन में आत्मसात कर सत्य, प्रेम एवं अहिंसा के पथ पर चलने का हम सभी को प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्यांश चौहान एवं निर्णायक मंडल में उपस्थित विशाल पांडे, प्रेम गुप्ता, प्रीति कुमारी, रमेश कुमार के द्वारा बच्चों द्वारा रेखांकित मनमोहन चित्रों का अवलोकन किया गया। जिसमें क्रमशः अमित कुमार ने प्रथम, अर्चना कुमारी ने द्वितीय, प्रिंसी कुमारी ने तृतीय, चांदनी कुमारी ने चतुर्थ स्थान एवं शेष दर्जनों प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ संस्था सचिव चंद्रेश शास्त्री, मुख्य अतिथि दिव्यांश चौहा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ जन संकटा प्रसाद पांडेय के द्वारा सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## विधायक ने स्टाप नर्सो की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का दिया आश्वासन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने सोमवार को अपने आवास एवं कैम्प कार्यालय संत रविदास नगर वार्ड नंबर 3 टीचर कालोनी गड़ाकुल शोहरतगढ़ पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ की स्टाप नर्सो विधायक विनय वर्मा से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। स्टाप नर्सो की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का अश्वासन दिया। उसके बाद विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आज का दिन उन नसों बहनों को समर्पित है जो निस्वार्थ सेवा, अनुशासन ममत्व के साथ हर दिन जीवन की डोर थामे रखतीं हैं। उसके बाद विधायक विनय वर्मा ने स्टाप नर्सो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, नर्सिंग आफिसर नीलम पाण्डेय, क्षमा सिंह, चंदा, आशा गोस्वामी, चेतना, रतनलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## बस्ती में नाबालिग के साथ छेड़खानी मामले में वाल्टरगंज पुलिस की लापरवाही

### कोर्ट आदेश के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी मुकदमा नहीं

अवधनामा संवाददाता




**बस्ती।** जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी और जातिगत अपमान के गंभीर मामले में पुलिस का लापरवाह रवैया सामने आया है। विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट), बस्ती के अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार द्वारा 29 अप्रैल 2025 को मुकदमा दर्ज करने का स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद, वाल्टरगंज थाना पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही कोई कार्रवाई की। पुलिस की इस उदासीनता ने पीड़ित परिवार को भय और असुरक्षा के माहौल में छोड़ दिया है, जबकि आरोपी बेखौफ होकर धमकियां दे रहे हैं। छंगुरा देवी, जो की अनुसूचित जाति (चमार) से ताल्लुक रखने वाली एक गरीब महिला हैं। उनके प्रार्थनापत्र के अनुसार, 2 अप्रैल 2025 को वह और उनके पति बस्ती में कार्य से गए थे, जबकि उनकी नाबालिग बेटी (आयु 15-17 वर्ष) घर पर अकेली थी। इसी दौरान ग्राम मतहवा के अमरजीत उर्फ लोधू, पुत्र बाबूराम, और विकास यादव, पुत्र महेंद्र यादव, उनके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने नाबालिग लड़की को उठाकर पटक दिया और उसके साथ छेड़खानी की। पीड़िता ने अपनी मां को फोन कर सूचना दी। जब छंगुरा देवी और उनके पति घर पहुंचे, तो उनकी बेटी ने रोते हुए आपबीती सुनाई। मौके पर आरोपियों का एक गमछा भी छूट गया था। छंगुरा देवी ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचित किया, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना कोई कार्रवाई किए वापस लौट गई। उसी दिन उन्होंने गनेशपुर पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज की, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय थाने पर भी शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। इस लापरवाही से उत्साहित होकर आरोपियों ने उसी दिन रात करीब 6:30 बजे छंगुरा देवी के घर पर चढ़कर जातिसूचक गालियां दीं, जैसे साले चमार, मादरचोद,÷ और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने धमकाते हुए कहा, ÷जो करना हो कर लो, कोई हमारा कुछ नहीं कर पाएगा।÷ इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे आरोपियों का मनोबल बढ़ गया और वे लगातार पीड़ित परिवार को धमकियां दे रहे हैं। न्याय की गुहार के लिए छंगुरा देवी ने विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट), बस्ती में धारा 173(4) बी.एन.एस.एस. के तहत प्रार्थनापत्र दाखिल किया। उन्होंने शपथ-पत्र, पुलिस अधीक्षक को भेजे गए प्रार्थनापत्र की प्रति, रजिस्ट्री रसीद, आधार कार्ड, और पीड़िता के शैक्षणिक प्रमाण पत्र (जन्मतिथि 15.04. 2008) प्रस्तुत किए। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए 29 अप्रैल 2025 को आदेश दिया कि वाल्टरगंज थानाध्यक्ष एक सप्ताह के अंदर समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करें और परिणाम से कोर्ट को अवगत कराएं। हैरानी की बात यह है कि कोर्ट के इस स्पष्ट आदेश के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी वाल्टरगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

## अधूरी पेयजल योजना बनी ग्रामीणों के लिये परेशानी का सबब

**अम्बेडकरनगर।** ग्राम पंचायत चक कोडार में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत पेयजल योजना अधूरी पड़ी है, जिससे स्थानीय ग्रामीण भीषण गर्मी के मौसम में जल संकट से जूझ रहे हैं। निर्माणाधीन पानी की टंकी अब तक पूर्ण नहीं हो सकी है, वहीं पाइपलाइन बिछाए जाने के बावजूद कई स्थानों पर पाइप खुले हुए हैं, जिससे रोजाना पानी बहकर सड़कों पर फैल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन बिछा दी गई है, लेकिन कई जगह पाइप खुले होने से रोज सुबह पानी सड़कों पर फैल जाता है। इससे न केवल जल की बर्बादी हो रही है, बल्कि पीने के पानी की समस्या भी बढ़ गई है। स्थानीय निवासी राजबहादुर, छोटेलाल और रिंकू ने आरोप लगाया कि टंकी का काम अधूरा छोड़ना जनहित के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा, कार्य में लापरवाही के कारण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोग अभी भी पुराने हैंडपंपों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरी योजना को तुरंत पूरा कराया जाए और पाइपों की मरम्मत कर नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## तीन साल बाद भी नहीं हो पाया क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण

**हजपुरा अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने के कारण तीन साल पहले क्षतिग्रस्त हुआ प्राथमिक विद्यालय का बाउंड्रीवाल आज तक नहीं बन पाया बाउंड्री वॉल गिरने से नौनिहालों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है,जहां विद्यालय में बाउंड्री वॉल ना होने से कोई भी छुट्टा जानवर या अन्य घातक जीव जंतु विद्यालय परिसर में घुसकर बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। जिसकी शिकायत विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर किया गया लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जलालपुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय उसराहा में बनाई गई चहरदीवाली घटिया निर्माण सामग्री व उच्च अधिकारियों की निरंकुशता का शिकार बनकर असमय ही गिर गई।जो कि तीन साल बीतने के बाद और प्रधानाध्यापक द्वारा उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र देने के बाद भी दोबारा नहीं बनाई गई। इस विद्यालय में 89 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं बाउंड्री वॉल गिरने से पानी की निकासी बंद हो गयी है। और बरसात में विद्यालय परिसर में लबालब पानी भरा रहता है, जिससे कई दिनों तक पठन-पाठन का कार्य बाधित रहता है। विद्यालय परिसर में लगा इंडिया मार्का हैंड पंप से भी रिबोर के बाद भी दूषित पानी ही आता है। जिससे नौनिहालों में स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का खतरा हमेशा बना रहता है।

## विद्युत वितरण खण्ड बांसी ने चोरी रोकने व राजस्व बढ़ाने का अभियान

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विद्युत वितरण खण्ड बांसी के अन्तर्गत चिन्हित क्षेत्रों हॉटस्पॉट एरिया में विद्युत चोरी रोकने व राजस्व बढ़ाने का अभियान सोमवार को चलाया गया। बांसी ग्रामीण क्षेत्र में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी करने वालों पर कार्रवाई की गई। अवर अभियंता सुशील कुमार मौर्य ने बताया कि क्षेत्र के अन्तर्गत वितरण परिवर्तक पर ऊर्जा खपत के सही मापन व विश्लेषण हेतु स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया। अभियान के अन्तर्गत चार टीम गठित कर 122 परिसर को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान नौ लोगों का संयोजन पर अधिक भार का उपभोग पाया गया जिन पर कुल भार वृद्धि की गई। उन्होंने बताया कि तीन नवीन संयोजन निर्गत किए गए तथा दो संयोजनों का विधा परिवर्तन किया गया। जबकि पांच उपभोक्ताओं के मीटर आर्मड केबिल लगाकर परिसर के बाहर स्थापित किए गए। तीन संयोजनों पर स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया। पैंतीस बकायेदार उपभोक्ताओं से 1.72 लाख धनराशि जमा कराया गया। पांच खराब मीटर बदले गए। बाईस उपभोक्ताओं जिन पर बकाया धनराशि 6.78 लाख था, के कनेक्शन काटा गया। तीन बड़े बकायेदार सहिबुल्लाह बकाया धनराशि 110,673, भवानी पुत्र बासुदेव धनराशि 116469, मातादीन बकाया धनराशि 98742 का कनेक्शन भी काटा गया। इस दौरान अवर अभियंता ने बताया कि उक्त चेकिंग अभियान औचक रूप से जारी रहेगा।

# ग्राम प्रधान संगठन के द्वारा आयोजित हुआ ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर खास में स्थित पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वावधान में ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थ नगर जयेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन डॉ पवन मिश्रा ने शोहरतगढ़ क्षेत्र के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा मेडिकल और इंजीनियरिंग में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले कुल तीस विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और लाइब्रेरी कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थ नगर जयेंद्र कुमार ने मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को कहा और पंचायत भवन में नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया गया।उन्होंने कहा कि ये सुविधाएं युवाओं को डिजिटल सेवाओं और शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगी। विशिष्ट अतिथि डॉ पवन मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में असीम प्रतिभाएं हैं। सही मार्गदर्शन और पढ़ाई सुविधा मिलने पर वे आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान रमवापुर खास व ब्लॉक अध्यक्ष ज़फर आलम ने क्षेत्र के डा0 मोहम्मद जाहिद और डा0 अभिषेक कुमार सहित बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले आदित्य, निधि चौधरी, मनीता, उजमा खातून, कमलेश चौधरी, आकाश यादव, अमित पटेल, अजीमुल्लाह, आमिर खान, दिव्या गुप्ता, शमा परवीन,चंदा समेत 30 प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को सम्मान दिलाने में महती भूमिका निभाई। इस दौरान सीडीओ जयेंद्र कुमार,प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम, पूर्व प्रधान अब्दुर्रहमान, एडीओ पंचायत राम बेलास, फिरोज आलम, मुस्तन शेरुल्लाह, अनिल मिश्रा, चन्द्र मोहन चौधरी, चन्दन गिरी, राजेश यादव, अभिनेश कुमार, राजेश चौरसिया और विजय बहादुर, निजाम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## कस्बे के व्यापारियों ने ओवरब्रिज न बनाकर नगर से बाहर बाईपास बनाए जाने की मांग

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के व्यापारियों ने सोमवार को एन एच 28 पर ओवर ब्रिज न बनाकर नगर से बाहर बाईपास बनाए जाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन विधायक जय प्रताप सिंह को सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बांसी नगर अति प्राचीन तथा जिले का प्रमुख व्यवसायिक स्थल है। इस पर काफी चहल पहल रहती है। नगर के अंदर पड़ने वाला राष्ट्रीय राज मार्ग सिक्स लेन का है, इस पर छोटे-बड़े कई सौ व्यवसायिक प्रतिष्ठान कार्यरत हैं, हजारों परिवारों की रोजी-रोटी-स्वास्थ्य और बच्चों की शिक्षा का प्रमुख आधार यही मार्ग है। व्यापारियों ने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर के साथ-साथ मण्डल के कई कस्बों के लिए बाईपास निर्माण की स्वीकृति मिली है और धन आवंटन के साथ निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारम्भ है। बांसी नगर के बाहर से बाईपास के निर्माण से उद्योगों के लिए प्रचुर मात्रा में भूमि की उपलब्धता हो जायेगी, जिससे जनपद का औद्योगिक विकास तीव्र गति से होगा। ऐसा होने से नगर की सुन्दरता बनी रहेगी व्यापारियों की आजीविका बरकरार रहेगी और व्यापारी विस्थापन ,पलायन से बच जायेगा। ऐसे में ओवर ब्रिज के स्थान पर बाईपास बनाया जाना नगर और व्यापारियों के हित में होगा। ज्ञापन लेने के बाद विधायक जय प्रताप सिंह ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि तीन महा पूर्व बाईपास के लिए एक पत्र लिख चुका हूं पुनः इस संबंध में पत्राचार करूंगा इस पर विशेष ध्यान दूंगा इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात कर चुका हूं एक बार पुन- व्यापारियों के समूह को विधायक ने आश्वस्त किया कि नगर में बाईपास के लिए हम अपने तरफ से शासन को पत्र लिखेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश चंद्र वर्मा, ओमप्रकाश मोदनवाल, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अमित बधवा, अजय कुमार मोदनवाल, एजाज, गुलशन वाधवा,राजेश कुमार अग्रहरी, वेद प्रकाश अग्रहरी, राजकुमार, अरविंद गुप्ता, देवव्रत वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चलाया ऑपरेशन सिंदूर और खूंखार दहशतगर्दों को ढेर कर दिया : जगदम्बिका पाल

अवधनामा संवाददाता



**भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और उसके घर में घुसकर कई जख्म दिए : सांसद**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव बढ़ता गया। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट को उनके बच्चों एवं महिलाओं के सामने ही उनके सिंदूर को उजाड़ा दिया। जिस पर भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया और खूंखार दहशतगर्दों को ढेर कर दिया। बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने भारत पर हमले की तमाम कोशिशें कीं, लेकिन नाकाम रहे।

जवाब में भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और उसके घर में घुसकर कई जख्म दिए। इसके बाद पड़ोसी को संघर्ष विराम के लिए गिड़गिड़ाना पड़ा। उक्त बातें डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने शोहरतगढ़ नगर पंचायत के हॉल में प्रेस कांफ्रेस के दौरान कहीं। साथ ही उन्होंने यह भी यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद संघर्ष विराम से पहले आतंकवाद के सवाल पर भारत ने पड़ोसी पाकिस्तान के लिए एक लक्ष्मण रेखा खींच दी। सीजफायर को स्वीकार करने से पहले भारत ने घोषित कर दिया कि अब भविष्य में देश के अंदर होने वाली एक भी आतंकी घटना को वह अपने खिलाफ युद्ध मानेगा। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि भविष्य में ऐसी आतंकी कार्रवाई के खिलाफ जवाबी सैन्य कार्रवाई के लिए भारत ने खुद को स्वतंत्र घोषित कर दिया है। इससे पहले भारत ने पाकिस्तान को कई जख्म दिए। पाकिस्तान के 9 हवाई ठिकानों पर हमारे हमलों के बाद पाकिस्तान को एहसास हो गया कि वे इस संघर्ष में कहीं नहीं टिकने वाले हैं। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब कुछ भी सुरक्षित नहीं है। यह नया दौर है और अब यही आम बात है। आगे पत्रकारों से से वार्ता करते हुए यह भी कहा कि आईएसआई से करीबी तौर पर जुड़े मुरीदके, बहावलपुर के आतंकी शिविरों पर हमला करने के बाद भारत ने जो संदेश दिया है, वह यह है कि हमने अपनी नजरें बंद नहीं की हैं। हम आपको मुख्यालय में भी मार सकते हैं। अब हम छोटे शिविरों पर हमला नहीं करेंगे। भारत ने दुनिया को यह स्पष्ट कर दिया है कि आप पीड़ितों और गुनहगारों को एक चश्मे से नहीं देख सकते। भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान घबरा गया। पाकिस्तान में रहीमयार खान एयरबेस का रनवे को नुकसान पहुंचाया। चकलाला स्थित पाकिस्तानी वायुसेना बेस नूर खान पर भी बुरा हाल हुआ। दोनों देशों के बीच तकनीकी और सैन्य क्षमताओं के बीच बड़ा अंतर था। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत बड़ा अंतर था। पाकिस्तान को एहसास हो गया था कि वे उस श्रेणी में नहीं हैं। संघर्ष विराम के लिए भारत अपनी शर्तों पर तैयार हुआ। संघर्ष विराम के बीच सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा। अन्य सभी पाबंदियां लागू रहेंगी। जो भी कदम उठाए गए थे, सभी लागू रहेंगे। आतंकवाद पर भारत की रुख और सख्त रहेगा। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, बबलू गोड़, राजकुमार मोदनवाल, सच्चिदानंद पाण्डेय, पद्माकर शुक्ला, संजय दूवे, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, बबलू चौबे, संतोष पासवान, अनिल अग्रहरि, शिवशक्ति शर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

## 18 मई से 28 दिनों तक बन्द रहेगा शारदा सहायक पोषक नहर का संचालन

**अंबेडकरनगर।** जिले की प्रमुख सिंचाई स्त्रोत शारदा सहायक पोषक 130 नहरों का संचालन 18 मई से 28 दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। यह निर्णय नहर की मरम्मत व अनुरक्षण कार्यों के मद्देनजर लिया गया है। जल संसाधन विभाग की दी गई जानकारी के अनुसार, नहर के नियमित अनुरक्षण, गाद निकासी व आवश्यक मरम्मत के उद्देश्य से 18 मई से 14 जून तक जलापूर्ति स्थगित रहेगी। इस अवधि में नहर से जुड़े सभी वितरिकाएं व माइनर लाइनें भी प्रभावित रहेंगी।शारदा सहायक पोषक नहर जिले के कई ब्लॉकों के हजारों हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिंचाई जल उपलब्ध कराती है। जिले की 130 नहरों का संचालन बंद होने से प्रभावित क्षेत्र के किसानों को वैकल्पिक जलस्त्रोतों पर निर्भर रहना होगा। विभाग की ओर से किसानों को अग्रिम सूचना देकर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, नहर की आंतरिक दीवारों की मरम्मत, सिल्ट सफाई व अवरोधक संरचनाओं की तकनीकी जांच की जाएगी।

## कांग्रेस ने शहीद वीर जवानों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई और पाकिस्तान से सैन्य टकराव के दौरान शहीद हुए अपने वीर जवानों और जान गंवाने वाले अपने निर्दोष नागरिकों की याद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अगुवाई में आज डुमरियागंज में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि आतंकवादियों के पनाहगार देश पाकिस्तान से सैन्य टकराव के दौरान हमारे कई वीर जवान अपने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए शहीद हो गए। इसके साथ ही हमारे कई निर्दोष नागरिकों ने भी अपनी जान गंवाई है। हमे भारतीय सेना के कौशल और क्षमता पर गर्व है। जिन सैनिकों ने अपनी शहादत दी और जो हमारे निर्दोष नागरिकों ने अपनी जान गंवाई उनको मैं अपनी तरफ़ से और अपने कांग्रेस पार्टी की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं ब्लाक अध्यक्ष मुकेश चौबे ने कहा कि ने कहा कि शोकाकुल परिवारों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है । हम सब अपने शहीदों और उनके परिवारों के सदैव ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर रियाज़ मनिहार, आसिफ रिज़्वी, अर्जुन कन्नौजिया, काजी अरशद हबीब, कृष्ण कुमार मिश्रा, अदनान अहमद, राहुल श्रीवास्तव, राकेश कुमार गौतम, हबीबुल्लाह, मकबूल अहमद सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## सीज फायर और ब्रेक फायर

पहलगांव आतंकी हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाते हुये पाक को मुहतोड़ जवाब दिया। भारत ने डिप्लेमेसी का दम दिखाते हुये दुनियां को पाक के आक्रमक रवैया को बताया। कई देशो ने भारत का साथ देते हुये पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से बातकर हमला रोकने की बात की। शनिवार को पांच बजे से ही हमले रोकने की सहमति बनी लेकिन कुछ देर बाद ही पाकिस्तानी ने ड्रोन भेज फायरिंग शुरू कर दिया। भारत ने इसे सीज फायर तोड़ने का मामला बताया और दमदार जवाबी कार्यवाई कर जवाब दिया। वायु समुद्र और जमीन फिर आपस में हमले की कार्यवाई रोकने की सहमति बनी। आगे भी बातचीत करने की बात तय हुई। भारत ने सटीक निशाना बना पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। भारत ने बड़े टारगेट तय कर बड़े निशाने लगाये जिससे भारत को इच्छित नतीजे मिले। इस हमले में आर्म्ड फोर्सेस का कोआर्डीनिशेन सराहनीय रहा दुनियां ने इसे देखा और सराहा भी।

संघर्ष विराम के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री ने हाई लेबल बैठक की। रक्षामंत्री विदेश मंत्री सहित शीर्ष अधिकारियों ने भी भांग लिया। सिन्धु जल सन्धि स्थगित सहित सभी प्रतिबन्ध जारी रहेगे। भारत ने साफ कह दिया है अगर अब पाक की ओर से हमला हुआ तो इसे युद्ध समझा जायेगा। युद्ध रोकने के लिये ट्रम्प धन्यवाद देते हुये तारीफ भी की। पाकिस्तान के आठ ठिकानो पर जंगी विमान से निशाना बनाया। भारत के वायु से ना जंगी स्टेशन के कुछ स्टेशनों को क्षति पहुंची है कुछ घायल भी हुये है। सउदी अरब ने भी सीजफायर के लिये कोशिशे की। अमेरिका के विदेश मंत्री ने बताया उन्होंने उपराष्ट्रपति वेन्स के साथ भारत के प्रधानमंत्री विदेश मंत्री और सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की। ट्रम्प के पोस्ट के बाद भारत के विदेशमंत्री और पाकिस्तान के विदेशमंत्री ने एक पोस्ट की पाक के साथ गोलाबारी रोकने पर सहमति बनी है। उन्होंने यह भी कहां आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख अटल है। इस नतीजे तक पहुंचने के लिये काशिगटन से इस्लामाबाद तक फोन की घन्टियां बजती रही। तब जाकर युद्ध विराम हुआ। सीज फायर को तीन घन्टे ही गुजरे थे कि फिर पाक ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। एलओसी पर कुछ देर फायरिंग हुई फिर रूक गई। फारवर्डे पोस्ट और कैन्ट एरिया में ब्लैक आउट कर दिया गया था। विदेश सचिव ने बताया कुछ घन्टो से पाकिस्तान के ओर से समझौता का उल्लंघन शुरू हो गया। यह पाक के मन की डबाडोल स्थिति को समझता है पाक कितना कन्फ्यूज्ड है। पाकिस्तान के मिलिट्री इनफ्रास्ट्रक्चर को काफी नुकसान पहुंचा। लैन्ड स्टेटस और एयर स्टेटस को भारी नुकसान पहुंचा। एलओसी के कमान्ड और कन्ट्रोल काजिस्टिक इन्सटालेशन और मिलिट्री स्ट्रक्चर के साथ सैनिको को भी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान बेहयायी दिखाते हुये कह रहा है। कि भारत स्थिति हवाई अड्डो और उपकरणों को नष्ट करने का झूठा प्रचार कर रहा है। पाक को अपने सोच और कर्तव्यों में सुधार करना चाहिये। अभी अफगानियों के बगावत से परेशान है। जब तक मिलिट्री अपने ऐशोअराम ढूढता देश की सेवा को प्रमुखता नही देगा तब तक पाक ऐसे ही भुगतता रहेगा।

**पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है।**

# शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना



ललित गर्ग

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज़ फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।

पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत



ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था। यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता। सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया।

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज़ फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज़ फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने जोड़ा है। आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय एवं शर्मनाक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

## भगवान गौतम बुद्ध की 2588 वीं जयंती

ओम प्रकाश 'सुमन'

इसे बैशाख दिवस व अन्य नामों से बुद्ध पूर्णिमा या बुद्ध जयंती के रूप में भी मनाया जाता है । बुद्ध पूर्णिमा गौतम बुद्ध की स्मृति में भारत, नेपाल, तिब्बत, चीन, थाईलैंड, म्यांमार और अन्य एशियाई देशों सहित बौद्ध समुदाय व हिंदुओं के द्वारा पूरे विश्व में मनाई जाती है। बैशाख माह की पूर्णिमा के दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था और बैशाख माह की पूर्णिमा के दिन ही उन्हें बोधगया में पीपल वृक्ष (बोधि वृक्ष) के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था और बैशाख में पूर्णिमा के ही दिन उन्हें 80 वर्ष की आयु में महानिर्वाण प्राप्त हुआ था।



गौतम बुद्ध का मूल नाम सिद्धार्थ गौतम था गौतम इनका गोत्र था इनका जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी, (वर्तमान में नेपाल) में शाक्य वंशके राजा शुद्धोधन और रानी महामाया के पुत्र के रूप में हुआ था। जन्म के सात दिन बाद ही उनकी माता महामाया का निधन हो गया जिसके बाद उनका पालन पोषण उनकी मौसी प्रजापति गौतमी ने किया था। सिद्धार्थ ने गुरु विश्वामित्र के पास वेद और उपनिषद की शिक्षा प्राप्त की तथा राज काज युद्ध विद्या की शिक्षा ली, कुश्ती, घुड़दौड़, तीर कमान व रथ हांकने में उनकी कोई बराबरी नहीं कर पाता था। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह यशोधरा से हुआ तथा राहुल नाम का एक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। राजा शुद्धोधन ने सिद्धार्थ के लिए राजमहल संबंधी सभी इंतजाम कर दिए थे। तीन ऋतुओं मे हर ऋतु के अनुसार रहने लायक तीन सुंदर महल बनवा दिए नाच -गाना और मनोरंजन की सारी सामग्री जुटा दी गई, दास -दासी सेवा में रख दिए गए पर यह सब चीजें सिद्धार्थ को संसार में बांधकर नहीं रख सकीं।

बसंत ऋतु में एक दिन सिद्धार्थ बगीचे की सैर पर निकले उन्हें सड़क पर एक बूढ़ा आदमी दिखाई दिया उसके दांत टूटे थे, बाल पक गए थे शरीर टेढ़ा हो गया हाथ में लाठी पकड़े सड़क पर वह धीरे-धीरे कांपता हुआ चल रहा था। दूसरी बार जब बगीचे की सैर को निकले तो उनकी आंखों के सामने एक रोगी आ गया उसकी सांसे तेजी से चल रही थी, कंधे ढीले पड़ गए बाहें सूख गई थीं, पेट फूल गया था वह बड़ी मुश्किल से चल पा रहा था। तीसरी बार सिद्धार्थ को एक अर्थी मिली, चार आदमी उसे उठाकर लिए जा रहे थे पीछे बहुत से लोग थे कोई रो रहा था कोई छाती पीट रहा था। इन दृश्यों को देखकर सिद्धार्थ का मन विचलित हो गया उन्हें जीवन की निष्क्रियता का दर्शन हुआ। चौथी बार सिद्धार्थ बगीचे की सैर को निकले तो एक संन्यासी दिखाई पड़ा संसार की सारी भावनाओं और कामनाओं से मुक्त, प्रसन्न चित्त संन्यासी ने सिद्धार्थ को आकृष्ट किया। संसार की वास्तविकता को जानकर 29 वर्षीय सिद्धार्थ ने घर परिवार राज पाट सब छोड़कर तपस्या के लिए चल दिए वह राजगृह पहुंचे और भिक्षा मांगी। सिद्धार्थ भ्रमण करते-करते सन्यासी ब्राह्मण संत आलार कलाम जो शांख्य दर्शन के विशेषज्ञ थे के पास पहुंचे तथा ज्ञान के उच्चतर स्तर को प्राप्त उद्दक रामपुत्त दोनों से सिद्धार्थ ने शिक्षा प्राप्त की और योग साधना सीखी समाधि लगाना सीखा पर उससे उन्हें संतोष नहीं हुआ। वह उरुवेला पहुंचे और वहां पर तरह-तरह की तपस्या करने लगे कम आहार लेने से उनका शरीर सूखकर कांटा हो गया। सिद्धार्थ को तपस्या का फल नहीं मिला पर वह समझ गए की नियमित आहार -विहार से योग सिद्ध होता है और उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाया तथा कठोर तपस्या की। बुद्ध के प्रथम गुरु आलार कलाम थे उन्होंने सन्यास काल में शिक्षा प्राप्त की । 35 वर्ष की आयु में बैसाख पूर्णिमा के दिन पीपल वृक्ष के नीचे वह ध्यान मग्न हो गए।

बुद्ध ने बोधगया में निरंजन नदी के तट पर कठोर तपस्या की तथा सुजाता नामक लड़की के हाथों खीर खाकर उपवास तोड़ा था। समीपवर्ती गांव की एक सुजाता स्त्री को पुत्र प्राप्त हुआ वह बेटे के लिए एक पीपल वृक्ष से मन्नत पूरी करने के लिए सोने के थाल में गाय के दूध की खीर भरकर पहुंची थी। सिद्धार्थ वहां बैठे ध्यान कर रहे थे उसे लगा कि वृक्ष देवता ही मानो पूजा लेने के लिए शरीर सहित उपस्थित हों। सुजाता ने बड़े आदर के साथ सिद्धार्थ को खीर भेंट की और कहा कि जैसी मनोकामना मेरी पूरी हुई है उसी तरह आपकी भी हो। उसी रात ध्यान लगाने पर सिद्धार्थ की साधना सफल हुई उन्हें सच्चा बोध ईसा पूर्व 531 में प्राप्त हुआ। तभी से सिद्धार्थ बुद्ध कहलाए। जिस पीपल वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ को बोध मिला वह बोधि वृक्ष कहलाया और गया का समीपवर्ती स्थान बोधगया हो गया।

# मूल्यपरक आदर्श पत्रकारिता के जनक देवर्षि नारद

**विभिन्न ग्रंथों में महर्षि नारद का उल्लेख पढ़ने को मिलता है। शास्त्रों में कहा गया कि वे ब्रह्मा जी के मानस पुत्र है, भगवान विष्णु जी के भक्त और बृहस्पति जी के शिष्य है। इन्हें एक लोक कल्याणकारी संदेशवाहक और लोक-संचारक के रूप में भी विशेष तौर पर जाना जाता है। देवर्षि नारद जी के लिए 'आचार्य पिशुनः' का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कई बार आया है। इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्दकोशों में भी 'आचार्य पिशुनः' का अर्थ देवर्षि नारद, सूचना देने वाला, संचारक, सूचना पहुंचाने वाला, सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देने वाला है।**



सुशील कुमार 'नवीन'

वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 13 मई को देवर्षि नारद जयंती पर विशेष

वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 13 मई को देवर्षि नारद जयंती है। देवर्षि, ब्रह्मनंदन, वीणाधर, सरस्वतीसुत और कलिप्रिय आदि नाम से जाने वाले महर्षि नारद ब्रह्मांड के प्रथम संदेशवाहक और आद्य पत्रकार हैं।

श्रुतचारित्रयोर्जातो यस्याहन्ता न विद्यते।
अगुप्तश्रुतचारित्रं नारदं तं नमाम्यहम् ।

जो ज्ञान और चरित्र से उत्पन्न हुए हैं, जिनमें अहंकार नहीं है। जो अपने ज्ञान और चरित्र को नहीं छिपाते, ऐसे हैं नारद मुनि। सूचना प्रौद्योगिकी के काल में जन्म लेने वाले हम लोगों के लिए आज विश्व के किसी भी कोने में संपर्क करना बड़ा सहज है। प्राचीनकाल में सूचना, संवाद, संचार का प्रमुख साधन मौखिक ही होता था। वो भी या तो सामने हो, या किसी संदेशवाहक के माध्यम से संदेश पहुंचाया जाए। समय परिवर्तन हुआ तो मौखिक के साथ-साथ लिखित संदेशों का आदान-प्रदान शुरू हुआ। तीर्थ, यज्ञादि बड़े कार्यक्रमों में एकत्रीकरण भी संदेशों के लिए प्रयोग होते थे। आज समय बदल चुका है। ऐसी स्थिति में नारद जयंती पर जगह-जगह होने वाले कार्यक्रम राष्ट्रीय दृष्टिकोण से मीडिया के प्रबोधन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

भारतीय प्राचीन ज्ञान परंपरा में विभिन्न ग्रंथों में महर्षि नारद का उल्लेख पढ़ने को मिलता है। शास्त्रों में कहा गया कि वे ब्रह्मा जी के मानस पुत्र है, भगवान विष्णु जी के भक्त और बृहस्पति जी के शिष्य है। इन्हें एक लोक कल्याणकारी संदेशवाहक और लोक-संचारक के रूप में भी विशेष तौर पर जाना जाता है। देवर्षि नारद जी के लिए 'आचार्य पिशुनः' का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कई बार आया है। इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्दकोशों में भी 'आचार्य पिशुनः' का अर्थ देवर्षि नारद, सूचना देने वाला, संचारक, सूचना पहुंचाने वाला, सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देने वाला है। आचार्य का अर्थ, गुरु, शिक्षक, यज्ञ का मुख्य संचालक, विद्वान आदि है। इन दोनों शब्दों का अर्थ हुआ, सूचना देने वाला विद्वान अथवा विज्ञ पुरुष। इस अर्थ का संयुक्त उपयोग संस्कृत साहित्य में जिसके लिए किया गया, वे हैं देवर्षि नारद जी।



देवर्षि नारद जी के पत्रकारिता व्यवहार को स्पष्ट करता एक और प्रसंग है। ब्रहमाजी के पुत्र दक्ष के सौ पुत्र हुए और सभी पुत्रों को सृष्टि बढ़ाने का आदेश मिला। ब्रहमाजी के मानसपुत्र और दक्ष के भाई नारद ने सभी दक्ष पुत्रों को सृष्टि से अलग कर तप में लगा दिया। दक्ष ने पुनः अपने पुत्रों को सृष्टि का आदेश दिया। किंतु, इन दक्ष पुत्रों को भी नारद जी ने सृष्टि के स्थान पर तपस्या में लगाया। इससे क्रोधित होकर उन्होंने नारद जी को श्राप दिया कि सदा विचरण करेंगे, कहीं अधिक समय तक नहीं रुकेंगे एवं एक स्थान की सूचना दूसरे स्थान पर पहुंचाएंगे। देवर्षि नारद ने इन तीनों श्रापों को लोकहित में स्वीकार किया।

अरतिक्रोधचापल्ये भयं नैतानि यस्य च।
अदीर्घसूत्रं धीरं च नारदं तं नमाम्यहम् ॥

जिनमें क्रोध, भय और जल्दबाजी नहीं है, जो धैर्यशाली है। जिनके कार्य सुदृढ़ हैं। इसमें कोई शक नहीं कि ऐसे नारद मुनि सदैव वंदनीय रहेंगे। आज के संदर्भ में नारद जयंती की प्रासंगिकता की बात करें तो आधुनिक भारत के प्रथम हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कोलकाता से प्रकाशित हुआ था। इस दिन वैशाख कृष्ण द्वितीया, नारद जयंती थी। प्रथम अंक के प्रथम पृष्ठ पर सम्पादक ने लिखा था, देवऋषि नारद की जयंती के शुभ अवसर पर यह पत्रिका प्रकाशित होने जा रही है क्योंकि नारद जी एक आदर्श संदेशवाहक होने के नाते उनका तीनों लोक (देव, मानव, दानव) में समान सहज संचार था।

वास्तव में, इतिहास के पन्नों को उलट कर देखें तो सूचना संचार (आधुनिक भाषा में कम्युनिकेशन) के क्षेत्र में उनके प्रयास अभिनव तत्पर और परिणामकारक रहते थे। उनके प्रत्येक परामर्श तथा वक्तव्य में लोकहित प्राथमिक रहता था। इसलिए अतीत से लेकर वर्तमान सहित भविष्य में सभी लोकों के सर्वश्रेष्ठ लोक संचारक अगर कोई है तो वह देवर्षि नारद जी ही है। महर्षि नारद को सबसे बड़ा समाचार दाता माना जाता है। प्राचीन काल से ही समाचार गुप्तचरों द्वारा प्राप्त किए जाते थे। रामायण और महाभारत में समाचार दाताओं के नाम मिलते हैं। रामायण में सुमुख गुप्तचर वेष में समाचारों को राम तक पहुंचता है। महाभारत में संजय की भूमिका भी समाचारदाता के रूप में मिलती है।

आदि पत्रकार नारदजी ने वर्तमान के पत्रकारों के लिए जो मानक रखे हैं, उनका भी विश्लेषण आज की पत्रकारिता के लिए आवश्यक है। माया के ज्ञान के लिए स्त्री का रूप धारण करना अनुभवात्मक पत्रकारिता व्यवहार का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने मृत्यु का भी जीवनवृत्त लिखा है, जो दुनिया में अन्यत्र नहीं है। धर्म की रक्षा एवं सदाचारण के लिए श्री सत्यनारायण कथा की प्रेरणा दी। महाभारत के पश्चात महर्षि वेदव्यास को शांति एवं संतोष के लिए भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र का गुणगान करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रेरणा के परिणामस्वरूप महर्षि वेदव्यास ने 'श्रीमद्भागवत' का लेखन किया।

आदि पत्रकार नारद जी ने सृष्टि के प्रारम्भ में ही पत्रकारिता के समक्ष जो आदर्श एवं स्वरूप प्रस्तुत किया वे अनुपम हैं। हमें आदि पत्रकार के रूप में महर्षि नारद के योगदान को सदैव याद रखना चाहिए। उन्होंने महान विपत्ति से मानवता की रक्षा का कार्य किया। इसका बड़ा उदाहरण अर्जुन को दिव्यास्त्रों का परीक्षण करने से रोकना है। उनके अनुसार दिव्यास्त्र परीक्षण व प्रयोग की वस्तु नहीं । इसका उपयोग आसुरी शक्तियों से सृष्टि की रक्षा करने के लिए हो।

सोशल मीडिया के दौर में तो नारदीय परंपरा और भी प्रासंगिक है। समय के साथ-साथ कुछ उच्च आदर्श स्थापित हो जाते हैं। कालांतर में उस कार्य में लगे लोग उनका उदाहरण देने लगते हैं। वो आदर्श कितने सही और गलत है। इसकी खोजबीन नहीं की जाती। भेड़ चाल की तरह सभी पीछे हो लेते हैं। ऐसे में पत्रकारों के साथ- साथ आमजन को भी सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले जांच परखना चाहिए। वे समाज के लिए अनुकरणीय होते हैं। इनकी बात पर सामान्य जन से ज्यादा विश्वास किया जाता है। ऐसे में कुछ भी ऐसा कार्य न करें जो भ्रामक वातावरण का निर्माण करे। देवर्षि नारद पत्रकारिता के उच्च आदर्श हैं। समाचार संप्रेषण या संवाद रचना की जो आदर्श परंपरा उन्होंने स्थापित की थी, वह आज की पत्रकारिता के लिए सर्वश्रेष्ठ मानक है। कहा भी गया है -

नारदः सर्वलोकस्य, ज्ञानस्य परमं फलम।
वीणा वादक देवर्षि, पत्रकार इति विख्यातौ।

# झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देता 'गोदी मीडिया'

**भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाये वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिये इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है, अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है।**



तनवीर जाफ़री

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने की जानकारी दी गई थी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ÷भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीजफ़ायर पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं। यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किये जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गयी परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है।




परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाये वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिये इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है, अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टी वी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। ख़ुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाये गये मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज़्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यू ट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी गोदी चैनल्स की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहाँ तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी।

पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गयी थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि ऑपरेशन सिन्दूर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुये उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मी में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 क्क्ष्य में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर फ़ैसले के साथ एकजुट है। मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियाँ उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें,ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिये इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गये। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था। एक ऐंकर ने उछल उछल कर बताया कि पाकिस्तान के पांच शहर नक़्शे से मिट गये। कोई बता रहा है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पर क़ब्ज़ा हो गया ,कोई बता रहा है कि कराची पर क़ब्ज़ा हो गया। यूक्रेन-रूस युद्ध के वीडिओ भारत-पाक के बताकर चला दिये गये। किसी ने शाहबाज़ शरीफ़ को बंकर में छुपा हुआ देख लिया तो कोई बता रहा था कि वह भागते हुये दिखाई दिये। किसी चैनल ने लाहौर इस्लामाबाद और सियालकोट पर आईएनएस विक्रांत द्वारा ज़बरदस्त हमले और कराची बंदरगाह के तबाह होने की ख़बर चला दी। तो किसी ने ब्रेकिंग न्यूज़ दी कि -सुबह-सुबह पाकिस्तान के 6 शहर पर टूट पड़ी भारतीय सेना। आश्चर्य की बात तो यह कि यह सभी जानकारियां गोदी मीडिया के पास ही थीं भारतीय सेना या सरकार के पास नहीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# दम्पति व दो पुत्रियों के संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर मिले शव

अवधनामा संवाददाता





- युवक फांसी से तो पत्नी व बेटियों के चारपाई पर मिले शव
- पत्नी के सीने पर तकिया होने से तीनों का मुंह दबाकर हत्या का अनुमान

**उन्नाव।** थाना अचलगंज अन्तर्गत घर के अंदर युवक का शव फंदे से तो पत्नी और दो बेटियों के शव चारपाई पर पड़े मिले। पत्नी के सीने पर तकिया होने से तीनों का मुंह दबाकर हत्या का अनुमान है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक समेत आला अधिकारियो ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और घटना की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार थाना अचलगंज अन्तर्गत साहबखेड़ा गांव निवासी अमित 35 पुत्र उमेशचंद्र यादव खेती कर परिवार का पालन पोषण करते थे। रविवार को पड़ोसी गांव रामबक्शखेड़ा में रहने वाली मृतक की बुआ के लड़के की शादी थी। रायबरेली जिले के डलमऊ बरात गई थी। मृतक के माता-पिता और अन्य चार भाई परिवार के साथ उसी में शामिल होने गए थे। अमित पत्नी गीता 30 बेटी निधि 6 व खुशी 10 के साथ घर पर था। सोमवार सुबह मृतक का छोटा भाई अजीत घर आया लेकिन सभी का अलग-अलग घर होने से वह अपने घर चला गया। कुछ देर बाद टिकरी गांव निवासी गल्ला व्यापारी बागड़ गांव में ही गेहूं खरीदने के लिए आया।

मृतक अमित के घर के पास पेड़ होने से वह उसी के नीचे रुककर आराम करने लगा तभी उसकी नजर अमित के घर में लगे जिंगले में गई तो देखा लाल गमछा और उसमें बाल दिख रहे थे। उसने अजीत को बताया, दरवाजा खटखटाने पर जब नहीं खुला तो अजीत छत के रास्ते घर के अंदर पहुंचा और नजारा देख चीख पड़ा। अजीत के मुताबिक भाई अमित का शव गमछे के फंदे से लटक रहा था। गीता चारपाई पर थी। एक तरफ बड़ी बेटी और दूसरी ओर छोटी बेटी का शव पड़ा था। मृतका गीता के सीने पर तकिया रखी थी। घटना की खबर सुन ग्रामीणों की भीड़ लग गई। थानाध्यक्ष राजेश पाठक फोर्स और फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह और सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के पिता उमेशचंद्र ने गांव के दूसरे यादव परिवार से चल रही मुकदमेबाजी में हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि दंपति और उनकी दो बेटियों की मौत हुई है। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## ब्रज में भक्ति के वैभव का श्रेय जाता है नारायण भट्ट को : कृष्णानंद

**बरसाना (मथुरा) (अवधनामा संवाददाता)।** बीती शाम नगर पंचायत क्षेत्र के ऊंचागांव स्थित ब्रजाचार्य पीठ पर नारद अवतार श्रील नारायण भट्ट की जयंती विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। भट्ट जी की समाधि पर फूल बंगला सजाया गया। भट्ट जी के आराध्य के लाड़ले ठाकुर के साथ विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारायण भट्ट जी के वंशज ललितापीठाधीश्वर गोस्वामी कृष्णानंद भट्ट महाराज ने महाआरती की।

इस मौके पर साधु-संतों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को प्रवचन देते हुए ललितापीठाधीश्वर कृष्णानंद भट्ट महाराज ने नारायण भट्ट जी द्वारा ब्रज में किये गये भागीरथी प्रयासों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि ब्रज में आज राधाकृष्ण नाम की भक्ति का जो वैभव और समृद्ध स्वरूप दिख रहा है उसका श्रेय नारद अवतार ब्रजाचार्य श्रील नारायण भट्ट जी को जाता है। दक्षिण से आकर उत्तर में ब्रजोद्धार कर भक्ति की धारा प्रवाहित की।

# गर्मी में भी बांकेबिहारी दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

अवधनामा संवाददाता



- हर तरफ बहती रही भक्ति रस की धारा

**वृंदावन (मथुरा)।** बुध पूर्णिमा पर सोमवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी में भक्तों की भीड़ में श्रद्धालुओं की हालत खराब हो रही थी। लेकिन, भक्तों की आस्था कम होती नजर नहीं आई। मंदिर की गलियों और प्रांगण में भीड़ का दबाव बना रहा। मंदिर में प्रवेश के लिए श्रद्धालुओं में आपाधापी का माहौल बना रहा। जिसे संभालने के लिए पुलिस और सुरक्षागार्डों को दिनभर पसीना बहाना पड़ा। भक्तों ने आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन करने के साथ राधावल्लभ, राधादामोदर, राधारमण समेत अनेक मंदिरों में दर्शन कर पंचकोसीय परिक्रमा लगाई।

आज सुबह ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पट खुलने से पहले ही आसपास के इलाके में पहुंच गई। भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने बैरीकेडिंग पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू कर दिया। जैसे ही मंदिर के पट खुले मंदिर के आसपास मौजूद श्रद्धालु मंदिर के अंदर दर्शन के लिए पहुंच गए और बाहर बैरियर पर खड़े श्रद्धालु इंतजार में खड़े थे। जैसे ही बैरियर खोली गई भीड़ के रूप में श्रद्धालु मंदिर की ओर दौड़ पड़े। पुलिस ने श्रद्धालुओं को बमुश्किल रोककर एकबार फिर बैरियर लगा दिए और मंदिर के अंदर भीड़ कम होने पर लगातार बैरियर को खोलने के साथ श्रद्धालुओं को अंदर प्रवेश दिया गया। मंदिर के अंदर दिव्य फूलबंगला में विराजित आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन कर श्रद्धालु प्रफुल्लित हो रहे थे।

ऐसे में श्रद्धालु मंदिर से बाहर निकलने को तैयार न थे। लेकिन, मंदिर में तैनात सुरक्षागार्डों ने श्रद्धालुओं को बाहर निकालकर पीछे से आ रहे श्रद्धालुओं को मंदिर में एंट्री दी। बांकेबिहारी मंदिर के अलावा राधावल्लभ मंदिर, सेवाकुंज, निधिवन राज मंदिर, रंगजी और कात्यायनी मंदिर में भी सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती रही।

# अनियंत्रित बाइक गिरने से मां बेटी की मौत, युवक घायल

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** शहर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर अनियंत्रित बाइक गिरने से मा बेटी की मौत हो गयी जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पुलिस ने शवो को परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली अंतर्गत ललउ खेडा के पास अनियंत्रित होकर बाइक गिरने बाइक चला रहा युवक व उसकी मां तथा बहन गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची गंभीर रूप से घायल तीनो को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया किन्तु तब तक सन्नो 50 व उसकी बेटी दिव्यांशी 20 निवासी मवइया माफी थाना अचलगंज की मौत हो गयी जबकि गंभीर रूप से घायल देवेन्द्र 20 को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**उन्नाव।** रविवार सुबह एक दुखद सड़क हादसे में औरैया जिले के दिबियापुर क्षेत्र के किशन नगर निवासी सक्षम 20 की मौत हो गई। थाना अजगैन अन्तर्गत लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर बसीरतगंज के पास हुई जहां उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सक्षम लखनऊ में पढ़ाई कर रहा था और रविवार सुबह बाइक से घर लौट रहा था तभी बसीरतगंज के पास अनियंत्रित होकर उसकी बाइक डिवाइडर से जा टकराई। घायल अवस्था में उसे तुरंत सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अभ्युदय सेवा संस्थान का वार्षिक कवि सम्मेलन 14 जून को

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** अभ्युदय सेवा संस्थान का वार्षिक कवि सम्मेलन 14 जून को मोती नगर स्थित एक नार्मल मैदान में किया जाएगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कवि प्रतिभाग करेंगे। शहर के एक गेस्ट हाउस में रविवार को अभ्युदय संस्थान की ओर से बैठक की गई। इसमें संस्थान के पदाधिकारियों ने आगामी कवि सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया कि कवि सम्मेलन में वीर रस के कवियों में डॉ. हरि ओम पवार, राम भदावर, आशीष अनल, प्रख्यात मिश्र, देवेंद्र प्रताप आग वहीं श्रृंगार में जनपद के गौरव स्वयं श्रीवास्तव की उपस्थिति में डॉ.विष्णु सक्सेना, रमेश शर्मा, प्रवीण प्रज्ञार्थु, नवल सुधांशु, महेंद्र मधुर, मुरारी मण्डल वहीं हास्य में सुदीप भोला, शम्भू शिखर,विकास बौखल, नरकंकाल, डॉ अनिल चौबे आदि कवियों के नाम पर चर्चा हुई।

# बाबा खाटू श्याम के कीर्तन में झूमे उठे भक्त

अवधनामा संवाददाता



- गोलू छलिया झांकी टीम ने राधा कृष्णा की झांकी से भक्तों को खूब झूमाया

**उन्नाव।** शहर के छोटा चौराहा उन्नाव में हैल्लो मोबाइल वाला परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा खाटू श्याम का कीर्तन आयोजित किया गया जिसमे देश विदेश तक अपने भजनो से पहचान बनाने वाली गायिका पिंकी डोले ने मेरी पहचान खाटू वाला श्याम भजन गाकर भक्तों को खूब झूमाया कार्यक्रम की शुरुआत बाबा के दिव्य एवं भव्य श्रृंगार से की गई 56 भोग का प्रसाद चढ़ाकार आयोजक जितेन्द्र दीक्षित जीतू, धर्मेंद्र दीक्षित, सत्येंद्र दीक्षित ने प्रभु का आशीर्वाद लेते हुए पूरा कीर्तन सेना के जवानों को समर्पित किया गायक अवनीश चक्रधारी ने जैसे तुमने लंका फूकी, फुक्र दो पाकिस्तान को गाकर भारत माता की जय घोष के साथ कीर्तन में शमा बांधा।

गायक अभिषेक शुक्ला ने लगभग एक घंटे लगातार खाटू नरेश के कीर्तन गाकर बॉर्डर पर तैनात सेना के जवानों के लिए प्रार्थना करते हुए दुनिया से मैं हरा तो आया तेरे द्वार यहाँ भी हार गया तो अब जाऊँ कहाँ सरकार पर खूब तालियां बटोरी, गायक अमित द्विवेदी, सूरज द्विवेदी, राजू मिश्रा, के डी शर्मा ने भी अपने भजन गाए। कार्यक्रम मे नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानु, सदर विधायक पुत्र प्रखर गुप्ता, विमल द्विवेदी, रजनीकांत श्रीवास्तव, अमित मिश्रा, विजय त्रिपाठी, डॉ प्रभात, चेतन सहित अन्य कई जनप्रतिनिधियों ने दरबार में बाबा श्याम से आशीर्वाद प्राप्त किया देर रात्रि चले कीर्तन में पूरा पंडाल बाबा श्याम के रंग में रंगा नज़र आया देश भक्ति गीतों ने पूरे कार्यक्रम में चार चाँद लगये इस दौरान अरविन्द, मंजू सहित कई भक्त मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिला प्रभारी ने सैनिक के माता-पिता को किया सम्मानित

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** आज भाजपा जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने अपने प्रवास पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक विधायक पंकज गुप्ता के साथ गंगाघाट स्थित गंगातट पर मां गंगा आरती कर पूजन अर्चन किया। शहर के ललऊखेड़ा में वायु सैनिक के माता पिता व परिवार से भेंट कर उनको अंगवस्त्र व पटका ओढ़ा सम्मानित किया। जम्मू कश्मीर में तैनात वायुसेना में कार्यरत अभिषेक त्रिपाठी के आवास पर पहुँचकर अभिषेक त्रिपाठी जी की माता निर्मला त्रिपाठी जी एवं पिता विषम्भर त्रिपाठी जी को पटका, माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, सुशील तिवारी, विमल द्विवेदी विजय त्रिपाठी सहित बडी संख्या मे भाजपाई उपस्थित रहे।

### रिजर्व पुलिस लाइन में समीक्षा गोष्ठी का आयोजन



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षकश्री कृष्ण कुमार के आदेशानुसार थाना एएचटी/विशेष किशोर पुलिस ईकाई जनपद संभल द्वारा जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, सहायक महिला बाल कल्याण अधिकारी व अन्य विभागों, सीडब्ल्यूसी, किशोर न्याय बोर्ड, जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं जनपद मे संचालित एनजीओके पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सभागार रिजर्व पुलिस लाईन बहजोई में समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। मासिक समीक्षा बैठक/गोष्ठी मे किशोर न्याय अधिनियम 2015 आदि के संबन्ध में प्रशिक्षण दिया गया एवं विवेचना के दौरान आने वाली समस्याओं आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी।

### समाजवादियों ने मनाई भगवान बुद्ध की जयंती



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी मथुरा कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। भगवान बुद्ध के चित्र पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प,माला अर्पित कर भगवान बुद्ध का जय घोष किया। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियो ने भगवान के जीवन व्रत पर चर्चा की और अपने जीवन को उनके द्वारा दिखाए गए शांति सद्भाव मेहनत और भाईचारा की रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, विधानसभा बलदेव अध्यक्ष राजेंद्र सिकरवार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### प्रयत्न संस्था को लीड कर रही हैं शाल्हो हेम्ब्रोम



**सम्भल (अवधनामा संवाददाता)।** बाल अधिकारों के लिए सम्भल जिले में लगातार अभियान चलाने वाली प्रयत्न संस्था की प्रोजेक्ट हेड शाल्हो हेम्ब्रोम ने भुवन ऋभू कोई मैडल ऑफ ऑनर मिलने पर स्वागत किया संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने बताया कि सम्भल मे प्रयत्न संस्था शाल्हो हेम्ब्रोम के नेतृत्व बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए काम कर रही है। प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) ने प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया।

# बिहार सरकार बीटी एक्ट को तत्काल निरस्त करे : रमेश

अवधनामा संवाददाता




- बौद्धों को महाबौध्द महाविहार का अधिकार सौंपा जाए

**मथुरा।** तथागत गौतम बुद्ध के आविर्भाव दिवस, बौद्धोत्सव, महापरिनिर्वाण (त्रिविध) दिवस पर समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति मथुरा के तत्वावधान में अजय सनवाल जी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर बोधगया महाबिहार पर बौद्धों का स्थाई रूप से अधिकार किए जाने की मांग को लेकर 7 सूत्रीय खुला मांग पत्र महामहिम राज्यपाल बिहार एवं मुख्यमंत्री बिहार के नाम उपजिलाधिकारी डा. कंचन गुप्ता जी को सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन के दौरान हाथों में बोधगया मुक्ति बोधगया बचाओ अनुच्छेद 25 का पालन करने की मांग के स्लोगन लिखी तख्ती लेकर गगन भेदी नारे लगाते हुए आक्रोश के साथ प्रदर्शन किया। इस मौके पर रमेश सैनी एवं महासचिव नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा बिहार सरकार बीटी एक्ट को तत्काल निरस्त करें और महाबोधि विहार को अन्य धर्म के अनुयाई की बात अनुच्छेद 25 का पालन करते हुए बौद्धों को महाबोधि विहार का अधिकार सौंपा जाए।

लुकेश कुमार राही ने कहा देश की राज्य एवं केंद्र सरकार धार्मिक आजादी का उल्लंघन करवा रही है और सांप्रदायिक ताकतों को संरक्षण कर रही है संविधान विरोधी देश विरोधी है मांगे पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा देश-विदेश में महाबोध बिहार की मुक्ति के लिए आंदोलन जारी है। प्रदर्शन के दौरान धनीराम बाबा प्रधान, बृजलाल कामरेड, नरेश चौधरी, हरेंद्र कुमार बंटी, उमेश पाल बौद्ध, एस एन भारती, नरेश सर, बैजू वाल्मीकि, आकाश बाबू, राजू सर, पुष्पेंद्र शुक्ला, इंजी गौरव कुमार, एड विवेक कुमार, राज गब्बर नेता, विजय कुमार, गोलू, हीरा, राहुल सैनी, मुकेश सैनी अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय उन्नाव में मंडल गठन को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उन्नाव में मंडल गठन को लेकर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची प्रदेश मंत्री व भाजपा उन्नाव की जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने मंडल अध्यक्षों और उपस्थित पदाधिकारियों को गठन हेतु प्रदेश द्वारा गठन हेतु जारी किए गए निर्देशों को एक एक कर विस्तार से बताया। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने भी इस विषय में जानकारी प्रस्तुत की मंडल अध्यक्षों से कहा कोई हमारे पूर्व से कार्य कर रहे कार्यकर्ता कहीं छूटे नहीं। उन्होंने बताया मंडल अध्यक्ष के अलावा 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष के साथ 31 कार्यकर्ता को कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। इसके साथ ही शक्ति केंद्रों का भी भी गठन किया जाएगा। सूची सर्वस्पर्शी हो महिलाओं को भी शामिल किया जाए कार्य करने वालों को प्राथमिकता दें।

# सहकार भारती उन्नाव के आगामी आयामों को लेकर हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

- शीतला माता मंदिर परिसर में पदाधिकारियों ने किया सदस्यों का आह्वान

**उन्नाव।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांगिक संगठन सहकार भारती के पदाधिकारियों ने क़ासिम नगर स्थित माता शीतला देवी मंदिर प्रांगण में सदस्यता अभियान के क्रम में बैठक की। मंदिर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अवध निगम ने उपस्थित सहकार भारती परिवार को माता शीतल के दर्शन कराकर प्रसाद ग्रहण कराया। सहकार भारती के प्रदेश सचिव एडवोकेट श्रीकांत तिवारी ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन सहकारिता क्रांति का बड़ा आयाम है। जिलाध्यक्ष अधिवक्ता रामबोध शुक्ला ने पदाधिकारियों, सदस्यों और अन्य संगठनों से पधारे प्रबुद्ध जनों का परिचय कराते हुए संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में सक्रिय योगदान के लिए सभी का आवाहन किया। जिला सचिव मनीष सिंह सेंगर ने कहा हमारे संगठन का मूल उद्देश्य निर्माता, वितरक और ग्राहक के बीच एक सकारात्मक समन्वयन स्थापित करना है। अध्यक्ष बाल संरक्षण समिति अधिवक्ता प्रीति सिंह, नारी शक्ति समिति अध्यक्षा संगीता कटियार, अन्नपूर्णा सेवा समिति संस्थापक मीनू त्रिवेदी ने महिलाओं की सक्रिय सहभागिता के लिए अपील की। शेखर अमर गुप्ता, संदीप चौहान, सुनील प्रजापति, शैलेन्द्र यादव, मनोहर पासवान, अर्पित रैदास, सरोज कोरी, परशुराम चेतना संघ के नृपेंद्र मिश्र, मीडिया प्रतिनिधि प्राचीन्द्र मिश्रा, संतोष अवस्थी, आरिफ़खां, छोटेलाल आदि ने संगठन की विचारधारा के प्रचार प्रसार से सामाजिक समरसता को बल देने की बात कही। अध्यक्ष रामबोध शुक्ला और मंदिर समिति के अवध निगम ने सभी के प्रति आभार जताते हुए सबको सूक्ष्म भोज के लिए आमंत्रित किया।

# युवक व अधेड़ के फांसी से लटके मिले शव, मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ समेत एक मोबाइल विक्रेता का फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है।

दही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर बुजुर्ग निवासी निखिल (19) पुत्र मुकेश यादव दही तिराहा के पास मोबाइल फोन और एसेसरीज की दुकान किए थे। शनिवार रात वह दुकान से लौटा और रात में खाना खाने बाद अन्य सदस्य छत पर सोने चले गए लेकिन वह नीचे रुक गया। थोड़ी देर बाद किसी काम से नीचे उतरे परिजनों ने गैलरी में उसे साड़ी के फंदे से लटका देख उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया। चाचा नन्हके ने बताया कि वह उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह चार भाई बहनों में निशांत, रागनी व सृष्टि से बड़ा था। उसकी मौत से मां रूपा रो-रोकर बेहाल है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया मां की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का अभी कोई आरोप नहीं है। दूसरी घटना में सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नंदौहा निवासी अवधेश कुमार सिंह (45) पुत्र विजय बहादुर सिंह का शव संदिग्ध हालत में उसी के कमरे में पंखे से फांसी पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की चीख पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों का मजमा लग गया। परिजनों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेजा है।

## प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित...एक दो बार नहीं, तीन बार मिले विद्यालय से अनुपस्थित

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक छात्रों को पढ़ाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण में कई शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिले। बीएसए ने सभी का वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही तीन बार अनुपस्थित मिलने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित किया है।

बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि बलदेव के परिषदीय स्कूलों में निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय इन्दावली साढ़े 7 बजे बंद मिला। विद्यालय स्टाफ का वेतन व मानदेय अग्रिम आदेशों तक रोकने की कार्रवाई के साथ तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है। पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय नगलाबली के निरीक्षण में शिक्षामित्र मीनाक्षी उपाध्याय अनुपस्थित मिलीं।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोक नगर के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर देखा कि खंड शिक्षाधिकारी बलदेव के निरीक्षण 8 अप्रैल को सहायक अध्यापक चंद्रमोहन ने उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थित अंकित की थी लेकिन अनुपस्थिति पर ही ओवरराइटिंग कर अपने हस्ताक्षर करते हुए उच्चाधिकारी के आदेशों की अवहेलना कर मनमानी की गई, जिस पर उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्रवाई कर स्पष्टीकरण मांगा है।

# युद्ध किसी समस्या का नहीं है हल, सरकार का निर्णय सही : डा शेख



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेख ने युद्ध विराम पर अपनी प्रक्रिया जारी करते हुए कहा कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं होता सरकार ने जो फैसला लिया है उस का हम सब को सम्मान करना चाहिए सरकार ने जो फैसला लिया सोच समझ कर लिया होगा लेकिन हम ही नहीं पूरा देश चाहता था कि पाकिस्तान को नेस्तनाबूद किया जाए।

पाकिस्तान ऐसा देश है जो अपनी हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। आतंकवाद की वजह से तुर्की को छोड़ कर कोई भी मुस्लिम देश पाकिस्तान के साथ नहीं आया जब की हिन्दुस्तान के साथ चीन को छोड़ कर सभी शक्ति शाली देश साथ खड़े नजर आए। युद्ध विराम कराने में अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान की आवाम को उनका शुक्रिया अदा करना चाहिए वरना भारत की सैन्य शक्ति उनको तबाह ओर बर्बाद कर देती।

पाकिस्तान को समझना चाहिए कि भारत एक शक्ति शाली देश है भारत की आबादी इतनी है कि अपने देश के लिए बिना हथियारों के पाकिस्तान जैसे नापाक देश को खदेड़ सकती है। उन्होंने कहा कि भारत के देश भक्त मुसलमानों को तुम्हारी वजह से काफी सुनना पड़ता है में चाहता हूं कि भारत से जो इस्लामी जमात निकलती है वो पाकिस्तान जाये ओर वहां की आवाम और आलिमों को समझाए। श्री शेख ने सभी सेना अध्यक्षों सेना के सभी जवानों को धन्यवाद दिया और कहा कि आप की वजह से भारत वाशियो का सम्मान बचा है ओर पूरी दुनिया ने हमारी शक्ति को पहचाना है। उन्होने सेना के जवानों अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने इस युद्ध में अपनी जन की बाजी लगा दी।

# जलशक्ति मंत्री का गोवर्धन चेयरमैन ने किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन (मथुरा)।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पैदल गिरिराज सप्तकोसीय परिक्रमा करने के लिए यहां पहुंचे थे। जब वे जतीपुरा से होकर पुनः परिक्रमा लगाते हुए गोवर्धन वापस लौट रहे थे तो गोवर्धन नगर पंचायत चेयरमैन श्रीमति प्रभा देवी शर्मा ने अपने निवास पर उनका भव्य स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। रविवार रात उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मांट विधायक राजेश चौधरी सहित गिरिराज महाराज की पैदल परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग में गोवर्धन चेयरमैन के आवास पर चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा व संदीप कौशिक ने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का दुपट्टा ओढ़ा कर स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा से धार्मिक नगरी के विकास पर चर्चा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# माँ से बढ़कर दुनियां में कोई नहीं: मुक्ता सोनी

■ मदर्स-डे पर बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति ने किया मां का सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति के तत्वाधान में स्टेशन रोड स्थित होटल द-ग्राण्ड सिद्धि में मातृत्व दिवस (मदर्स-डे) का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत तालबेहट की पूर्व अध्यक्ष मुक्ता सोनी रहीं, जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने की। विशिष्ट अतिथि क रूप में प्रधानाध्यापिका रिचा अग्रवाल, वन्दना कुशवाहा, नीलम कुशवाहा, संध्या रमपुरिया, सुषमा रमपुरिया, लीला ग्वाला, सीता ग्वाला, शान्तिबाई रहीं। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मुक्ता सोनी ने कहा कि दुनिया में माँ से बढ़कर कोई नहीं है। माँ का जीवन में बहुत महत्व है। माँ के बिना जीवन अधूरा है। माँ का हमेशा सम्मान करें। मां का हमेशा आदर करें। जिससे पीढ़ी में नये संस्कारों का संचय हो। विशिष्ट अतिथि रिचा अग्रवाल ने कहा कि दुनिया में मां का महत्व कम हो ऐसा हो नहीं सकता, क्योंकि सृष्टि के संचार में मां की बड़ी भूमिका होती है। मां सम्मानीय, मां पूज्यनीय, मां वन्दनीय है। मां के आंचल में दुनिया का हर वो सुख-दुख समा जाता है, जिसे मां के आशीर्वाद से मिलता है। अध्यक्षता कर रहीं समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने कहा कि मां बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा है। मां के आशीर्वाद से व्यक्ति विश्व के हर चोटी का सम्मान पाता है और हर मुसीबत में मां का साया हमेशा साथ रहता है। मां अपने जीवन में दुखों का पहाड़ झेल लेती है, पर बच्चों को कभी दुखी नहीं होने देती है। इसलिए मां का सम्मान करें। इसके अलावा मोहिनी जैन, उर्मिला साहू, नीलिमा तिवारी, लवी, आर्शी, प्रियंका सेन, नीलम कुशवाहा आदि के अलावा इंजी. शिवमोहन रिछारिया, ओमप्रकाश राय, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., रिटा.रेलवे श्रीराम सेन, वरिष्ठ पत्रकार घनश्यामदास सेन ने भी संबोधित किया। आयोजन में समिति सचिव गीता सेन ने कहा कि अपनी मां का हर कदम पर सम्मान करना चाहिए, जिससे उन्हें कभी अपने अकेलेपन का एहसास न हो और मां का साया साथ रहता है तो हर मुसीबत से निकलने का एक मार्ग है। उनके द्वारा स्थापित संस्कार व्यक्ति का जीवन महत्व पूर्ण और विकासशील व्यक्तित्व वन कर समाज का नाम रौशन करता है। इस अवसर पर मीरा साहू, वन्दना कुशवाहा, नीलम कुशवाहा, अंजू विश्वकर्मा, चन्दन, रश्मि राजा, अर्चना पाल, रामसखी, कुंवरबाई, गुड्डी झा, किरन, कोमल देवी, गीता देवी, ममता देवी, राजकुमारी सिंह, रजनी तिवारी, सुधादेवी परिहार, प्रभादेवी, कुसुम अहिरवार, सपना राय, सविता निरंजन, रेखा विश्वकर्मा, विजय रानी निरंजन, कुसुम नामदेव, मालती पाल, रिषि लोधी, किसनादेवी वंशकार, जसोदा बाई अहिरवार, जयन्ती लोधी, वंदना सीरौठिया, कमलेश साहू, राजेश्वरी जायसवाल, कल्पना राय, प्रियंका राजा, शशि शुक्ला, बबीता शुक्ला, सरोज सोनी, गीता सिंह, निशा वर्मा, गीता वर्मा, सुमन प्रजापति, इन्द्रा सेन, रेखा सेन, रामदेवी सेन, डोली सेन, प्राची सेन, लीला सेन, ममता सेन, रौशनी झां सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन राखी चौरसिया ने व आभार समिति सचिव गीता सेन ने व्यक्त किया।

## भगत सिंह की प्रतिमा पर दीपक जलाकर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**चंदौसी/संभल।** कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी एवम शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा भगत सिंह जी की प्रतिमा चंदौसी पर दीपक जला कर आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई और पाकिस्तान से सैन्य टकराव के दौरान हमारे कई जवानों की शहादत अत्यंत दुखद है।

हमारी सेना के जांबाज सूबेदार पवन कुमार जी, सिपाही एम मुरली नाइक जी, दिनेश शर्मा जी, कमल कांबोज सूरज यादव जी बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज जी, सचिन यादव जी अमित चौधरी जी राइफलमैन सुनील कुमार और राजौरी के अधिकारी राज कुमार थापा जी ने देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसके अलावा, कई आम नागरिकों ने भी जान गंवाई है।

शोकाकुल परिवारों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। हम सब अपने शहीदों और उनके परिवारों के सदैव ऋणी रहेंगे।

# भक्त प्रहलाद की रक्षा को भगवान ने लिया था नृसिंह अवतार : गंगादास महाराज

■ श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर में श्रद्धा भाव से हुआ भगवान का महाअभिषेक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मोहल्ला तालाबपुरा में स्थित श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर में परम पूज्य गंगादास महाराज के पावन सानिध्य में रविवार को दोपहर 12 बजे लक्ष्मी नृसिंह भगवान का महाभिषेक किया गया एवं 1 हजार कमल पुष्पों से भगवान का सहस्त्रार्जन अगाध श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर दिव्य उत्सव मनाया गया, जिसमें सभी संतों एवं हरि भक्तों ने भगवान के दर्शन कर धर्म लाभ लिया। श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर के महंत गंगाादासजी महाराज ने एक धर्मसभा को संबोधित करते हुये कहा कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को स्वाति नक्षत्र में सोमवार के दिन भक्तराज श्रीप्रहलादजी महाराज की रक्षा करने के लिए एवं अपने भक्त प्रहलाद को अभय प्रदान करने के लिए श्रीनृसिंह भगवान अवतार हुआ था। आस्तिक भक्तों को भगवान का आमतौर पर दर्शन सुलभ हो जाता है पर श्रीप्रहलादजी महाराज ने घोर नास्तिक को श्रीनृसिंह भगवान का दर्शन कराया। यह एक विशेष बात है। नृसिंह भगवान की उपासना करने से कोई भी घर में बाधा नहीं आती है और न ही नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भगवान नृसिंह का प्रतिदिन पूजन अवश्य करना चाहिए। नृसिंह भगवान का अवतार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में हुआ था और सायं काल हिरणकश्यप को एक-एक वरदान याद करा कर भगवान ने उद्धार किया था। प्रहलाद ने भगवान की स्तुति करके भगवान को प्रसन्न किया एवं भगवान ने प्रहलाद महाराज को अभय प्रदान किया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भगवान बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक : नेपाल सिंह



■ सपाईयों ने जिला कार्यालय पर मनाई भगवान बुद्ध जी की जयंती, अर्पित किए पुष्प

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में भगवान बुद्धजी की जयंती जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर बुद्ध के चित्र पर सपाईयों ने पुष्प अर्पित किए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने उनके उपदेशों को बताते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक युग में पूरे विश्व को शांति और उदारता की जरूरत है। जो भगवान बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर ही मिल सकती है, बुद्ध की देशना एवं संदेश से ही मानवता की भलाई की जा सकती है। बुद्धजी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा कि मानवता की भलाई बुद्ध के संदेश को अपना कर ही की जा सकती है। बुद्ध का दर्शन वैज्ञानिक दर्शन है। भगवान बुद्ध कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं और कल भी रहेंगे। इस मौके पर डा.शिशुपाल सिंह लोधी, राजेश यादव जय गुरुदेव, अरशद मंसूरी, हरीसिंह यादव, प्रमोद कुशवाहा, आकिब मंसूरी, राजेश झा, गौरव विश्वकर्मा, चरन सिंह, शहरोज खान, ओमप्रकाश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, सचिन सोलंकी, मोनू यादव, कप्तान यादव, जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा: राज शर्मा

■ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मानीमऊ की टीम का गठन

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश जिला कमेटी के द्वारा मानीमऊ नगर इकाई का गठन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राज शर्मा एवं जिला संरक्षक विनय दुबे ने एक निजी प्रतिष्ठान पर बैठक कर नगर कमेटी की घोषणा करनें के उपरान्त कहा कि व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार को जिलाध्यक्ष राज शर्मा एवं जिला संरक्षक विनय दुबे द्वारा सर्व सम्मति से नगर संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, नगर अध्यक्ष आशीष कटियार, नगर प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी, नगर महामंत्री रणवीर सिंह कटियार उर्फ लालू, नगर कोषाध्यक्ष सिंटू राठोर, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशांत दुबे, विपिन पटेल, रिशु कटियार, रिंकल पांडेय, मोहम्मद समीम, नगर उपाध्यक्ष पीयूष गुप्ता, जीशान अली, अखिलेश कटियार, साबिर अली, दीपू, नगर मंत्री अरुण कटियार, जीतू, राजीव कटियार, अभिषेक दुबे, अनिल कटियार, नगर संगठन मंत्री- मनोज कटियार, विजय शर्मा, सह संगठन मंत्री राजीव सिंह ठाकुर, आदिल अली, रानू कटियार, मीडिया प्रभारी किशन बाथम, नगर कार्यकारिणी सदस्य रवि कटियार, अनिल राठौड़, मो. अलीम, मो. अब्दुल, रिंकू कटियार, मो. अनीस, अतर सिंह, श्रीकांत, सुधीर सैनी, बीर भान पाल, सोमिल कटियार को एवं युवा नगर अध्यक्ष चेतन दुबे, युवा नगर महामंत्री शिवानंद दुबे (अलबेला ) को जिम्मेदारी देकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालायें पहनाकर बधाई देने के उपरान्त जिलाध्यक्ष राज शर्मा द्वारा नगर अध्यक्ष को 15 दिन के अंदर कमेटी मे अन्य सदस्यों को जोड़कर विस्तार करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होनें कहा कि जिले में कहीं पर भी किसी व्यापारियों की समस्याओ को जिला प्रशासन से निराकरण करवाने में तैयार रहेगी। उन्होनें युवाओं को व्यापारी मुख्यमंत्री योजना का लाभ लेकर अपने व्यापार को और बढ़ाए जाने पर जोर दिया। इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, जिला मंत्री संजीव पांडे, जयंत प्रताप अभय एवं मानीमऊ के तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## यात्रियों को सड़क सुरक्षा के बारे मे बताया गया

**संभल।** श्री कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात जागरूकता एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह (Care) के अंतर्गत यातायात प्रभारी श्री दुष्यंत बालियान और मुख्य आरक्षी सचिन कुमार और मुख्य आरक्षी विशांतकुमार के द्वारा यात्रियों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया । जिसमें मुख्य रूप से यातायात के नियम के बारे में बताया गया कि दो पहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग करेंगे और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे, शराब के नशे में वाहन नहीं चलाएंगे और नींद आने पर वाहन नहीं चलाएंगे खतरनाक ढंग से वाहन नहीं चलाएंगे, 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति वाहन नहीं चलाएंगे, जिनका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बना है वह भी वाहन नहीं चलाएंगे, पैदल यात्री भी यातायात नियमों का पालन करेंगे चौराहा पार करते समय दाएं बाएं देखेंगे, उसके बाद चौराहा पार करेंगे और रात्रि में वाहन चलाते समय इंडिकेटर और डीपर का प्रयोग करेंगे, मोड आने पर और भीड़ भाड़ वाले स्थान पर ओवरटेक नहीं करेंगे।

# टीएसआई ने मारूति वैन सहित तीस वाहनों के काटे चालान

■ अभियान दौरान बाईक सवारों को हेल्मेट पहननें के लिये किया प्रेरित



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हेलमेट का प्रयोग हमारे जीवन की रक्षा करता है। सड़क हादसों में सर्वाधिक मौत सिर पर चोट लगने के कारण होती हैं। इसको प्रयोग में जानें के लिए यातायात पुलिस द्वारा समय समय पर प्रेरित करना पड़ता है। यही कारण है कि लोग अपनी सुरक्षा की दृष्टिगत नहीं, बल्कि चालान से बचने के लिए हेलमेट रखते व लगाते हैं।

यह बात सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलवीर सिंह के पर्यवेक्षण में पूर्वी बाईपास, मिरगावां आदि स्थानों पर चेकिंग के दौरान टीएसआई अरशद अली ने कही। इससे पूर्व कई बाइक सवार जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था। लेकिन हेलमेट हाथ, हैंडेल अथवा पीछे बैठे साथी के पास रखा हुआ था, तुरंत बाइक रोककर जल्द से हेलमेट लगाने लग। जिससे कहीं उनका चालान न हो जाए। टीएसआई ने ऐसे बाइक सवार युवकों को भी रोका और उन्हें समझाया कि यह हेलमेट स्वयं उनकी सुरक्षा के लिए है। यातायात नियम जीवन सुरक्षित करता है। वहीं चेकिंग के दौरान टीएसआई ने बिना कागजों के एलपीजी से चल रही वैन सहित 31 वाहनो के चालान कर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया।

## पुलिस नें रंगदारी के रुपयों सहित युवक को पकड़ा

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा फर्जी बिजली कर्मी बताकर ठगे गये दस हजार रुपयों सहित युवक को धर दबोचा। रविवार को गीता देवी पत्नी अरविन्द कुमार निवासी ग्राम मसीदपुर्वा जलालाबाद से पुष्पेन्द्र पुत्र जय सिंह यादव निवासी ग्राम तिलपई निवासी द्वारा खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर वादिनी के पुत्र से बीस हजार रूपये की रंगदारी मांगी गई तथा असमर्थता जताने पर जान से मार डालने की धमकी दी और डरा धमका कर दस हजार रूपये ले लिये थे। सोमवार को जसोदा चौकी प्रभारी मोहन लाल नें कांस्टेवल नीरज, अशोक कुमार व कृष्णकान्त के साथ कोतवाली में दर्ज मुकदमें के वांछित अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र जय सिंह यादव के पास से रंगदारी में माँगे गये दस हजार रुपयों के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करनें के उपरान्त न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

# पाकिस्तान ने हुसैनी रास्ते को छोड़कर आतंकवाद को अपनाया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत सैयद अयूब अशरफ की सरपरस्ती में यूनिवर्सल ख्वाजा अपार्टमेन्ट, नक्खास, लखनऊ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता सम्बोधित करते हुए ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के प्रधान सचिव हज़रत सैयद बाबर अशरफ किछौछवी ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद, सांप्रदायिक घृणा और मज़हब की राजनीतिक दुरूपयोग के खिलाफ़ अब सख्त रूख अपनाने का समय आ गया है जो भारत की एकता एवं विकास के लिए ज़रूरी है ख्वाजा गरीब नवाज़ ने अविभाजित हिंदुस्तान को मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का पैग़ाम दिया था। लेकिन अफ़सोस कि पाकिस्तान ने उस हुसैनी रास्ते को छोड़कर आतंकवाद की यज़ीदी सोच यानी आतंक और वहशत को अपना लिया। जनरल ज़िया उल हक़ के दौर से लेकर आज तक पाकिस्तान ने सीमापार आतंकवाद को योजनाबद्ध तरीके से बढ़ावा दिया जा रहा है, मज़हबी संस्थाओं का दुरुपयोग कट्टरपंथ फैलाने में किया है और इस्लाम के पैग़ाम को हिंसा का औज़ार बनाकर पेश किया है।

हज़रत शाह यकीन अहमद हनफी दरगाह शैखुल आलम रूदौली शरीफ ने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है यही हमारी ताक़त भी है और पहचान भी! हमारी 'विविधता में एकता' ही वो नींव है जिस पर भारत मज़बूती से खड़ा है। देश मे जो भी मज़हब के नाम पर नफ़रत फैला रहा है वो आतंकवादीयों के मकसद को ताकत दे रहा है ऐसे हर प्रयास को नाकाम करना हर हिंदुस्तानी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। और भारत के प्रधानमंत्री और सभी प्रदेश के मुख्यमंत्री को ऐसे कृति करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाना चाहिए।

हज़रत जमीलुर्रहमान सूफी मौलाना शाह अब्दुल रहमान साहब सिधवी ने मुस्लिम युवाओं से अपील की कि वे किसी भी उकसावे या कट्टरपंथी सोच से दूर रहें और इस्लाम की उन शिक्षाओं को अपनाएं जो सब्र, इंसाफ़ और अमन की राह दिखाती हैं। और उन्होंने कहा कि बहराइच में हज़रत सैयद सलार मसूद गाज़ी की दरगाह पर होने वाले सालाना मेले प्रशासन द्वारा सुरक्षा का बहाना बनाकर रोकना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योकि यह लगभग 900 वर्ष पूर्व से उर्स होता चला आ रहा है जिसमें सभी सम्प्रदाय के लोग हिस्सा लेते है।

# फसल में आग लग जाने से एक लाख का नुकसान

■ पराली जलाने के चक्कर मे पड़ोसी किसान की जल गई गेहूं की फसल

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** विकास खंड जैतपुर के टिकरिया ने एक किसान ने अपनी पराली जलाने के लिए खेत मे आग लगा दी, जिससे आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की बढती लपटों ने पड़ोसी किसान की खेत में रखी फसल को चपेट में ले लिया, और किसान की फसल में आग लग गई, जिससे आस पास के किसान आग बुझाने में जुट गए। इसी बीच पीड़ित किसान ने दमकल विभाग को सूचना कर दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम फसल की आग बुझाने में जुट गई, लेकिन आग की लपटें फैल जाने के कारण दमकल विभाग की टीम को आग पर काबू पाने में एक घंटा लग जाने से तबतक फसल जल कर राख हो चुकी थी, किसान का करीब 22 कुतंल गेहूं जल कर राख हो जाने से किसान के सामने अब रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। खेती से साल भर के लिए अनाज का इंतजाम हो जाता था, साथ ही अन्य खर्चे भी होते थे, लेकिन पूरी फसल जल जाने से किसान का परिवार अब दाने दाने के लिए मोहताज हो गया है। पीड़ित किसान मानवेंद्र यादव का कहना है कि आग की लपटों ने पहले उसकी फसल को बर्बाद कर दिया, इसके बाद खेतों में पड़े पाइप,सिंचाई के लिए लगी मोटर भी जल कर राख हो गई। इस आग की घटना से किसान को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन की लाख मनाही के बाद भी किसान खेतों में पराली जलाने से बाज नही आ रहे है। पीड़ित किसान ने पराली में आग लगाने वाले किसान के खिलाफ थाना महोबकंठ में तहरीर दे दी हैं।

## डीएम, एसएसपी का किया स्वागत



**इटावा, अवधनामा संवाददाता।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को जनपद के नवागत जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव से मिल कर उनका स्वागत किया।इस मुलाकात के दौरान आईएमए के पदाधिकारियों ने मेडिकल प्रैक्टिस के दौरान डॉक्टरों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया और पुलिस और प्रशासनिक सहयोग को अपेक्षा की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डॉक्टरों के खिलाफ होने वाली घटनाओं के विषय में चर्चा की और इन पर प्रभावी लगाम लगाने की बात कही।आईएमए के पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को आश्वस्त किया कि आईएमए का पूरा सहयोग उनके साथ है।इस दौरान डॉ एम एम पालीवाल,आईएमए के अध्यक्ष डॉ डी के दुबे,डॉ संजीव यादव,डॉ एस सी गुप्ता,डॉ डी के सिंह,डॉ अमिताभ श्रीवास्तव,डॉ रामकांत रावत,डॉ कुंवर भरत और आईएमए के सचिव डॉ हिमांशु कुमार मौजूद रहे।

## तीर्थंकर नेमिनाथ धर्म पदयात्रा में विश्व शान्ति की कामनार्थ श्रावकों ने की शान्तिधारा



**ललितपुर।** अभिनंदनोदय तीर्थ से जैन धर्म के 22 वे तीर्थंकर नेमिनाथ की मोक्षस्थली गिरनार के संरक्षण संवर्धन को लेकर जैन संतों के आशीर्वाद एवं विश्व जैन संगठन के संयोजन में शुरू हुई नेमि गिरनार धर्म पदयात्रा का दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र गौशाला मसौरा में प्रभावना पूर्वक प्रवेश हुआ। गौशाला में स्थित श्रीमुनिसुव्रतनाथ दि.जैन मंदिर परिसर में गौशाला पदाधिकारियों के साथ श्रावकों ने विश्व शान्ति कीक कामनार्थ शान्तिधारा की जिसका वाचन प्रतिभा मण्डल की वहिनों द्वारा किया गया। विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जैन तीर्थो की रक्षार्थ आव्हान किया उन्होने कहा भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव 23 मार्च से विश्व जैन संगठन के संयोजन में प्रारम्भ हुई नेमि गिरनार यात्रा नगर -नगर गांव गांव होते हुए 2 जुलाई को भगवान नेमिनाथ के मोक्षकल्याणक पर गिरनार जी तीर्थ पर पहुंचेगी जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचकर भगवान नेमिनाथ की मोक्ष स्थली पर निर्वाण लाडू समर्पित करेंगे। जिसमें सम्मलित होने के लिए उन्होने श्रावकों का आव्हान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। तीर्थंकर नेमिनाथ धर्म पदयात्रा सायंकाल विरधा ग्राम पहुची जहां रात्रि विश्राम के उपरान्त 13 मई को पदयात्रा गौना के लिए रवाना होगी।

## कंटेनर ने ऑटो में पीछे से मारी टक्कर, चार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** बीती देरशाम सवारियां लेकर छिबरामऊ से गुरसहायगंज की ओर आ रहे थ्री व्हीलर में कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे थ्री व्हीलर में बैठी चार सवारियां गंभीर रुप से घायल हो गई। जिन्हें कोतवाली पुलिस द्वारा इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की रात करीब 11:45 बजे क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत जीटी रोड पर छिबरामऊ की ओर से आ रहे थ्री व्हीलर में तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। जिससे थ्री व्हीलर पर सवार सात लोगों में से मनोज पुत्र चंद्र मोहन निवासी ग्राम सिथौरा थाना हदगाव फतेहपुर, धर्मराज पुत्र राजपाल निवासी रामपुर लकड़ी थाना हुसैनगंज फतेहपुर, माया देवी पत्नी जयराम ग्राम इटेली थाना हदगाव फतेहपुर, सुरेंद्र पुत्र धुननी गांव बरगदिया पुरवा थाना थरियांव फतेहपुर घायल हो गये जिन्हें डायल 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी गुरसहायगंज भिजवा दिया गया है।

# पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण करने के दिए निर्देश



**महोबा, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई। जहां पर दूर दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जिससे फरियादियों को न्याय के लिए भटकना न पड़े। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक.एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत, समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने और कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त हुई शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। एसपी ने कोतवाली प्रभारियों और थानाध्यक्षों को फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई थाना स्तर पर किए जाने के भी निस्तारण करने के निर्देश दिए, जिससे दूर दराज के ग्रामीण अंचलों से जिला मुख्यालय आने वाले फरियादियों की समस्याओं का थाना स्तर पर ही सामाधान हो सके।

# वैन में आग लगने से दूल्हे के पिता समेत कई झुलसे

■ जिले के मुहारी गांव से वैन से बारात में जाते समय शार्ट सर्किट से लगी आग

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम मुहारी से कार में सवार होकर बारात में जाते समय अचानक शार्ट सर्किट से चार पहिया वाहन में आग लग गई, जिससे दूल्हा का पिता भाई सहित करीब आठ लोग गंभीर रुप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला लेकिन वाहन में फसे लोग आग के कारण सभी लोग बुरी तरह से झुलस गए थे, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां से घायलों की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

ग्राम मुहारी निवासी रामसेवक (50) अपने छोटे पुत्र कालीचरण के विवाह समारोह में शामिल होने वाले बारातियों को बस द्वारा मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के हरपालपुर थाना अंतर्गत रानीपुर कैमाहा निकालकर अंत में वैन द्वारा आठ लोगों के साथ वह भी चल दिया। सभी हंसी खुशी दुल्हन के घर जा रहे थे, लेकिन अचानक महोबकंठ के ग्राम तेईया के समीप वैन में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई और वैन चालक का संतुलन बिगड़ गया। कार बेकाबू होकर सड़क किनारे बनी खाई में गिरकर पलट गई और वाहन में आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घटना स्थल पहुंचकर आग की परवाह किए बिना फंसे लोगों को बचाने में लग गए। लेगों ने वैन में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला लेकिन आग के उग्र रुप धारण किए जाने के कारण दूल्हे के पिता रामसेवक (50) बड़ा भाई रमेश (28) सनी पासवान (17) जयहिंद (25) कैमरामैन विपिन राजपूत ;17) चालक जगत सिंह यादव (40) जगदेव (36) और मुन्ना पासवान (45) शामिल हैं। घटना की जानकारी पर उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद और सीओ हर्षिता गंगवार रात में ही अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रशासन ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। सभी घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज झांसी मेडिकल कॉलेज में जारी है।

# तालिबान ने अफगानिस्तान में शतरंज खेलने पर लगाया प्रतिबंध

**काबुल।** तालिबान ने धार्मिक कारणों से अफगानिस्तान में शतरंज पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस तरह के अजीबोगरीब वजह का हवाला देकर तालिबान ने मनोरंजन और खेल के विभिन्न रूपों का विरोध जारी रखा है। अफगानिस्तान के खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह निर्णय %धार्मिक विचारों% और तालिबान के सदाचार संवर्धन और वाइस की रोकथाम मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंधों के कारण लिया गया। इस फैसले से अफगानिस्तान में शतरंज से जुड़ी गतिविधियों पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लग गई है। तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय के अधिकारियों ने 11 मई को शतरंज गतिविधियों के निलंबन की पुष्टि करते हुए कहा कि धार्मिक चिंताओं के बारे में उपयुक्त प्रतिक्रिया मिलने तक देश में खेल पर प्रतिबंध लगा रहेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन मुद्दों को संबोधित किए बिना शतरंज से संबंधित किसी भी गतिविधि को फिर से शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान के सदाचार संवर्धन और

**पुष्टि**

**तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय के अधिकारियों ने 11 मई को शतरंज गतिविधियों के निलंबन की पुष्टि करते हुए कहा कि धार्मिक चिंताओं के बारे में उपयुक्त प्रतिक्रिया मिलने तक देश में खेल पर प्रतिबंध लगा रहेगा।**

वाइस रोकथाम मंत्रालय ने अफगानिस्तान शतरंज महासंघ को भी भंग कर दिया है, जिसमें इस्लामी कानून की व्याख्या के अनुसार खेल को हराम (निषिद्ध) करार दिया गया है। यह निर्णय तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से सांस्कृतिक, सामाजिक और खेल आयोजनों पर



लगाए गए प्रतिबंधों की बढ़ती प्रवृत्ति के बाद लिया गया है। प्रतिबंध के संबंध में तालिबान की घोषणा से पहले, कई शतरंज खिलाड़ियों और इससे जुड़े अधिकारियों ने कथित तौर पर तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय से अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए अनुमति और वित्तीय सहायता का अनुरोध किया था। हालांकि, तालिबान ने प्रतिबंध की घोषणा की, जिससे खेल खेलने के उनके प्रयासों को खारिज कर दिया गया।

खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कभी अफगानिस्तान में एक बौद्धिक खेल माने जाने वाले शतरंज ने हाल के वर्षों में पुनरुत्थान का आनंद लिया है, जिसमें राष्ट्रीय महासंघ तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय के तहत काम कर रहा है। इस्लामी कानूनी व्याख्याओं का हवाला देते हुए तालिबान के हालिया रुख ने अफगानिस्तान में सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों को प्रतिबंधित करने की उनकी व्यापक रणनीति का प्रदर्शन किया।

शतरंज खेलने पर प्रतिबंध अफगानिस्तान में स्वतंत्रता पर तालिबान के बढ़ते प्रतिबंधों को प्रदर्शित करता है। तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं पर कई प्रतिबंध भी लगाए हैं। यह देखा जाना बाकी है कि ये नीतियां कब तक चलेंगी या क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान पर अपने फैसलों को वापस लेने के लिए दबाव डाल पाएगा। इससे पहले फरवरी में तालिबान ने घोषणा की थी कि 22 मार्च से छात्रों को तालिबान द्वारा जारी नई यूनिफार्म पहननी होगी। नोटिस के मुताबिक, कक्षा एक से नौवीं तक के छात्रों को नीली शर्ट, पैंट और सफेद टोपी पहननी होगी। खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को सफेद शर्ट, पैंट और हेडस्कार्फ या पगड़ी पहननी होगी।

इससे पहले, तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने नौ-बिंदु डिक्री पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें कहा गया था कि सभी सार्वजनिक और निजी स्कूल यूनिफार्म में एक शर्ट, पैंट, पगड़ी और सफेद टोपी शामिल होगी। विधेयक में महिला शिक्षकों या छात्रों के लिए वर्दी के बारे में विवरण शामिल नहीं था। छात्राओं के लिए वर्दी का रंग काला है।

# ऐसांगफा ने भारोत्तोलन में रिकॉर्ड बनाया, महाराष्ट्र ने योगासन में पदक जीते

**पटना।** महाराष्ट्र को योगासन खेल में अपनी ताकत दिखाने में ज्यादा समय नहीं लगा। इसके एथलीटों ने लड़कों और लड़कियों की लयबद्ध जोड़ी स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों जीते।

असम की ऐसांगफा गोगोई ने रविवार को खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में लड़कियों के 55 किग्रा वर्ग की भारोत्तोलन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान कुल वजन का राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाया जबकि महाराष्ट्र, कर्नाटक और राजस्थान तालिका पर शीर्ष पर रहे। उन्होंने पिछले साल फिजी में मीना सांता द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड को 183 किग्रा तक पहुंचाया। असम के लिए छठा स्वर्ण पदक जीतकर ऐसांगफा ने राज्य को दो रजत और दो कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष 10 में जगह दिलाने में मदद की।

महाराष्ट्र को योगासन खेल में अपनी ताकत दिखाने में ज्यादा




समय नहीं लगा। इसके एथलीटों ने लड़कों और लड़कियों की लयबद्ध जोड़ी स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों जीते। यश खंडागले के 61 किग्रा भारोत्तोलन स्वर्ण पदक के योगदान ने अब तक स्वर्ण पदकों की सख्या 30 तक पहुंचाई। राज्य के नाम 24 रजत और 25 कांस्य पदक हैं।

कर्नाटक का दल राजस्थान से आगे दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि राजस्थान ने राजगीर के तलवारबाजी क्षेत्र में लड़कियों की कृपाण फाइनल में प्रकृति शर्मा के जरिए स्वर्ण पदक जीता। केवल शीर्ष तीन टीमों ने 10 या उससे अधिक स्वर्ण पदक जीते हैं। मध्य प्रदेश चौथे स्थान पर रहा।

# केनान-सबीरा का जलवा, शॉटगन विश्व कप में ट्रैप मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** तटस्थ एथलीटों ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, उन्होंने पांच में से दो स्वर्ण पदक जीते। चीन एक स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि स्पेन और इटली एक-एक स्वर्ण के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

ओलंपियन केनान चेनाई और सबीरा हारिस ने रविवार को संपन्न आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीता। केनान और सबीरा ने तीसरे स्थान के लिए तुर्की की जोड़ी टोलगा ट्यून्सर और पेलिन काया को 34-33 से हराया।

भारत ने इस तरह प्रतियोगिता में एक कांस्य पदक के साथ अपना सफर खत्म किया। चीन ने स्वर्ण जबकि पोलैंड ने इस स्पर्धा का रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन में 34 टीमों के बीच चौथे स्थान पर रही थी जिसमें प्रत्येक टीम के सदस्य द्वारा 75 शॉट दागे जाने के बाद 142 का स्कोर था।

इससे पहले शार्दुल विहान और कीर्ति गुप्ता की दूसरी भारतीय जोड़ी 137 अंक लेकर 17वें स्थान पर रही। चीन ने क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्वर्ण पदक के मैच में पोलैंड को 42-39 से हराया। तटस्थ एथलीटों ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, उन्होंने पांच में से दो स्वर्ण पदक जीते।

# प्रतिभाओं को मिला मंचः बरेली ताइक्कांडो स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

**बरेली।** बरेली ताइक्कांडो प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक दिवसीय प्रतियोगिता में करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें बरेली ताइक्कांडो स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा।

बरेली में अमर उजाला की ओर से रविवार को एक दिवसीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्मार्ट सिटी हॉल में किया गया। इसमें बरेली ताइक्कांडो स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। एएसआर अकादमी और स्पार्क ताइक्कांडो अकादमी क्रमवार दूसरे व तीसरे पायदान पर रहीं। सब जूनियर 10 से 12 साल, जूनियर, कैडेट 12 से 14 वर्ष और 14 से 17 वर्ष वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न अकादमी और स्कूलों के करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों ने अमर उजाला की पहल की सराहना की। भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रखने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि अमर उजाला की इस पहल के लिए मैं बधाई देता हूं। इससे

**आग्रह**

**खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों ने अमर उजाला की पहल की सराहना की। भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रखने का आग्रह किया।**

प्रतिभागियों को न सिर्फ आत्मबल मिलेगा, बल्कि वह अपनी सुरक्षा करने में भी सक्षम होंगे। खास तौर से लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए यह विधा बहुत जरूरी है। उन्होंने विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत दिया। रेफरी और कोच को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

**सब जूनियर बालक वर्ग**

अंडर 27 भार वर्ग में सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के वसीम रजा खान ने स्वर्ण, सोबतीस पब्लिक स्कूल के अदविक श्रीवास्तव ने रजत व



सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के रतन सिंह ने रजत पदक जीते।

अंडर 23 में बरेली ताइक्कांडो स्कूल के इंद्रजीत को स्वर्ण, सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के सौरभ राघव को रजत, राठौर अकादमी के अंकित सिंह व स्पार्क ताइक्कांडो अकादमी के अधिराज सिंह को कास्यं पदक मिले।

अंडर 25 में बरेली ताइक्कांडो स्कूल के रुद्र प्रताप को स्वर्ण, जिंगल बेल्स स्कूल के आरुद्ध गंगवार को रजत, ताइक्कांडो अकादमी के प्रियांश कुमार चंदन व इनफिनिटी ताइक्कांडो अकादमी के युवांश कुमार को कांस्य पदक मिले।

अंडर 29 में बरेली ताइक्कांडो स्कूल के अनुज कुमार को स्वर्ण, प्रशांत को रजत, जिंगल बेल्स के चित्रांश जिंगल व पद्मावती स्कूल के कड़ियांश को रजत पदक मिले।

अंडर 32 बरेली ताइक्कांडो स्कूल के क्षतिय कुमार को स्वर्ण, जीके सिटी के लक्ष्य कुमार को रजत, जीके सिटी के ही आर्यन सिंह व राठौड़ अकादमी के आरुष गंगवार को कांस्य पदक मिले।

अंडर 38 में सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के अक्षत प्रताप को स्वर्ण, स्पार्क अकादमी के शिवांश को रजत पदक मिले।

अंडर 41 में मोहम्मद साहब को स्वर्ण, अकबर खान को रजत व अनिल सागर अकादमी के आरव कुमार को कांस्य पदक मिले।

अंडर 44 में मोहम्मद साहब को स्वर्ण, सैक्रेड हाट्र्स के मानस गंगवार को रजत, रयान शब्स व विद्या ताइक्कांडो अकादमी के दक्ष पटेल को कांस्य पदक मिले।

अंडर 50 में सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के असद खान स्वर्ण, चंदन ताइक्कांडो अकादमी के ध्वज कुमार को रजत, जीके सिटी के आशुतोष शर्मा व राठौर अकदामी के अनिरुद्ध पाल को कांस्य पदक मिले।

## हरियाणा ने फिर लहराया कबड्डी में परचम

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के अंडर- 18 कबड्डी फाइनल में हरियाणा के लड़कों ने एक बार फिर अपने दमदार प्रदर्शन से खिताब अपने नाम किया। फाइनल में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 39-28 से मात देकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। कप्तान जय हिंद लाथर के नेतृत्व में खेले हरियाणा की टीम में रेडर प्रिंस दहिया, ईशांत और निखिल ने शानदार खेल दिखाया। जय हिंद ने कहा कि परदीप नरवाल और दीपक निवास हुड्डा जैसे प्रो कबड्डी सितारों से प्रेरणा लेकर वे देश के लिए पदक जीतने का सपना देख रहे हैं। हरियाणा ने ग्रुप मैचों में आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ को हराने के बाद, उन्होंने सेमीफाइनल में राजस्थान को करीबी मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई। महाराष्ट्र की भारोत्तोलक अस्मिता दत्तात्रय धोणे ने 49 किलो में दो यूथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण जीता 18 वर्षीय अस्मिता ने क्लीन एंड जर्क में 95 किग्रा और कुल 170 किग्रा वजन उठाकर अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़े।

# विष्णु मांचू की कन्नप्पा का अमेरिका में प्रचार शुरू, दिखाई गई सात मिनट की रील, फैंस उत्साहित

**मुंबई।** विष्णु मांचू की आगामी फिल्म कन्नप्पा का प्रमोशन अमेरिका दौरे से शुरू किया जा चुका है। इस



दौरान प्रशंसकों को फिल्म की सात मिनट की रील दिखाई दी, जिससे प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। तेलुगु अभिनेता और निर्माता विष्णु मांचू अपनी पौराणिक ड्रामा फिल्म कन्नप्पा को लेकर लगातार सुर्खियों में है। यह फिल्म 27 जून, 2025 को रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से पहले इसका प्रचार शुरू हो चुका है। इस फिल्म का प्रचार सबसे पहले अमेरिका से शुरू हुआ।

123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा को लेकर अमेरिका में प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। विष्णु ने अपनी इस खास फिल्म का प्रचार करने के लिए अमेरिका में चार दिन का दौरा किया। यह दौरा न्यूयॉर्क से शुरू होकर न्यू जर्सी, डलास और सैन फ्रांसिस्को तक गया। हर जगह प्रशंसकों को 7 मिनट की खास वीडियो दिखाई गई, जिसमें फिल्म के शानदार सीन और किरदारों की झलक थी। दर्शक इसे देखकर बहुत खुश हुए और तालियां बजाईं। सभी का मानना है कि यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी भक्ति फिल्मों में से एक होगी। विष्णु ने प्रशंसकों से खुलकर बात की, उनके सवालों के जवाब दिए। उनका व्यवहार फैंस को बहुत पसंद आया। उन्होंने तेलुगु मीडिया को भी फिल्म के बारे में बताया कि यह उनके लिए कितनी खास है। कन्नप्पा 27 जून, 2025 को रिलीज होगी। इस दौरे में विष्णु को बेहद प्यार मिला।

फिल्म कन्नप्पा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। मोहन बाबू द्वारा निर्मित यह एक फंतासी फिल्म है। यह फिल्म भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की कथा पर आधारित है। फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। विष्णु के अलावा फिल्म में मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम नजर आएंगे। इस फिल्म में मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार और काजल अग्रवाल की विशेष कैमियो भूमिकाएं भी शामिल हैं। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अवनीत ने टॉम क्रूज के साथ ली मास्टरक्लास, सोशल मीडिया पर शेयर की पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज की मास्टरक्लास में बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर शामिल हुईं, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक स्टोरी पोस्ट के जरिए दी है। अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। सबसे खास बात यह है कि वह लंदन में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टरक्लास का हिस्सा हैं और इसी पल को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर किया है। अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। वहां पर वह हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टक्लास अटेंड करने के लिए गई हैं। इसी एक्सपीरियंस को उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। पहली इंस्टाग्राम स्टोरी में टॉम क्रूज ब्लैक शर्ट-पेंट में हमेशा की तरह हैंडसम दिख रहे हैं। यहां पर सभी टॉम का जोश से स्वागत करते नजर आ रहे हैं और इसकी खुशी टॉम के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है। अवनीत ने इस स्टोरी पर टॉम की एक वीडियो क्लिप लगाई है और लिखा - फिर से.. टॉम क्रूज.. द औरा.. रिस्पेक्ट और प्यार..।

# लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग

**मुंबई।** लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में रविवार यानी 11 मई 2025 को दक्षिण भारतीय फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग हुई। इस स्क्रीनिंग से जुड़ी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है। इस तस्वीर पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्शन दिया है। एसएस राजामौली निर्देशित साउथ इंडियन फिल्म 'आरआरआर' साल 2022 में रिलीज हुई और देश-दुनिया में छा गई। विदेश दर्शक भी इस फिल्म के दीवाने हो गए। फिल्म आरआरआर के एक गाने नाटू नाटू को ऑस्कर अवार्ड भी मिला। इस फिल्म को गोल्डन ग्लोब जैसे इंटरनेशनल अवॉर्ड फंक्शन में काफी सराहा गया। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में की गई। इस स्क्रीनिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रही हैं, जिसे भारतीय दर्शक सराहा रहे हैं।

आरआरआर नाम के ऑफिशियल एक्स (ट्विटर)अकाउंट ने लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल से फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग की तस्वीर साझा की है। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'हिस्ट्री'। साथ ही वह टुगेदरआरआरआरएगेन और



रॉयल अल्बर्ट हॉल का हैशटैग भी लिखते हैं।' इस तस्वीर में फिल्म को देखने के बहुत लोग आए हैं, हॉल लोगों से खचाखच भरा है।

**स्क्रीनिंग के लिए फिल्म की स्टार कास्ट पहुंचीं**

इस स्क्रीनिंग में फिल्म 'आरआरआर' के सितारे जूनियर एनटीआर और राम चरण भी पहुंचे थे। साथ ही फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली भी इस इवेंट में शामिल हुए। फिल्म की सोशल मीडिया टीम ने कुछ दिन पहले इस बारे में पोस्ट की थी। जिसमें लिखा था, 'लंदन...हम आ रहे हैं!'

**यूजर्स ने दिए ये रिएक्शन**

'आरआरआर' फिल्म को स्क्रीनिंग में देखने के बाद कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन भी दिए। एक यूजर लिखता है, 'यह शानदार अनुभव था। इतने सारे लोगों के साथ फिल्म देखकर अच्छा लगा। राम चरण और जूनियर एनटीआर आए तो रॉयल अल्बर्ट हॉल में शोर गूंज उठा।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को थिएटर में दोबारा रिलीज करो, मैं इसे फिर से बड़े पर्दे पर देखना चाहता हूं।'

**कहानी ने जीता दर्शकों का दिल**

फिल्म 'आरआरआर' की कहानी की बात की जाए तो यह दो तेलुगू स्वतंत्रता सेनानियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम के जीवन पर बनी। फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर ने लीड रोल निभाए थे।

इस फिल्म में आलिया भट्ट, अजय देवगन और श्रेया सरन जैसे एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए। 'आरआरआर' का गना 'नाटू नाटू' को खूब पसंद किया गया। इस गाने को हिंदी में नाचो नाचो से सुना गया। गाने के हिंदी वर्जन को राहुल सिप्लिगुंज और विशाल मिश्रा ने गाया था।

# शाहरुख के प्रोडक्शन हाउस की कर्मचारी के परिवार को 62 लाख का मुआवजा, हाईकोर्ट ने दी मंजूरी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेता शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस की एक कर्मचारी के परिवार को दिए गए 62 लाख रुपये को बरकरार रखा। वह हिट-एंड-रन में घायल हो गई थीं, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेता शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस की एक कर्मचारी के परिवार को दिए गए 62 लाख रुपये को बरकरार रखा। वह हिट-एंड-रन में घायल हो गई थीं, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। पीठ ने न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती देने वाली चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सही मुआवजा मिलना मुश्किल है, लेकिन उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

**बरकरार**

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेता शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस की एक कर्मचारी के परिवार को दिए गए 62 लाख रुपये को बरकरार रखा।**

**क्या कहा पीठ ने?**

जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और अद्वैत सेठना की पीठ ने 9 मई को कहा कि उसे ट्रिब्यूनल द्वारा नवंबर 2020 में पारित आदेश में कोई अनियमितता नहीं मिली और पीठ ने इसे रद्द करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि मोटर वाहन



अधिनियम एक लाभकारी कानून है। अदालत अनुच्छेद 21 के तहत नागरिक को दिए गए मौलिक अधिकार की अनदेखी नहीं कर सकती, जिसमें सम्मान के साथ स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार शामिल है।

सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए, हाईकोर्ट ने कहा कि पैसा जान के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता, लेकिन मुआवजा देने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे पैसे से हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

**उचित मुआवजा मिलना चाहिए**

कोर्ट ने आगे कहा, 'सही मुआवजा मिलना मुश्किल है, लेकिन उचित मुआवजा आदर्श होना चाहिए।' अदालत ने कहा कि न्याय के उद्देश्य को पूरा करने के लिए कम से कम इतना तो किया ही जा सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की एनिमेटर चारू खंडाल के परिवार को 62 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

**'रा-वन' का हिस्सा थीं चारू**

शाहरुख खान की फिल्म 'रा-वन' में वीएफएक्स पर काम करने वाली चारू खंडाल की मृत्यु साल 2017 में हुई थी।

# सनी देओल ने बेटे राजवीर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं, चाचा बॉबी ने लगाया गले, किया विश

**मुंबई।** सनी देओल और बॉबी देओल ने राजवीर को आज जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं और साथ ही भावुक नोट भी लिखा है।

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल के बेटे राजवीर का आज जन्मदिन है। इस खास मौके पर सनी ने अपने बेटे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है और साथ ही राजवीर के चाचा बॉबी देओल ने भी लगे लगातार उन्हें जन्मदिश की बधाई दी है।

**राजवीर देओल का आज है जन्मदिन**

राजवीर आज अपना 31वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी खास मौके पर अपने पापा और बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और चाचा



बॉबी देओल ने इंस्टाग्राम पर बेहद ही शानदार तस्वीरों के साथ भावुक नोट शेयर किया है। राजवीर ने निर्देशक अवनीश बड़जात्या की फिल्म दोनों से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में राजवीर के अलावा पलोमा ढिल्लन और गरिमा अग्रवाल ने अभिनय किया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।

**सनी देओल का इंस्टाग्राम पोस्ट**

सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर दो शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राजवीर ब्लैक गॉगल में नजर आ रहे हैं और दूसरी तस्वीर में राजवीर अपने पिता सनी के साथ मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इन दोनों तस्वीरों के साथ सनी ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी बर्थ डे मेरे बेटे। इस पोस्ट को सबसे पहले बॉबी देओल ने लाइक किया।

# भारतीय सेना ने मारे 100 से अधिक आतंकी : पात्रा



**■ कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' ने अपने शत प्रतिशत लक्ष्यों को पूरा किया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल रहे आतंकवादियों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा देने और उनके सुरक्षित ठिकानों को तबाह करने का अपना वादा पूरा किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया था कि भारत आतंकवादियों को उनके घरों में घुसकर मारेगा और आतंकी ठिकानों को नष्ट कर देगा।


उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के फैसले और हमारे सशस्त्र बलों के अदम्य साहस ने आतंकी ठिकानों को जमींदोज कर दिया है। यह मोदी का वादा था।' पात्रा ने कहा कि छह-सात मई की रात शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने अपने शत प्रतिशत लक्ष्यों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत भारत ने जिस तरह की सैन्य और गैर-सैन्य कार्रवाई की है, वह अभूतपूर्व है और इसने आतंकवाद के खिलाफ उसके युद्ध में एक निर्णायक संदेश दिया है। पात्रा ने दावा किया कि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे इस्लामिक देशों ने भी इसका समर्थन किया है और पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखा दिया है कि पड़ोसी देश का कोई भी हिस्सा उसकी पहुंच से परे नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग द्वारा विदेश सचिव विक्रम मिसरी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह 'ट्रोल' किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी इस अभियान से जुड़े सभी लोगों का सम्मान करती है, चाहे वे सशस्त्र बल हों या नौकरशाह। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक साधन है, लेकिन यह देश के लिए अपनी कार्रवाई तय करने का आधार नहीं हो सकता। मिसरी को और उनके परिवार के सदस्यों को ट्रोल द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद उन्हें 'एक्स' पर अपना अकाउंट निजी बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। पात्रा ने कहा कि भारत गर्व के साथ कह सकता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने अपने लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया। उन्होंने सशस्त्र बलों की कार्रवाई के पीछे रही राष्ट्रीय एकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया, बल्कि पाकिस्तानी प्रतिक्रिया के जवाब में की गई उसकी कार्रवाई में पड़ोसी देश के 11 एयरबेस नष्ट किए गए। उन्होंने दावा किया कि इनमें से एक हवाई अड्डे पर हुए हमले में 50 से अधिक पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी देश ने परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के एयर बेस को नष्ट किया है।

## उरी: 17 स्थान, 20 बम... निष्क्रिय करने के बाद लोगों को घर लौटने की दी अनुमति

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले के उरी सेक्टर के छह सीमावर्ती गांवों के निवासियों को हाल ही में सीमा पार से हुई गोलाबारी के बाद बिना फटे गोले के सफलता पूवर्क निष्क्रिय करने के बाद सोमवार को अपने घरों को लौटने की अनुमति दी। पुलिस ने कहा कि उन्हें जिले में 17 स्थानों पर कम से कम 20 बिना फटे गोले मिलने की रिपोर्ट मिली थी।

पुलिस ने बताया कि उरी सेक्टर के छह गांवों कमलकोट, मधान, गौहलान, सलामाबाद (बिजहामा), गंगरहिल और गवाल्टा में सात बिना फटे गोले पाए गए और उन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया। जिला प्रशासन ने अभियान के बाद इन छह गांवों से अन्यत्र भेजे गए लोगों को घर लौटने की हरी झंडी दे दी। उन्होंने कहा कि इन गांवों में अभी भी अन्य बिना फटे गोले हो सकते हैं, जिनकी सूचना सुरक्षा बलों को नहीं दी गई है या वे उनके ध्यान में नहीं आए हैं। पुलिस ने कहा, ये बिना फटे गोले जान-माल के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

# पहलगाम हमले की जवाबदेही तय होनी चाहिए : भूपेश बघेल



**नई दिल्ली (यूएनआई)।** कांग्रेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका की ''मध्यस्थता'' को लेकर सोमवार को एक बार फिर सवाल खड़े किए और कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि क्या उसने द्विपक्षीय मामले में तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार कर लिया है? पार्टी महासचिव भूपेश बघेल ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार एवं प्रशासन के स्तर पर जवाबदेही तय करने की मांग भी की तथा सवाल किया कि क्या गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा देंगे? उन्होंने कहा कि सरकार को पूरे घटनाक्रम पर सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाकर स्थिति साफ करनी चाहिए तथा सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवश्य शामिल होना चाहिए।

बघेल ने कहा, ''पहलगाम आतंकी हमले के बाद हमारी वीर सेना ने संकल्प और साहस के साथ दुश्मनों को जिस तरह से मुंहतोड़ जवाब दिया, वह पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का पल था। हमारे जवानों ने अनेक युद्धों में भारत की अखंडता की रक्षा की। 1971 के बाद इंदिरा गांधी ने दुनिया को दिखा दिया था कि भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। आज भी हमारी सेना उसी जज़्बे के साथ सीमा पर डटी हुई है। कांग्रेस पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।' उन्होंने कहा, ''जब भी देश पर संकट आया, कांग्रेस पार्टी ने राजनीति को पीछे रखा और देशहित को प्रथम स्थान दिया। 1965 में लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर देश को एक सूत्र में बांधा। 1971 में इंदिरा गांधी ने अमेरिका के दबाव को ठुकराकर पाकिस्तान को धूल चटा दी।'' बघेल ने कहा, ''आज भी हमारा वही संकल्प है। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में राजनीति नहीं, राष्ट्रवाद चाहिए। हमने उनसे सीखा है कि दुश्मन के साथ बातचीत की मेज पर बैठें तो कमजोरी नहीं, ताकत दिखाएं।'' उन्होंने कहा, ''इस संकट की घड़ी में कांग्रेस ने अपने राजनीतिक कार्यक्रम रद्द किए। 'संविधान बचाओ रैली' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम को स्थगित किया गया ताकि देश में एकजुटता का संदेश जाए। हमने 'जय हिंद यात्रा' निकाली ताकि सेना का मनोबल बढ़े और जनता आतंकवाद के ख़िलाफ़ एकजुट हो।

# दिल्ली की तिहाड़ जेल में अचानक बढ़ी सुरक्षा

**■ हाई-प्रोफाइल आरोपियों पर सीसीटीवी से रखी जा रही पैनी नजर**

**नई दिल्ली।** सुरक्षा की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर तिहाड़ जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सूत्रों की ओर से सोमवार को जेल के यह जानकारी में बताया कि उच्च जोखिम वाले, खासकर उन वार्ड पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां गैंगस्टर और आतंकवाद के आरोपी हैं। विस्तृत उपायों के तहत बहुस्तरीय सुरक्षा जांच, अतिरिक्त सीसीटीवी कवरेज और सख्त निगरानी प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। 'हाल के घटनाक्रमों ने पूर्ण सुरक्षा जांच को बढ़ावा दिया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जा रही है और गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले कैदियों पर चौबीसों घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है।'

तहव्वुर राणा, छोटा राजन और नीरज बवाना जैसे हाई-प्रोफाइल गैंगस्टर और आतंकवाद के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद हैं। तिहाड़ भारत के सबसे बड़े जेल परिसरों में से एक है। जेल के अंदर से अनधिकृत संचार रोकने के लिए मोबाइल सिग्नल जैमर का परीक्षण और उन्नयन किया जा रहा है। औचक जांच भी बढ़ा दी गई है। हम जेल के मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील बैरकों में प्रतिदिन कम से कम तीन बार आकस्मिक जांच कर रहे हैं।' रात के समय जेल कर्मचारियों की तैनाती बढ़ा दी गई है और परिसर के भीतर कैदियों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, जेल के भीतर खुफिया नेटवर्क सक्रिय कर दिया गया है और मुखबिरों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का काम सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ प्रशासन और बाहरी कानून लागू करने वाली एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ा दिया गया है।

# युद्ध कोई रोमांटिक हिंदी फिल्म नहीं

## सीजफायर की अलोचना करने वालों पर भड़के पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे



**पुणे।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के फैसले पर उठ रहे सवालों की आलोचना करते हुए कहा कि ''युद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म है। उन्होंने रविवार को पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आदेश मिले तो वह युद्ध के लिए तैयार रहते, लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता हमेशा कूटनीति रहेगी।

नरवणे ने कहा कि जब रात में गोले गिरते हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, खासतौर पर बच्चों को शरण स्थलों की ओर भागना पड़ता है, तो वह अनुभव उनके मन में गहरी वेदना छोड़ता है। उन्होंने कहा, ''जिन्होंने अपने परिजन खोए हैं, उनके लिए वह दर्द पीढ़ियों तक बना रहता है। इसे पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) कहते हैं। जो लोग ऐसे भयानक दृश्य देखते हैं, वे 20 साल बाद भी पसीने में भीगकर उठते हैं और उन्हें मनोचिकित्सकीय मदद की जरूरत पड़ती है। यह कार्यक्रम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा आयोजित किया गया था। नरवणे ने कहा, युद्ध कोई रोमांटिक बात नहीं है। यह आपकी कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं है। यह एक गंभीर विषय है। युद्ध या हिंसा अंतिम विकल्प होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। भले ही अविवेकी लोग हम पर युद्ध थोपें, हमें उसका स्वागत नहीं करना चाहिए।÷ उन्होंने कहा, ÷फिर भी लोग पूछ रहे हैं कि हमने अब तक पूरी ताकत से युद्ध क्यों नहीं किया। एक सैनिक के रूप में यदि आदेश दिया जाए तो मैं युद्ध में जाऊंगा, लेकिन वह मेरी पहली पसंद नहीं होगी। जनरल नरवणे ने कहा कि उनका पहला विकल्प कूटनीति होगा, संवाद के माध्यम से मतभेदों को सुलझाना और सशस्त्र संघर्ष की नौबत न आने देना होगा। उन्होंने कहा, हम सभी राष्ट्रीय सुरक्षा के समान हिस्सेदार हैं। हमें सिर्फ देशों के बीच ही नहीं, बल्कि अपने बीच, अपने परिवारों, राज्यों, क्षेत्रों और समुदायों के बीच भी मतभेदों को संवाद से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। भारत ने छह और सात मई की दरमियानी रात 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया था।

### भारत-पाक के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को वार्ता की। जानकारी के मुताबिक, दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने 10 मई को संघर्ष विराम पर बनी आपसी सहमति पर चर्चा की। इसमें सीमा पार गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनी थी। यह बातचीत हॉटलाइन पर दोपहर 12 बजे तय थी, लेकिन यह शाम 5 बजे शुरू हुई। बातचीत के अंतिम परिणाम अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। आतंकवादियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इस हमले के तार पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और पाकिस्तानी सेना से जुड़ते हुए मिले। मृतकों में अधिकांश पर्यटक शामिल थे।

# संगीत, नृत्य और साहित्य जीवन के अभिन्न अंग : दीपक सिन्हा



**अवधनामा संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑरवेल इंग्लिश इंस्टिट्यूट के निदेशक एवं विश्वगुरु भारत मिशन के संचालक दीपक सिन्हा ने दिल्ली स्थित समालखा में नवरंग संस्था की एक नई शाखा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने नृत्य, संगीत, ललित कला और साहित्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि ये सभी विधाएं किसी भी समाज की आत्मा होती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को इन कलाओं के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

श्री सिन्हा ने आयोजन की सफलता के लिए संस्था के आयोजकों आदर्श झा, अमान और मोहम्मद निजामुद्दीन को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवरंग की यह शाखा उभरती प्रतिभाओं को एक नया मंच प्रदान करेगी। कार्यक्रम में कैप्टन अनुराग सहित आलोक शुक्ला एवं नूरुद्दीन ने भी विशेष रूप से भाग लिया। वक्ताओं ने नृत्य और संगीत को प्राकृतिक शिक्षा का एक अनूठा रूप बताया और कहा कि ये जीवन को संजीवनी शक्ति देते हैं। उनके अनुसार, कला जीवन की बहुमूल्य धरोहर है जिसे संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

# गाजा में अकाल का खतरा, पांच लाख फलस्तीनी भुखमरी की कगार पर

**आईपीसी रिपोर्ट में हुआ खुलासा**



**तेल अवीव।** खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने सोमवार को कहा कि अगर इजराइल ने अपनी नाकेबंदी नहीं हटाई और अपना सैन्य अभियान बंद नहीं किया तो गाजा पट्टी में अकाल का खतरा बढ़ सकता है। भूख संकट की गंभीरता पर एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्राधिकरण, 'इंटिग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन' के निष्कर्षों के अनुसार, जब तक परिस्थितियां नहीं बदलतीं, तब तक अकाल की संभावना सबसे अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग पांच लाख फलस्तीनी नागरिक भुखमरी के 'विनाशकारी' कगार पर खड़े हैं, जबकि अन्य 10 लाख लोग 'आपातकालीन' स्थिति से गुजर रहे हैं। इजराइल ने पिछले 10 हफ्तों से फलस्तीनी क्षेत्र में किसी भी तरह के भोजन, आश्रय, दवा या अन्य सामान के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि वह हवाई हमले और जमीनी अभियान चला रहा है।

गाजा की लगभग 23 लाख की आबादी जीवित रहने के लिए लगभग पूरी तरह से बाहरी सहायता पर निर्भर है, क्योंकि इजराइल के 19 महीने से जारी सैन्य अभियान ने गाजा के अंदर खाद्य उत्पादन की अधिकांश क्षमता को खत्म कर दिया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने आईपीसी रिपोर्ट पर टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। सेना ने कहा है कि दो महीने के युद्धविराम के दौरान गाजा में पर्याप्त सहायता पहुंची, जिसे इजराइल ने मार्च के मध्य में अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करके तोड़ दिया था। इजराइल का कहना है कि नाकेबंदी का उद्देश्य हमास पर उन बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव डालना है, जिन्हें उसने अब भी बंधक बना रखा है।

# चुनाव आयोग को अंतरिम सरकार की औपचारिक अधिसूचना का इंतजार



**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव आयोग अवामी लीग की मान्यता रद्द करने के लिए सरकारी अधिसूचना का इंतजार कर रहा है। इससे पहले, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। बांग्लादेश के चुनाव आयोग (ईसी) कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के पंजीकरण को रद्द करने पर फैसला लेने से पहले सरकार की अधिसूचना का इंतजार कर रहा रहा है। यह कदम तब उठाया जा रहा है, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ए.एम.एम. नासिर उद्दीन ने पत्रकारों से कहा, अगर सरकारी अधिसूचना सोमवार को प्रकाशित होती है, तो हम बैठक कर अवामी लीग की मान्यता के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। बांग्लादेश के कानून के अनुसार, अगर चुनाव आयोग अवामी लीग का पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है, तो यह पार्टी आगामी आम चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। अगले आम चुनाव दिसंबर 2025 से जून 2026 के बीच होने की संभावना है। यूनुस के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना अगले कार्यदिवस (सोमवार) को जारी की जाएगी। बयान में कहा गया, यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में अवामी लीग और उसके नेताओं पर मुकदमा पूरा नहीं हो जाता।

# परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरान

## ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का अमेरिका को दो टूक



**■ परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान का रुख साफ, ईरान पर अमेरिका का सख्त रुख**

**दोहा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता से पहले एक कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका का मकसद परमाणु अधिकार छीनना है, तो ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद के बीच अपना रुख पूरी तरह से साफ कर दिया है। उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर अमेरिका का मकसद ईरान को उसके परमाणु अधिकारों से वंचित करना है, तो ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा। बता दें कि यह बयान उन्होंने कतर की राजधानी दोहा में दिया, जहां ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली अगली परमाणु वार्ता से एक दिन पहले वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। अराघची ने साफ कहा कि अगर बातचीत का उद्देश्य ईरान के परमाणु अधिकार छीनना है, तो हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे। अमेरिका और इस्राइल परमाणु समझौते को लेकर लगातार ईरान को धमकी देता रहा है। हालांकि ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण और नागरिक उद्देश्यों के लिए है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसको लेकर अराघची ने कहा कि हम अमेरिका से सीधी बातचीत नहीं कर रहे हैं, लेकिन अपने अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। अगर बातचीत का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, तो समझौता संभव है। लेकिन अगर हमारा अधिकार छीनने की कोशिश हुई, तो हम कभी नहीं मानेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान के नवाचार केंद्रों को पूरी तरह खत्म करना होगा, तभी कोई समझौता संभव है। गौरतलब है कि ट्रंप ने अमेरिका को 2015 में हुए परमाणु समझौते से अलग कर लिया था और धमकी दी थी कि अगर नया समझौता नहीं हुआ, तो ईरान पर सैन्य हमला किया जा सकता है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद के कारण पर प्रकाश डाले तो अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन बंद करे, क्योंकि उसे शक है कि इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है।

# पोप ने जेलों में बंद पत्रकारों की रिहाई की अपील की

**स्वतंत्र भाषण और प्रेस अनमोल उपहार**



**वेटिकन सिटी।** पोप लियो चौहदवें ने सोमवार को जेल में बंद पत्रकारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की और ''स्वतंत्र भाषण और प्रेस के अनमोल उपहार'' को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने 6,000 पत्रकारों के साथ बात की जो प्रथम अमेरिकी पोप के रूप में उनके चुनाव की रिपोर्टिंग करने रोम आए थे। लियो ने आम जनता के प्रतिनिधियों के साथ अपनी पहली बैठक के लिए जैसे ही वेटिकन सभागार में प्रवेश किया, वहां मौजूद लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। पिछले सप्ताह 24 घंटे के सम्मेलन में चुने गए 69 वर्षीय ऑगस्टीनियन मिशनरी ने पत्रकारों से शब्दों का प्रयोग शांति के लिए करने, युद्ध को अस्वीकार करने तथा हाशिये पर रह रहे लोगों की आवाज बनने का आह्वान किया। पोप ने दुनिया भर के उन पत्रकारों के साथ एकजुटता प्रकट की जिन्हें सच्चाई की तह तक जाने और उसे उजागर करने की कोशिश के लिए सलाखों के पीछे डाल दिया गया है। उन्होंने वहां मौजूद संवाददाताओं की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पत्रकारों की रिहाई की अपील की। उन्होंने कहा, ''चर्च उन लोगों के साहस को मान्यता देता है। मैं उन लोगों के बारे में सोच रहा हूं जो अपने जीवन की कीमत पर भी युद्ध में रिपोर्टिंग करते हैं - जो सम्मान, न्याय और लोगों के सूचना के अधिकार की रक्षा करते हैं, क्योंकि केवल सूचित व्यक्ति ही स्वतंत्र चुनाव कर सकते हैं।'' पोप ने कहा, 'कारागार में बंद इन पत्रकारों की पीड़ा राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अंतरात्मा को चुनौती देती है।

# मध्य म्यांमार के स्कूल पर सेना की बमबारी

## दो शिक्षकों और 20 छात्रों की मौत, कई घायल, सरकारी मीडिया ने हवाई हमले पर कोई जानकारी नहीं दी



**बैंकॉक।** म्यांमार की सेना ने सोमवार की सुबह देश के मध्य सगाइंग क्षेत्र में एक गांव पर हवाई हमला किया। इसमें एक स्कूल को निशाना बनाया गया। हमले में करीब 20 छात्र और दो शिक्षक मारे गए, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं। एक प्रतिद्वंद्वी समूह, एक राहतकर्मी और स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि हमला आज सुबह टाउनशिप (जिसे देपायिन भी कहते हैं) के ओहे ट्विन गांव में उस समय हुआ, जब स्कूल में कक्षा एक से लेकर हाई स्कूल तक के छात्र पढ़ाई कर रहे थे। सैन्य सरकार और सरकारी मीडिया ने हवाई हमले पर कोई जानकारी नहीं दी है। फरवरी 2021 में आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार से सत्ता छीनने के बाद सेना ने देशभर में जनता की बढ़ती विद्रोही गतिविधियों को दबाने के लिए हवाई हमलों को तेज कर दिया है। गैर-सरकारी संगठनों की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, तबसे अब तक 6,600 से ज्यादा आम लोग मारे जा चुके हैं।

प्रतिद्वंद्वी व्हाइट देपायिन पीपुल्स डिफेंस फोर्स के एक सदस्य ने बताया कि सुबह 9 बजे के बाद एक लड़ाकू विमान ने स्कूल पर सीधा बम गिराया। यह स्कूल लोकतंत्र समर्थक विद्रोहियों की ओर संचालित किया जा रहा था। चश्मदीद ने बताया कि करीब 50 अन्य लोग घायल हुए और पास के तीन मकान भी क्षतिग्रस्त हुए। उन्होंने यह भी बताया कि इलाके में हाल के दिनों में कोई लड़ाई नहीं हुई थी। सगाइंग क्षेत्र सशस्त्र विद्रोह का गढ़ माना जाता है।

विपक्षी राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) के प्रवक्ता ने फोन लट ने एसोसिएटेट प्रेस को बताया कि उन्हें भी उतने ही मौतों और घायलों की सूचना मिली है और आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने म्यांमार की सेना पर जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मठों, शरणार्थी शिविरों, स्कूलों और अस्पतालों पर इस बहाने बम गिराए जाते हैं कि वहां विद्रोही छिपे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। सेना का मकसद जनता के विरोध को दबाना है। म्यांमार के स्वतंत्र मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की संख्या 17 से लेकर 22 तक है। विस्थापितों की मदद कर रहे एक स्वयंसेवक ने कहा कि 12 छात्रों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 30 से 50 लोग घायल हैं।

सगाइंग क्षेत्र भारत की सीमा के पास है। यह लंबे समय से सैन्य सरकार के विरोधियों का ठिकाना रहा है। म्यांमार की सेना वहां पर स्थानीय लोकतंत्र समर्थक पीपुल्स डिफेंस फोर्स के खिलाफ हवाई हमले तेज कर चुकी है और विद्रोही समूहों के पास ऐसे हमलों से बचने का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। सितंबर 2022 में भी इसी इलाके के लेट येट कोन गांव में स्कूल पर हेलिकॉप्टर से हमला किया गया था, जिसमें 13 लोग मारे गए थे, जिनमें 7 बच्चे शामिल थे। अप्रैल 2023 में एक और हवाई हमले में 160 लोगों की मौत हुई थी।

# फार्मा कंपनियों को लगा तगड़ा झटका

**■ राष्ट्रपति ट्रंप के इस एलान से भारत पर पड़ेगा दबाव**



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दवाओं की कीमतों में 30-80% की कटौती करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने की योजना से वैश्विक स्तर पर कीमतों में समायोजन हो सकता है। आर्थिक शोध संस्थान GTRI ने यह आशंका जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे में दवा कंपनियां भारत जैसे कम कीमत वाले देशों पर दाम बढ़ाने के लिए दबाव डाल सकती हैं।

अमेरिका के इस कदम से भारत जैसे कम कीमत वाले देशों में दवाओं के दाम बढ़ सकते हैं, क्योंकि कंपनियां इन देशों से नुकसान और शोध एवं विकास लागत की वसूली करना चाहेंगी। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने सोमवार को कहा, ''इससे वैश्विक स्तर पर कीमतों का फिर से मूल्यांकन होने की आशंका है, क्योंकि दवा कंपनियां व्यापार वार्ता के जरिये पेटेंट कानूनों को कड़ा करके भारत जैसे किफायती बाजारों पर कीमतें बढ़ाने के लिए दबाव बना रही हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप की मूल्य निर्धारण नीति एक चेतावनी होनी चाहिए, क्योंकि दवा कंपनियों को पश्चिम में सख्त मूल्य नियंत्रण का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वे भारत जैसे बाजारों में कीमतें बढ़ाने की कोशिश करेंगी।

# सड़क कटान पर भड़के मंत्री गिरीश चंद्र यादव

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर विकास से संबंधित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर पालिका, डूडा, जल निगम, पर्यटन विभाग, एसटीपी, सीवरेज, लोक निर्माण विभाग, गैस पाइपलाइन तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जल निगम द्वारा बनाई जा रही सड़कों की स्थिति पर विशेष समीक्षा की गई। राज्यमंत्री ने अधीक्षण अभियंता जल निगम शहरी सचिन सिंह से घरों के पाइप कनेक्शन की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जल निगम कार्यों के पूर्ण होने के बाद ही अन्य विभाग सड़कों का निर्माण करें, ताकि बार-बार सड़कें न खोदी जाएं। उन्होंने शकरमंडी क्षेत्र में नवनिर्मित सड़क के दोबारा खोदे जाने पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि बिना अनुमति कोई भी सड़क न खोदी जाए। इस समस्या के समाधान हेतु एक समेकित योजना बनाने के निर्देश दिए गए।

राज्यमंत्री ने इंडियन ऑयल कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि जनपद में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति (प्रेजेंटेशन) दी जाए। उन्होंने मियापुर, हुसैनाबाद, रामनगर भडसरा और मतापुर की सड़कों के निर्माण प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश डूडा प्रभारी अधिकारी को दिए। माँ शीतला चौकिया धाम के सुंदरीकरण कार्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने के बाद मंदिर की प्रतिष्ठा और पर्यटकों की संख्या दोनों में वृद्धि होगी। परियोजना से संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिस पर मंत्री ने रिवाइज एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि राज्यमंत्री द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर उन्हें अवगत कराया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## साइबर फ्राड का 23,584 रूपये वापस कराया गया

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली पूर्व की घटना आवेदक नीलाम्बुज गुप्ता पुत्र शिव गौरी शंकर गुप्ता निवासी कोलबाजबहादुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ के साथ 53673 रूपये का साइबर फ्राड हुआ था जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा छब्त्च् पोर्टल पर 33108 240101529 पंजीकृत किया गया था। 3310824010 1529 के आधार पर आवेदक उपरोक्त का 36584 रूपये होल्ड कराया गया था। जिसके संबंध में 05.09.2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 490,24 धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसके आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुये 23,584 रूपये न्यायालय से कोर्ट आर्डर बनवाकर आवेदक के पैसे को वापस कराया गया।

# मोहल्ले में मंदिर के सामने खुली देशी शराब का ठेका का नागरिकों ने किया विरोध

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** गुलामी का पुरा मोहल्ले में डीह बाबा के मंदिर के ठीक सामने खुले देशी शराब के दुकान को बंद करवाने तथा इसे कहीं और स्थांतरित करने हेतु मोहल्ले वासियों ने आज फिर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाएं और पुरुषों ने देशी शराब के दुकान के सामने आकर शराब दुकान को बंद करने की मांग की नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से मांग की कि पूर्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को ज्ञापन दिया था परन्तु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर प्रशासन इस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं करता है तो हम सभी और उग्र धरना प्रदर्शन करेंगे। मंदिर के सामने वो भी तीस मीटर के दायरे में देशी शराब का ठेका खोलना अनुचित है। मंदिर में रोजाना अनेकों महिलाएं बच्चे परिवार के लोग पूजा पाठ करने आती हैं और जबसे यहां दुकान खुला है शराबियों का उत्पाद बढ़ गया है। लोग शराब पीकर मंदिर में आकर सोने बैठने लगे हैं जो ठीक नहीं है। सभी लोगों ने प्रशासन से यहां पर खुले देशी शराब के ठेके को तत्काल बंद करने तथा उसे कहीं और स्थांतरित करने का पुरजोर मांग किया। प्रदर्शन करने वालों में हरिलाल सोनकर, मन्तराज यादव, कैलाश गौड़, पूर्व सभासद प्रेमा चौहान, वर्तमान सभासद उषा गुप्ता, के साथ सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल रहें।

# देश को भगवान बुद्ध के पंचशील मार्ग पर चलने की आवश्यकता



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के दिशा निर्देशन में पूरे प्रदेश के क्रम में जनपद जौनपुर में भी समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती समारोह पूर्वक जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य के अध्यक्षता में मनाई गई।इस अवसर पर उपस्थित पार्टी जनों ने भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का पुनः संकल्प लिया। तत्पश्चात गोष्ठी आयोजित कर उनके आदर्शों एवं विचारों को याद किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि आज भी भगवान गौतम बुद्ध जी की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। उनके विचारों पर चलकर जहां दुनिया के कई देश विकसित हो गए वहीं हमारे देश ने उनके विचारों को पूर्णता आत्मसात नहीं किया।उन्होंने कहा कि आज देश उनके त्रिकाल और पंचशील विचार मुख्यत जीवों की हत्या से दूर रहना, चोरी से दूर रहना, यौन दुराचार से दूर रहना, मिथ्या भाषण से दूर रहना, और मन को अशांत करने वाले नशीले पदार्थो से दूर रहना, अपने जीवन में उतार ले तो सफल व्यक्ति, सफल समाज और सफल देश का निर्माण कर सकता है।

हमें आज भगवान बुद्ध जी की जयंती पर यही संकल्प लेना चाहिए।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने महापुरुषों की जन्म तिथि एवं पुण्यतिथि मनाने का निर्देश दिया जिससे हमें अपने महापुरुषों एवं आराध्य, भगवानों के विषय में पढ़ने एवं जानने का अवसर मिला।

## बुजुर्ग महिला को पुलिस ने 02 घण्टे के अन्दर सकुशल किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** थाना सुरेरी पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास से घर से नाराज होकर जाने बुजुर्ग महिला को 02 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा गुमशुदा की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान मुस्कान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सुरेरी के कुशल नेतृत्व में व0उ0नि0 भगवान यादव की अथक प्रयास से शिकायतकर्ता सन्तोष कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी सरायडीह थाना सुरेरी जनपद जौनपुर द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र पर थाना हाजा के रो0आ0 रपट नं0-29 समय-12.30 सोमवार को पिड़िता सुशीला देवी पत्नी छोटेलाल निवासिनी सरायडीह थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र करीब 62 वर्ष की गुमशुदगी की जाँच में अथक परिश्रम से 2 घण्टे के अन्दर सुशील देवी पत्नी छोटेलाल निवासी सरायडीह थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र करीब 62 वर्ष को मडियाहूँ क्रांसिग से पहले जलालपुर तिराहे के पास से समय करीब 01.30 बजे बरामद कर आवेदक संतोष कुमार कन्नौजिया को सुपुर्द किया गया।

# पाकिस्तान पर भारत के हमले का किया समर्थन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आज दुर्गा शक्ति सेवा द्वारा बोल्ड डांस एकेडमी में पाकिस्तान पर भारत के हमले का समर्थन करते हुए भारत के वीर जवान व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। जिसमें उपस्थित लोगों ने जय जवान जय किसान भारत माता की जय के उद्घोष किया लगाए। इसी क्रम में दुर्गा शक्ति सेवा ने ग्रूमिंग की गई। परंतु भारत - पाक के बीच चल रहे विवाद को लेके ये ऑडिशन 9 मई को स्थगित कर दिया गया था। अब इस 17 मई को इसकी नवीन तिथि निर्धारित की गई है। जनपद के युवाओं से जो फील्ड में रुचि रखते हैं उनसे अपील की इसमें अधिक से अधिक लोगों उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्णन करें और प्रतिभा करें। ग्रूमिंग के दौरान पूजा सिंह मिसेज इंडिया आइकॉन 2024 ने एक प्रेस कांफ्रेंस रखी जिसमें उन्होंने भारत की आर्मी को बहुत प्रोत्साहित किया एवं देश के प्रति उनके बलिदान की सराहना भी की साथ ही महिला स्वशक्ति करण को सलामी देने वाली कोलोनेल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर भूमिका सिंह के वीरता को सलाम किया। साथ ही इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि 1971 की इमरजेंसी की भी सराहना की और कहा की हम सभी देश के साथ हैं हर स्तिथि मैं कहा तथा प्रशासन को भी उनके निर्णय के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में दर्जनों प्रतिभागियों उपस्थित रहे।

## आउटसोर्स कर्मचारियों ने नगर निगम में किया 1.44 करोड़ का घोटाला

**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम के दो जोनों से 1.44 करोड़ रुपये के गबन का मामला प्रकाश में आया है। यह घोटाला न केवल निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आउटसोर्सिंग व्यवस्था की पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की पोल भी खोलता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के जोन-3 और जोन 7 में कार्यरत दो आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश श्रीवास्तव (जोन-3) और सत्यम शुक्ला (जोन-7) पर आरोप है कि इन्होंने गृहकर के नाम पर जनता से धनराशि वसूली, रसीदें काटीं, लेकिन वह राशि निगम के खजाने तक पहुंची ही नहीं। इस गबन को लेकर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी. के. द्विवेदी द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि जोन 3 के आकाश श्रीवास्तव की आईडी से काटी गई 88 रसीदों में18,08,661 की राशि निगम कोष में नहीं जमा की गई। वहीं जोन 7 के सत्यम शुक्ला की आईडी से 387 गृहकर रसीदें जारी की गई, जिनकी राशि 1,26,05,368 थी जो गायब है। इस मामले ने नगर निगमों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की भूमिका और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीयू की छात्रा श्रेया सिंह का यूपीसीएसटी समर इंटर्नशिप में चयन



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रतिभावान छात्रा श्रेया सिंह का चयन उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (U.P. C.S.T.) द्वारा आयोजित समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के तहत श्रेया को आईआईटी, आईआईएसईआर, सीएसआईआर अथवा देश के अन्य प्रतिष्ठित विज्ञान शोध संस्थानों में कार्य का अवसर प्राप्त होगा।यह चयन श्रेया की वैज्ञानिक प्रतिभा, परिश्रम और अकादमिक उत्कृष्टता का परिचायक है। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष एवं बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर राजेश शर्मा, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने श्रेया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य छात्रों को भी अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगी। यह सफलता पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### लोक गायन कार्यशाला का समापन आज

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** महर्षि विद्या मंदिर कालिंदीपुरम प्रयागराज में हंसवाहिनी संस्था द्वारा आयोजित छह दिवसीय लोक गायन कार्यशाला समारोह 13 मई 2025 को होगा। कार्यशाला में प्रख्यात प्रशिक्षिका हेम श्रीवास्तव के निर्देशन में 25 बच्चों ने लोक गायन कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला समापन के अवसर पर बच्चों के द्वारा लोक गायन की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी, महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य डॉक्टर नितिन प्रधान एवं हंसवाहिनी संस्था के महासचिव शैलेंद्र मधुर, संस्था सचिव डॉक्टर आभा मधुर श्रीवास्तव, आकाशवाणी के प्रख्यात रंगकर्मी विनय श्रीवास्तव तथा प्रशिक्षिका हेम श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रभारी विभा पांडे की उपस्थिति रहेगी।

### बूढ़ी दादी से केक कटवा कर मनाया मातृ दिवस



**प्रयागराज।** करैली स्थित नाज़ मल्टिस्पेशियलिस्ट हास्पिटल की ओर से देर रात तक चले मातृ दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व बच्चों की बीच डांस कॉम्पीटिशन के साथ बुढ़ी दादी से केक कटवा कर मातृ दिवस को धूमधाम से मनाया गया। डॉ नाज़ फात्मा के द्वारा नाज़ हास्पिटल में जन्मे बच्चों की माताओं व महिला समग्र विकास के लिए कार्य करने वाली समाजसेवियों कार्यकत्रियों को शॉल ओढ़ाकर व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। नाज़ फात्मा ने एक शेर पढ़ते हुए मां जैसी अज़ीम शख्सीयत को याद किया कहा। खुद को मां का ग़ुलाम करती हूं , अपना आला मक़ाम करती हूं , मेरी जन्नत है उसके क़दमों में, इस लिए ऐहतेराम करती हूं। सांय पांच बजे से शुरु हुए मातृ दिवस कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। इस दौरान डॉ नाज़ फात्मा, डॉ जमशेद अली, डॉ नावेद शेख, डॉ सारा, एम डी अमित यादव, मोहम्मद परवेज़, शिवम् यादव आदि मौजूद रहे।

### 10 दिनों से जलालपुर भारती गांव में बिजली गुल

**प्रयागराज।** इस भीषण चिलचिलाती गर्मी में ग्राम जलालपुर भारती गांव में आज लगभग 10 दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर जला हुआ पड़ा है। गांव के निवासियों के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश मिश्रा ने इसकी शिकायत जेई सत्य नारायण यादव और पावर हाउस डाही के कर्मचारी विवेक अविनाश और भी लाइट मैन से की। वही पोखराज तिवारी ने भी ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन बताया जा रहा है कि धन उगाही के चलते ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। गांव के निवासियों का आरोप है कि बिजली कर्मचारी 10000 की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पैसा मिलेगा फिर ट्रांसफार्मर बदल जाएगा।

## बुद्ध पूर्णिमा पर सपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** वैशाख मास की पूर्णिमा यानि बुद्ध पूर्णिमा आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर मनाई गई। सपा जिला अध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन के नेतृत्व मे सपा कार्यकर्त्ता गण भगवान बुद्ध के चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर गोष्ठी में बोलते हुए जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने भगवान बुद्ध को शांति का दूत बताते हुए कहा कि उन्होंने विश्व के कई देशों में भ्रमण कर मानवता का सन्देश दिया। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन नेकहा कि आज दुनिया में महात्मा बुद्ध के दिए गए उपदेशों दया, करुणा, प्रेम, शांति को अपनाने की जरुरत है।कार्यक्रम में अमर नाथ मौर्य, राम मिलन यादव, राजू पासी, महबूब उस्मानी, रविन्द्र यादव, दान बहादुर मधुर, सचिन यादव, नाटे चौधरी, खिन्नी लाल पासी, जय शंकर भारतीय, ओ पी पाल, गीता भारतीय, कुलदीप यादव, तारिक सईद अज्जू, आर. एन. यादव, सचिन श्रीवास्तव जगदीश यादव, संगम लाल मौर्य, श्यामकरण, शांति प्रकाश पटेल, प्रदीप निषाद, अरुण यादव एडवोकेट, संतोष यादव, सऊद अहमद, आदि सहित पार्टी के नेता एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# हमने संसार को बुद्ध दिया है युद्ध नहीं: केशव प्रसाद मौर्य

अवधनामा संवाददाता



- चीन भारत को विकसित राष्ट्र बनते नहीं देख सकता
- पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने के पास ब्रह्मोस मिसाइल गिरते ही पाकिस्तान बोला त्राहिमाम युद्ध विराम
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा का किया अनावरण

**प्रयागराज।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर तपोवन पार्क ऑकलैंड में तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम ने कहा कि आज का दिन भारत की धर्म व अध्यात्म की परंपरा में इस तिथि का ख़ास महत्व इसलिए है क्योंकि इस तिथि को प्रकृति की गोद में भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति व उनका निर्वाण हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर भगवान बुद्ध के उपदेश करुणा, सह-अस्तित्व, और सत्य के मार्ग हम सभी के जीवन को आलोकित करें। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मंच पर विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छाती ठोक कर दुनिया के सामने कहा है कि हमने संसार को बुद्ध दिया है युद्ध नहीं दिया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम कायर और कमजोर हैं। हम शांति के पक्षधर हैं और हर परिस्थितियों से लड़ना जानते हैं। श्री मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से आतंकवादियों का साथ देता आया है। पाकिस्तान के आतंकियों ने उरी और पुलवामा की घटना का अंजाम दिया था। उस समय भी हमारे देश के रणबांकुरों ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब दिया। 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगाम में कायरता पूर्ण निर्दोष पर्यटकों की हत्या की। इस घटना के बाद से पूरा देश गुस्से में था। प्रधानमंत्री ने कहा था हम आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्होंने भारतीय सेना को फ्री हैंड किया। हमारे देश के रणबांकुरों ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के कैंप को नष्ट कर उन्हें जहन्नुम पहुंचा कर मिट्टी में मिला दिया। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि चीन भारत को आगे बढ़ते हुए देखना नहीं चाहता। वह जानता है कि 2047 में अगर विकसित भारत बनेगा तो वह भी पाकिस्तान की तरह कंगाल देश हो जाएगा। इसलिए वह पीछे से पाकिस्तान की मदद कर भारत को युद्ध में उलझाए रखना चाहता है लेकिन हम ना रुकने वाले हैं ना झुकने वाले हैं। हम विकसित भारत की ओर बढ़ने वाले हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के डिफरेंट सेंटर, राडार, मिसाइल, ड्रोन को तहस नहस कर दिया। आज हमारी सरकार रक्षा वैज्ञानिकों की मदद से स्वयं अपना आधुनिक हथियार बना रही है। कई देशों में बेच भी रही है। हम किसी के सामने देश की रक्षा के लिए हाथ फैलाने वाले नहीं हैं। भारत अपनी रक्षा अपने भारतीयों की रक्षा करना जानता है। उन्होंने आगे कहा कि तथागत भगवान बुद्ध के समय पाली भाषा का चलन था और इसी भाषा में कई ग्रंथ भी लिखे गए। इस भाषा के प्रति श्रद्धा भाव जुड़ी है इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने हर भाषा की तरह पाली भाषा का भी समान दर्जा देने का कार्य किया है जो स्वागत योग्य है। इस अवसर पर सांसद प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह ,महापौर गणेश केसरवानी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, दीपक पटेल, पूजा पाल, क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता जिला अध्यक्ष गंगा पार राकेश शुक्ला जिला अध्यक्ष जमुना पार निर्मला पासवान, राजेश केसरवानी, दिलीप चतुर्वेदी, विवेक मिश्रा, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी, पार्षद भास्कर पटेल, शिवमोहन, राघवेंद्र सिंह, प्रमोद मोदी, शैलेंद्र पांडे, सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यालय पहुंचे डिप्टी सीएम कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से डिप्टी सीएम का परिचय कराया। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष रणजीत सिंह, विभूति नारायण सिंह, शशि वार्ष्णेय, देवेश सिंह, कमलेश गौतम, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, विजय पटेल, सुजीत कुशवाहा, विशाल अग्रवाल, विवेक मिश्रा, गोपाल चंद्र श्रीवास्तव, आशुतोष शुक्ला, मनोज श्रीवास्तव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ‘माँ-एक समर्पण’ रोटरी प्लैटिनम ने मातृशक्ति को किया नमन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम क्लब द्वारा होटल रामा कॉन्टिनेंटल, सिविल लाइंस, प्रयागराज में मदर्स डे के पावन अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मातृत्व के निःस्वार्थ प्रेम, त्याग और आदर्श को समर्पित था। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। क्लब की ओर से सभी मातृस्वरूप महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस भावभीने आयोजन में क्लब के सदस्यों ने माताओं के प्रति आभार व स्नेह प्रकट करते हुए अपनी भावनाये व्यक्त की। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शशांक जैन ने कहा कि माँ केवल जन्म नहीं देती, वह जीवन को आकार भी देती है। इस आयोजन के माध्यम से हम सबने माँ के प्रति अपनी भावनाएं प्रकट करने का छोटा-सा प्रयास किया है। कार्यक्रम संयोजिका रोटेरियन जया मित्तल ने बताया कि हमारा उद्देश्य था कि क्लब की हर महिला सदस्य, जो किसी न किसी रूप में माँ हैं, उन्हें सम्मानित कर उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से सराहा जाए। चार्टर प्रेसिडेंट रोटेरियन रितेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। यह आयोजन न केवल भावनात्मक रूप से समृद्ध था बल्कि रोटरी के सामाजिक सरोकारों को भी दर्शाता है। कार्यक्रम के मंच संचालक रोटेरियन डॉ. प्रतीक पांडेय ने कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन रोटेरियन संजय तलवार ने करते हुए सभी अतिथियों, सदस्यों और आयोजकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्लब के आगामी सत्र 2025-26 के नवनिर्वाचित बोर्ड की घोषणा भी की गई, जो 1 जुलाई 2025 से कार्यभार ग्रहण करेगा। सभी नवगठित पदाधिकारियों को क्लब की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। मीडिया प्रभारी रोटेरियन मनीष गर्ग ने कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए कहा कि माँ के प्रति भावनाएं हर व्यक्ति के दिल में होती हैं। इस आयोजन ने उन भावनाओं को शब्दों व सम्मान में बदलने का कार्य किया। रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम समाज के हर वर्ग के लिए इसी तरह के संवेदनशील आयोजनों के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों के साथ-साथ गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मोहित व आरुष बने जीत में नायक



- निर्वानानंद कनेक्टिंग हैप्पीनेस अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** मोहित पटेल के अचूक गेंदबाजी ( 5.3 - 0 - 11 - 6 ) के दम पर डीएसए कोचिंग सेंटर ने डीएसए ब्लू को तीन विकेट से और आरुष पाल के ( 6 - 1 - 19 - 4 ) के बदौलत एमआईसी ने डीएसए रेड को छह विकेट से हराकर निर्वानानंद कनेक्टिंग हैप्पीनेस अंडर - 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। सोमवार को एमआईसी मैदान पर डीएसए टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 121 रन ( अभी 18, आर्यन गुप्ता 13 रन, आरुष पाल 4/19, अंश कुमार 2/07, मो. शायन 1/14, युसूफ व कार्तिकेय 1-1 विकेट ) पर बनाए। जवाब में एमआईसी की टीम ने 14.3 ओवर में चार विकेट पर 124 रन ( मो. साहिल 43 नाबाद , मो. नूह 39 रन, अबूबकर 2/17, तरुण कुमार 1/15 ) पर बना लिए। डीएसए मैदान पर डीएसए ब्लू पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 110 रन ( तानिश केशरवानी 25, त्रिजल सिंह 19, जैद 14 रन, मोहित पटेल 6/11, मानस भारतीय 2/34, विराट पांडेय 1/09, ओम गौड 1/10 ) पर सिमट गई। जवाब में डीएसए कोचिंग सेंटर की टीम ने 21.4 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ( प्राकेट राज 24, ओम गौड 16 नाबाद, कार्तिकेय तिवारी 14 रन, तानिश केशरवानी 2/06, जैद 2/20, जन्मेजय त्रिपाठी 1/15 ) पर बना लिए।

## बुद्ध पूर्णिमा पर संगम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रयागराज।** त्रिवेणी संगम पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा देखने को मिला। सुबह से ही गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर स्नान के लिए भीड़ जुटी। देशभर से आए श्रद्धालुओं ने संगम तट पर स्नान के साथ पूजा-अर्चना और दान-पुण्य किया। मान्यताओं के अनुसार, बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान से पाप नष्ट होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। वैशाख पूर्णिमा का यह दिन गौतम बुद्ध के जीवन की तीन प्रमुख घटनाओं से जुड़ा है। इस दिन नेपाल के लुंबिनी में उनका जन्म हुआ था। इसी दिन उन्हें बोधगया में पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। बौद्ध धर्मावलंबी इस दिन को बुद्ध जयंती के रूप में मनाया। बौद्ध विहारों में विशेष प्रार्थनाएं हुई। दीप प्रज्जवलित किए गए। बुद्ध की शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लिया गया।

# भगवान परशुराम की बरही मनाई



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परशुराम सेना द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जी की बरही परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे के कालीचौरा स्थित आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर विधि विधान से भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चन कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा की भगवान परशुराम जी विष्णु के छठे अवतार थे। उनके जीवन से हमें अन्याय अत्याचार का विरोध करने की प्रेरणा मिलती है। समाज सेविका सुनीता उपाध्याय ने कहा कि शस्त्र और शाष्त्र में निपुण भगवान परशुराम जी ने आततायीओं का वध करके समाज में सदाचार और शांति स्थापित किया।साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पाण्डेय सरस ने कहा कि धनुष विद्या में पारंगत भगवान परशुराम जी से अन्याय के विरोध करने की प्रेरणा मिलती है। भगवान परशुराम जी हमेशा सत्य और न्याय का साथ रहते थे उनका जीवन न्याय प्रियता वीरता तपस्या से परिपूर्ण था ऐसे में हम भगवान परशुराम से सीख लेकर मानव जीवन को कल्याणकारी बना सकते हैं। राजेश गिरी एवं सुधीर राय ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी ने समाज में व्याप्त अनाचार को खत्म करके शांति स्थापित किया। इस अवसर पर सुधीर राय, राजेश गिरी, विद्या दूबे,समाज सेविका सुनीता उपाध्याय,पुनीत उपाध्याय, राहुल दुबे और गुलाब आदि उपस्थित रहे।

# ट्रूकॉलर ने दिखाया एआई का जादूः अब आपके मैसेज हो गए हैं और भी ज़्यादा स्मार्ट!

**लखनऊः** ज़रा सोचिएः आप अपने रोज़मर्रा के कामों में व्यस्त हैं– बैठकें, ज़रूरी काम-काज, कॉफ़ी पीने की जल्दबाज़ी– और अचानक, आपके इनबॉक्स में SMS मैसेज की झड़ी लग जाती है। हो सकता है कि टेक्स्ट मैसेज के उस समंदर में कहीं कोई ज़रूरी OTP, डिलीवरी अपडेट, या फिर बिल का रिमाइंडर भी मौजूद हो। लेकिन स्पैम और बेतरतीब संदेशों के बीच छिपे होने के कारण ये बड़ी आसानी से आपकी नज़रों से छूट सकता है। दुनिया में संचार के सबसे बड़े प्लेटफ़ॉर्म, ट्रूकॉलर ने हाल ही में एआई पर आधारित मैसेज आईडी की शुरुआत की है, जो सचमुच बड़ा बदलाव लाने वाला समाधान है। और ये सिर्फ़ टेक्नोलॉजी में कोई नया अपडेट नहीं है - ये पहले से ज़्यादा स्मार्ट और संचार से सभी चिंताओं को दूर करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। एआई पर आधारित, पहले से ज़्यादा स्मार्ट मैसेज अब मैसेज आईडी की सुविधा भारत सहित दुनिया के 30 देशों में उपलब्ध है,

**प्रीमियम**

**अब अंदाज़ा लगाने की ज़रूरत नहीं है।ये सिर्फ़ प्रीमियम यूजर्स या अंग्रेज़ी बोलने वालों के लिए नहीं है।**

जो इस तरह की गड़बड़ी को दूर करेगी। इस नए फीचर में एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) का उपयोग किया गया है, जो आपके SMS इनबॉक्स को आपके डिवाइस पर ही स्कैन करता है (जी हाँ, आपके डेटा की गोपनीयता बनी रहती है), और ज़रूरी बिजनेस मैसेज को तुरंत पहचान लेता है। बैंक अलर्ट और OTPs से लेकर डिलीवरी अपडेट, फ्लाइट यात्रा-कार्यक्रमों और पेमेंट रिमांडर तक– मैसेज आईडी इस शोर में भी ज़रूरी सूचनाओं को पहचान लेते हैं। वे मुख्य जानकारी को




संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं, आपके लिए ज़रूरी बातों को सामने लाते हैं और तुरंत कार्रवाई करने में आपकी मदद करते हैं। अब कोई भी ज़रूरी मैसेज छूटने वाला नहीं है। अब अंदाज़ा लगाने की ज़रूरत नहीं है।ये सिर्फ़ प्रीमियम यूजर्स या अंग्रेज़ी बोलने वालों के लिए नहीं है। आप चाहे मुंबई में रहते हों या फिर मियामी में, आपके संदेश चाहे हिंदी में हों, या फिर स्वाहिली या स्पैनिश में– ट्रूकॉलर की मैसेज आईडी आपके लिए ही बनी है। इस ऐप को आपको सिर्फ़ दो आसान परमिशन– यानी रीड स्म्स और डिस्प्ले ओवर अदर ऐप्स की अनुमति देनी है– और बस, आपका काम हो गया। रियल-टाइम नोटिफिकेशन के ज़रिए ज़रूरी अपडेट पाएँ और उंगलियों का इस्तेमाल किए बिना इस झंझट से दूर रहें। ग्रीन टिक पर गौर करें तरह-तरह के स्कैम और फर्जी मैसेज से भरी दुनिया में, ट्रूकॉलर ने ग्रीन मैसेज आईडी के साथ भरोसे को और मजबूत किया है। इसमें वेरीफाइड टिक की सुविधा दी गई है, जिससे पता चलता है कि मैसेज किसी मान्य, वेरीफाइड बिजनेस द्वारा भेजा गया है। इसे ट्रूकॉलर की ओर से डिजिटल थम्स-अप की तरह देखिए, जो कह रहा है कि, अरे, आप इस पर भरोसा कर सकते हैं। ट्रूकॉलर में इनसाइट्स के प्रोडक्ट डायरेक्टर, जॉन जोसेफ ने इस बारे में संक्षेप में बताते हुए कहा प्रीमियम और नॉन-प्रीमियम, दोनों तरह के यूजर्स के लिए मैसेज आईडी में एआई को शामिल करके, हम लोगों को उनके ज़रूरी स्म्स मैसेज को संभालने का ज्यादा स्मार्ट और अधिक सुरक्षित तरीका उपलब्ध करा रहे हैं। संचार को अधिक सुरक्षित और अधिक कुशल बनाना ही हमारा मिशन है, और ये इनोवेशन हमारे सफ़र में अगले कदम को दर्शाता है।

भविष्य अब ज़्यादा साफ़ दिख रहा है ट्रूकॉलर के निरंतर विकास के साथ, एआई पर आधारित मैसेज आईडी भविष्य में हर बातचीत को ज्यादा स्पष्ट, नियंत्रित और आत्मविश्वास से भरा बनाने की दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है। अब इसका नाता सिर्फ़ कॉल की पहचान करने से नहीं है– बल्कि ये डिजिटल संचार के आपके पूरे अनुभव को आसान बनाने

# ब्रिटानिया द लाफिंग काउ अब पहले से भी ज्यादा क्रीमी, स्वादिष्ट और बेहतर

**नई दिल्ली।** ब्रिटानिया द लाफिंग काउ अब चीज़ प्रेमियों के लिए स्वाद के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। इसका नया रेंज और भी अधिक क्रीमी स्वाद, स्मूद टेक्सचर और बेहतरीन गुणवत्ता के साथ पेश किया गया है। महाराष्ट्र के रंजनगांव में स्थित ब्रिटानिया बेल फूड्स की अत्याधुनिक फैसिलिटी में अब इसे भारत में ही तैयार किया जा रहा है। यह नया संस्करण फ्रेंच चीज़-निर्माण विशेषज्ञता को भारतीय स्वादों के अनुरूप रेसिपी के साथ मिलाकर बनाया गया है। सिर्फ रेसिपी ही नहीं, इसके पैकेजिंग में भी बदलाव किया गया है, ताकि यह स्वाद के साथ-साथ देखने में भी उतना ही आकर्षक लगे।ब्रिटानिया द लाफिंग काउ की नई रेसिपी को पांच अहम पोषक तत्वों – प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन ए, डी और बी12 – से समृद्ध किया गया है। इसका पहले से भी ज्यादा स्मूद और क्रीमी टेक्सचर और बेहतरीन स्वाद, इसे स्नैक्स से लेकर




पूरे भोजन तक को खास बनाने के लिए परफेक्ट बनाता है। ब्रिटानिया द लाफिंग काउ चीज़ अब स्लाइस, क्यूब्स, ब्लॉक्स, स्प्रेड, डाइस, ट्राएंगल्स और सैशे जैसे कई विकल्पों में उपलब्ध है।इस नए अनुभव को जीवंत करने के लिए, ब्रिटानिया द लाफिंग काउ चीज़ ने शबैंग द्वारा तैयार एक बेहद दिलचस्प कैंपेन लॉन्च किया है। इस कैंपेन का थीम है, ÷अप्रत्याशित रूप से क्रीमी, फ्रेंच एक्सपर्टीज़ से अनूठे ढंग से तैयार किया गया।÷ब्रिटानिया बेल फूड्स के चीफ बिजनेस ऑफिसर - डेयरी और सीईओ, अभिषेक सिन्हा ने कहा, ÷ब्रिटानिया बेल फूड्स में हम फ्रेंच चीज़ निर्माण की श्रेष्ठता को भारतीय कौशल और स्केल के साथ मिलाकर गर्व महसूस करते हैं। यह अनूठा संयोजन हमें वास्तव में अलग बनाता है। %ब्रिटानिया द लाफिंग काउ% की नई रेंज हमारे उस सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें हम उच्च गुणवत्ता वाला चीज़ भारतीय घरों तक और अधिक सुलभ और किफायती बनाना चाहते हैं। यह बदलाव केवल स्वाद तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्ता, मूल्य और नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है – जिसे वैश्विक विशेषज्ञता और स्थानीय समझ के साथ तैयार किया गया है।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच हुए अमेरिका-चीन टैरिफ समझौते से हमारे देश को कितना फायदा?




**नई दिल्ली।** सोमवार को चीन और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया कि, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को समझते हुए उनके बीच सहमति बनी है। इस खबर के दुनिया के बाजार के लिए क्या मायने हैं, आइए विशेषज्ञों के नजरिए से समझते हैं।

सोमवार को चीन और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया कि, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व देखते हुए दोनों देशों के बीच टैरिफ पर सहमति बनी है। अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हुए है कि वे 90 दिनों के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और जवाबी शुल्क वापस ले लेंगे। इस बीच चीन और अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा।

बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक स्तर पर होने वाले व्यापार में जो व्यावधान टैरिफ की वजह से पड़ रहे थे, उसके लिए यह घोषणा अच्छी है। भारत पर भी इसका असर होगा क्योंकि चीन एक बार फिर अमेरिका में अपनी वस्तुओं का व्यापार कर सकेगा और इससे भारत में डंपिंग की समस्या से निजात मिलेगी। इससे भारतीय बाजार अपनी तरह से आगे बढ़ते रहेंगे।

बाजार के वरिष्ठ विशेषज्ञ किशोर ओस्तवाल का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच बनी सहमति विश्व व्यापार के लिए अच्छी खबर है। वैश्विक स्तर पर होने वाले व्यापार में जो व्यवधान टैरिफ की वजह से पड़ रहे थे, उसके लिए यह घोषणा अच्छी है। भारत पर भी इसका असर होगा क्योंकि चीन एक बार फिर अमेरिका में अपनी वस्तुओं का व्यापार कर सकेगा और भारत में डंपिंग की समस्या नहीं होगी। टैरिफ में कमी के बाद भी भारत के बाजार में बढ़त दिख रही है। अमेरिका के लिए भारतीय बाजार काफी महत्वपूर्ण है और वह भारत को प्राथमिकता देता है। इसलिए भारतीय बाजार अपनी तरह से आगे बढ़ते रहेंगे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्राइस रिसर्च के प्रमुख देवर्ष वकील कहते हैं दोनों देशों के बीच पारस्परिक टैरिफ घोषणा के बाद, बाजारों में हुए नुकसान की भरपाई होने संभावना है। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने के संकेतों ने निवेशकों की घबराहट को कम कर दिया है। भारत के बाजारों और अर्थव्यवस्था ने पहले से ही लचीलापन दिखाया है, जो लगातार बाहरी उथल-पुथल के बाद स्थिर रही। भविष्य में वैश्विक स्तर पर और घरेलू स्तर पर कारोबार अच्छा होने के संकेत है। इक्विरस सिक्योरिटीज की अर्थशास्त्री अनिता रंगन कहती हैं अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौता 2 अप्रैल 2025 से टैरिफ-व्यापार असहमति पर अनिश्चितता के स्तर को कम करने के लिए कुल मिलाकर सकारात्मक है। हालांकि चीन दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक है, इसलिए इस समझौते से विश्व को कई गुना लाभ होगा। सबसे पहला लाभ यह है कि महंगाई के तेजी से बढ़ने की जो अटकलें थी अब वह समाप्त हो गई हैं। हालांकि पहले से अधिक टैरिफ मुद्रास्फीति का कारण बन सकते हैं, लेकिन फिलहाल यह प्रबंधनीय स्तर पर है। दूसरा फायदा अमेरिका में मंदी पैदा होने डर कम होना है। इसका भारत के लिए सकारात्मक असर होगा क्योंकि भारत की सेवाओं पर अमेरिका काफी हद तक निर्भर करता है और यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदारी भी है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर से बाजार में बंपर बढ़त; सेंसेक्स 2975 अंक चढ़ा, निफ्टी 24900 पार



**नई दिल्ली।** सोमवार को सेंसेक्स 2,975.43 अंक या 3.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 916.70 अंक या 3.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की खबरों के बाद सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक आसमान छू गए। बाजार की बढ़त को अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध के नरम पड़ने का भी फायदा मिला। दोनों देश इस समझौते पर पहुंचे हैं कि वे 90 दिनों की शुरुआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और काउंटर टैरिफ वापस ले लेंगे। इस बीच - चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा। सोमवार को सेंसेक्स 2,975.43 अंक या 3.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 916.70 अंक या 3.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम ने बाजार में तेज उछाल का मार्ग प्रशस्त किया है।÷ विजयकुमार ने कहा, उच्च जीडीपी वृद्धि और वित्त वर्ष 26 में आय वृद्धि के पुनरुद्धार तथा मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में गिरावट जैसी घरेलू मैक्रोज़ बाजार में उछाल के फिर से शुरू होने के लिए शुभ संकेत हैं।

## भारतीय प्रशासन पर लिखी पुस्तक एडमिनिस्ट्रेशन इन इंडिया की प्रथम प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट की



**लखनऊ।** भारतीय प्रशासन के विकास का विश्लेषण करती ÷एडमिनिस्ट्रेशन इन इंडिया÷ पुस्तक के भारतीय संस्करण की प्रथम प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ससम्मान भेंट की गई। यह प्रति पुस्तक के लेखक डॉ. आशिष कुमार श्रीवास्तव , आईएएस तथा सह-लेखक ईवा आशिष श्रीवास्तव, आईएएस व शैलेश शाही, राउटलेज - टेलर एंड फांसिस ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस पुस्तक की प्रति को ससम्मान स्वीकार किया और प्रशासनिक नवाचारों तथा सुशासन की दिशा में सार्थक योगदान की सराहना की। यह पुस्तक भारतीय प्रशासन के विकास का विश्लेषण करती है, जिसमें 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' सुधार पर केंद्रित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। यह भारत की विविधता और विशालता के बावजूद स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति को रेखांकित करती है। सामाजिक क्षेत्र, अर्थव्यवस्था व बुनियादी ढांचा, तथा ई-गवर्नेंस के इर्द-गिर्द संरचित यह पुस्तक शासन से जुड़ी चुनौतियों और नवाचारों का अन्वेषण करती है। इसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों, शिक्षाविदों और निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों के योगदान शामिल हैं, जो व्यावहारिक और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, तथा प्रशासन, सार्वजनिक नीति और विकास अध्ययन के शोधकर्ताओं के लिए प्रासंगिक समाधान प्रस्तुत करते हैं।

शैलेश शाही ने बताया कि टेलर एंड फांसिस निरंतर इस प्रयास में जुटा है कि वह ऐसे प्रभावशाली शैक्षणिक और व्यावसायिक कार्यों को प्रोत्साहित करे, जो अनुसंधान और वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग के बीच सेतु का कार्य करें, और राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर शासन में नवाचार को बढ़ावा दें।

## भारत ने मालदीव को दी 50 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता, विदेश मंत्री ने जताया आभार



**नई दिल्ली।** मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने ट्वीट कर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। भारत ने 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने ट्वीट किया, ÷मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी। मालदीव में भारतीय उच्चायोग के अनुसार, भारत ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मालदीव के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्सक्राइब किया है।

# जलवायु संरक्षण में भारत की भूमिका अहम, दुनिया ने माना- एशिया का लीडर

**सिंगापुर।** क्लार्कसन ने कहा, एशिया एक ही बार में दो बड़े संकटों - आर्थिक और जलवायु - से निपट सकता है, अगर इसके उद्योग और सरकारें स्वच्छ तकनीक, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित ऊर्जा सुरक्षा और डीकार्बोनाइज्ड आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ आगे बढ़ें। एशिया ही वह जगह है जहां बदलाव की जीत होगी या हार होगी। जलवायु संरक्षण की दिशा में भारत द्वारा किए जा रहे कामों को पूरी दुनिया में मान्यता मिल रही है। एक वैश्विक मंच ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत ऊर्जा परिवर्तन के मामले में एशिया का नेता बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट ग्रुप की सीईओ हेलेन क्लार्कसन ने सिंगापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, एशिया में ऊर्जा परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका है। यह अपने जलवायु लक्ष्यों में लगातार प्रगति कर रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा पर खासा फोकस



किया जा रहा है। यह उत्साहजनक है। हेलेन क्लार्कसन ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में देखी गई प्रगति के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार है। उन्होंने भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 तक भारत की कुल अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 220 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा योगदान है। यह कुल नवीकरणनीय ऊर्जा क्षमता का करीब 48 प्रतिशत है। क्लार्कसन ने कहा, एशिया एक ही बार में दो बड़े संकटों - आर्थिक और जलवायु - से निपट सकता है, अगर इसके उद्योग और सरकारें स्वच्छ तकनीक, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित ऊर्जा सुरक्षा और डीकार्बोनाइज्ड आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ आगे बढ़ें। एशिया ही वह जगह है जहां बदलाव की जीत होगी या हार होगी। 8 मई को आयोजित क्लाइमेट ग्रुप एशिया एक्शन समिट में एशिया भर के व्यापारिक नेता और नीति निर्माता एक साथ आए।

## बाजार के उतार-चढ़ाव में चुनें क्वालिटी वाले निवेश, हमेशा फायदे में रहेंगे

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में देशों के बीच तनाव से उपजे हालात के बीच शेयर बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में विश्लेषकों का मानना है कि आगे क्वालिटी वाले निवेश के विकल्प बेहतर साबित होंगे। इसका गणित बताती अजीत सिंह की रिपोट...।

दुनियाभर में देशों के बीच तनाव से उपजे हालात के बीच शेयर बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में विश्लेषकों का मानना है कि आगे क्वालिटी वाले निवेश के विकल्प बेहतर साबित होंगे। इसका गणित बताती अजीत सिंह की रिपोट...। आज के आर्थिक अनिश्चितता और धीमी वृद्धि के माहौल में मजबूत वित्तीय स्थिति और टिकाऊ लाभप्रदता वाले व्यवसाय सबसे अलग हैं। देशों के बीच तनाव, ब्याज दरों में वृद्धि और घरेलू आय चक्र में नरमी सहित बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच क्वालिटी वाले शेयर तूफान का सामना कर सकते हैं। ये कंपनियां आमतौर पर अपनी मजबूत खाता-बही और वृद्धि के कारण अस्थिरता की अवधि में बेहतर प्रदर्शन करती हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल क्वालिटी फंड का एनएफओ भी कुछ इसी तरह का फंड है। इसका लक्ष्य उचित मूल्यांकन पर उपलब्ध उच्च क्वालिटी वाली कंपनियों का चयन करके इस संभावना का लाभ उठाना है, जिससे बाजार चक्रों में प्रदर्शन करने के लिए डिजाइन किया गया एक लचीला पोर्टफोलियो बनाने का लक्ष्य है।

क्वालिटी वाली थीम ने व्यापक बाजारों व गति, मूल्य जैसी अन्य शैलियों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया था। इससे आज इनका मूल्यांकन काफी अच्छा हो गया है, जो निवेश करने के लिए बेहतर समय है। इस तरह के क्वालिटी वाले फंड के पोर्टफोलियो में लगभग 625 कंपनियों को कड़े क्वालिटी और मूल्यांकन फिल्टर के तहत मापा जाता है। इसके आधार पर 40-60 कंपनियों का चयन किया जाता है।

# अस्थिर बाजार में निवेशकों की पसंद बने आक्रामक हाइब्रिड फंड, AUM पहुंचा 2.26 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** बाजार की अस्थिरता के बीच आक्रामक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड्स निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अप्रैल 2025 तक इनका एयूएम 2.26 लाख करोड़ पहुंच गया है, जो पिछले साल से 12त्न अधिक है। बेहतर रिटर्न और बैलेंस्ड रिस्क के चलते फोलियो की संख्या भी 58 लाख तक पहुंची। शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के बीच आक्रामक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड निवेशकों में लोकप्रिय हो रहे हैं। इस श्रेणी का परिसंपत्ति आधार अप्रैल, 2025 तक बढ़कर 2.26 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की तुलना में यह 12 फीसदी अधिक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की जारी रिपोर्ट के मुताबिक, फोलियो यानी निवेशकों के खातों की संख्या इसी दौरान 3.5 लाख बढ़कर 58 लाख हो गई है।



आक्रामक हाइब्रिड फंड, इक्विटी व डेट को मिलाकर निवेश करने वाला साधन है। ये फंड 65-80 प्रतिशत इक्विटी में निवेश करते हैं। इससे बेहतर रिटर्न की संभावना होती है लेकिन साथ ही उच्च जोखिम भी होता है। इससे 3 से 5 वर्ष के दृष्टिकोण वाले निवेशकों के लिए ये फंड आदर्श बन जाते हैं। इन फंडों ने पिछले साल 9 प्रतिशत, दो साल में 20 प्रतिशत, तीन साल में 15 प्रतिशत और पांच साल में 21 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। 31 आक्रामक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड ने पिछले एक साल में 9 प्रतिशत के करीब रिटर्न दिया है। इसमें महिंद्रा मैनुलाइफ एग्रेसिव हाइब्रिड फंड, इनवेस्को इंडिया और एसबीआई इक्विटी फंड शामिल हैं।

इन तीन फंडों ने 30 अप्रैल तक के एक साल में 12 से 18 प्रतिशत और दो वर्षों में 19 से 24 प्रतिशत के बीच रिटर्न दिया है। पांच साल में रिटर्न 18.5 से 24 प्रतिशत के बीच रहा। इसमें महिंद्रा मैनुलाइफ फंड ने सबसे अधिक 23.62 प्रतिशत का रिटर्न दिया। महिंद्रा मैनुलाइफ फंड का प्रदर्शन एक अच्छी तरह से संरचित, संतुलित आवंटन रणनीति का नतीजा है। यह फंड लार्जकैप इक्विटी में अधिक निवेश करता है। खासकर बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कंस्ट्रक्शन मैटीरियल जैसे क्षेत्रों में, जो स्थिरता और विकास की संभावना प्रदान करते हैं। महिंद्रा मैनुलाइफ फंड आईटी, तेल और गैस और मेटल जैसे अधिक अस्थिर और वैश्विक रूप से सामने आने वाले क्षेत्रों के प्रति सतर्क दृष्टिकोण रखता है। अपनी इक्विटी रणनीति के अलावा फंड का डेट आवंटन सुरक्षा देता है। यह संभावित बॉन्ड बाजार रैली से और अधिक लाभान्वित हो सकता है, खासकर जब नीतिगत दरों में कटौती की घोषणा की जाती है। हाइब्रिड श्रेणी का कुल परिसंपत्ति आधार सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 9.15 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## मुश्किल वक्त में नहीं होगी वित्तीय समस्या, ये पांच नियम बना सकते हैं सशक्त



**नई दिल्ली।** मुश्किल दौर में अपने और परिवार की रोजमर्रा की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए आपके पास पर्याप्त फंड होना चाहिए। नौकरी जाने और कोई बीमारी होने जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आपका वित्तीय रूप से सशक्त होना जरूरी है, जिसके लिए इन पांच नियमों का पालन कर सकते हैं। साल-दर-साल बढ़ती महंगाई, बढ़ती आर्थिक अनिश्चितता और नौकरियों पर संकट के मौजूदा दौर में वित्तीय प्रबंधन की अहमियत काफी बढ़ जाती है। मुश्किल दौर में अपने और परिवार की रोजमर्रा की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए आपके पास पर्याप्त फंड होना चाहिए। नौकरी जाने और कोई बीमारी होने जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आपका वित्तीय रूप से सशक्त होना जरूरी है, जिसके लिए इन पांच नियमों का पालन कर सकते हैं। इस नियम के जरिये आप पता लगा सकते हैं कि लगातार बढ़ रही महंगाई की वजह से आपके निवेश की रकम कितने साल में आधी हो जाएगी। इसके लिए 70 में मौजूदा महंगाई दर से भाग दें। उदाहरण : अगर मौजूदा महंगाई दर 5 फीसदी है तो इससे 70 में भाग देने पर 14 आएगा। यानी महंगाई दर को देखते हुए अगर अपना निवेश नहीं बढ़ाते हैं तो 14 साल में आपका निवेश आधा हो जाएगा।

# शिक्षा के बिना जीवन अधूरा, शिक्षा नहीं तो मनुष्य पशु के समान: राधेश्याम सिंह


टॉपर छात्रा को साईकिल देकर पुरस्कृत करते अतिथि


प्रत्येक क्लास में टॉपर मेधावी भी हुए सम्मानित

- अच्छा ज्ञान आपके सम्पूर्ण चरित्र का निर्माण कर सकता है : राम अवध
- एम के पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। मुझको लगता है कि इन सब गुणों में यही स्कूल सबसे अव्वल दर्जे का है, जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

उक्त बाते रविवार की शाम लक्ष्मीपुर स्थित एम.के. पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सपा नेता राधेश्याम सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य गहना है, शिक्षा के बिना मनुष्य जीवन पशु के समान है। विशिष्ट अतिथि सपा जिलाध्यक्ष कुशीनगर राम अवध यादव ने कहा कि सरकार सुविधाएं देती है लेकिन माता पिता व गुरु आपको संस्कार और शिक्षा देने का कार्य करते है। ऐसे में इनके प्रति आदर और सम्मान का भाव रखें, क्योंकि अच्छा ज्ञान आपके सम्पूर्ण चरित्र का निर्माण करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान छात्रों ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत, देशभक्ति, सोशल मिडिया, नाट्य, बाल विवाह, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बोर्ड परीक्षा 10वीं में स्कूल टॉपर छात्रा रुकसार खातून पुत्री इस्तेखार 86.5 व विद्यालय टॉप करने वाली कैकसा खातून पुत्री मकबूल 91.6 प्रतिशत अंक लाने पर मुख्य अतिथियों द्वारा दोनों मेधावी छात्रों साईकिल पुरस्कार दिया गया है। इसी प्रकार हर कक्षा में टॉप करने वाले मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मेहदी हसन ने आए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कादिर हसन ने किया। प्रधानाचार्य सुभाष कन्नौजिया ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर रणविजय सिंह उर्फ मोहन, लक्ष्मण सिंह, रफीक उर्फ बबलू खान, डॉ इरशाद अहमद, प्रेम प्रकाश दुबे, गंगा मद्धेशिया, अली हसन, नवी हसन, कैसर जामल टीटू, मतिउल्लाह सिद्दीकी, अख्तर हसन, विनय कुमार, मोहिम, सहीम हसन, नौशाद खान, निठुरी राजभर, उपेन्द्र राव, सिकंदर गुप्ता, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## छह दिवसीय शुरू हुई कथा, पहले दिन श्रोताओं की लगी रही भीड़

**रायबरेली।** हरचन्द्रपुर के पूरे गुलाब सिंह गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई है। 6 दिवसीय शुरू हुई कथा के पहले दिन कथा सुनने वाले लोगों की भीड़ रही है। मुख्य यजमान वीरेंद्र सिंह ने पूजा पाठ करने के बाद कथा का शुभारंभ किया गया है। कथा वाचक वृंदावन के पूज्य गुरु योगेन्द कृष्ण शास्त्री जी ने अपने मुख से कथा कहकर लोगो को रशपान कराया है। वही आज पूज्य गुरु योगेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की महत्व के बारे में बताते हुए कहा गया है कि कथा की सार्थकता जब ही सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शंति व मुक्ति मिलती है। इसलिए सदुरु की पहचान कर उनका अनुकरण एवं निरंतर हरि स्मरण,भागवत कथा श्रवण करने की जरूरत है। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है।

# दूसरी बार अराजक तत्वों ने तोड़ी अंबेडकर की मूर्ति, आक्रोश

## मूर्ति तोड़ने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोग


क्षतिग्रस्त आंबेडकर की मूर्ति


मौके से जायजा लेते एसडीएम हाटा व सीओ

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर में कंपोजिट विद्यालय के सामने अराजक तत्वों ने एक वर्ष में दूसरी बार अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह इसकी जानकारी होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। एसडीएम हाटा ने भी घटना स्थल का जायजा लिया।

बता दें की जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अंबेडकर मूर्ति तोड़ने का मामला लगातार प्रकाश में आ रहा है। अभी हाल ही में पिछ्ले माह अहिरौली और बोदरवार क्षेत्र में अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने का मामला अभी शांत नहीं था कि नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर (बहुआस) में रविवार की रात कंपोजिट विद्यालय के सामने डॉ भीम राव अम्बेडकर का मूर्ति ईट से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सोमवार सुबह इसकी जानकारी हुई तो अंबेडकर को मानने वाले सैकड़ों की संख्या लोग मौके से पहुंच गए। सभासद प्रतिनिधि मोहन साहनी ने इसकी जानकारी कप्तानगंज पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मूर्ति ठीक कराने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत करता। इसकी जानकारी होने पर एसडीएम हाटा ने भी घटना स्थल का जायजा लिया तथा क्षतिग्रस्त मूर्ति को ठीक कराने को कहा। इस संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि क्षतिग्रस्त मूर्ति ठीक कराया जा रहा है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

### एक वर्ष पहले भी तोड़ी गई थी मूर्ति, जलाया गया था सम्मत

बता दें कि 18 मार्च 2024 को उक्त मूर्ति असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दी गई थी। उसी रात दूसरे तरफ स्थापित होलिका दहन (सम्मत) को जला देने से गांव में आक्रोश उत्पन्न हो गया था। एक वर्ष में भी पुलिस आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। पुनः उसी मूर्ति को दोबारा रविवार की रात अराजक तत्वों ने तोड़ डाली, दूसरी बार मूर्ति तोड़ने से लोगों में आक्रोश फैला हुआ है।

- मथौली नगर के वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर का मामला

# बैनामे की जमीन पर विवाद, भाई को बचाने गई बहन की हत्या

## फावड़े से आरोपियों ने ताबड़तोड़ किया हमला, तीन अन्य गंभीर


अस्पताल में मृत पड़ी फूलमती


घायलों को इलाज हेतु अस्पताल ले जाते

- सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमिलिया गांव का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमिलिया गांव में सोमवार को जमीनी विवाद में मायके आई एक महिला की फावड़े से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन फानन में सीएचसी तमकुही भर्ती कराया गया जहां स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


जानकारी के अनुसार धुरिया इमलिया में स्वामीनाथ गुप्ता द्वारा अपनी जमीन मुन्ना मद्धेशिया पुत्र सुग्रीव को रजिस्ट्री की गई थी। उक्त जमीन पर मुन्ना मद्धेशिया द्वारा मिट्टी डालने के कार्य को लेकर चन्द्रशेखर मद्धेशिया ने आपत्ति जताई, क्योंकि यह जमीन उनके घर के बगल में स्थित है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद उत्पन्न हुआ। विवाद के दौरान चन्द्रशेखर पुत्र रामधारी एवं उनकी पत्नी सुशीला ने लाठी, डंडा व फावड़े से दूसरे पक्ष के व्यक्तियों मुन्ना पुत्र सुग्रीव, फूलमती पत्नी दुर्गेश मद्धेशिया, निवासी बटही, थाना अहिरौली बाजार, उम्र लगभग 35 वर्ष (जो मायके आई थी) एवं रोली पुत्री स्वामीनाथ पर हमला कर दिए। मायके आई उसकी बहन को भी नहीं बक्से उसपर भी फावड़े से जानलेवा हमला करा दिए। इस मारपीट में तीनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई। फूलमती को गंभीर चोटें लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। अन्य घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल मुन्ना को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी तमकुहीराज से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। घटना के बाद आरोपी परिवार सहित गांव से फरार हो गया। सेवरही पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में सीओ कसया ने बताया कि उक्त प्रकरण में थाना सेवरही पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## पंखा बनाने के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के रामपुर झूरिया में सोमवार को पंख बनाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के रामपुर झुर्रियां में पड़ोस के घर में पंखा ठीक करते समय एक युवक करंट की चपेट मे आकर बेहोश गया। आनन फानन मे स्वजन व पड़ोसी युवक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली लाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवकुमार कन्नौजिया उम्र 23 वर्ष पुत्र राम चयन कन्नौजिया निवासी रामपुर झुर्रियां थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर जो कुछ दिन पूर्व ही बाहर से घर लौटा था। पिता राम चयन भी मुंबई मे रहकर कपड़ा प्रेस करने का कार्य करते हैं। पड़ोसी के घर मे आगामी 17 मई को शादी तय होने की वजह से काम चल रहा था। युवक भी पड़ोसी के घर मे पंखा सही करने गया था। युवक की मृत्यु होने से उसके घर व शादी वाले घर सहित गांव में मातम पसर गया। वही इस घटना से परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

## मोक्ष प्राप्ति के लिए रामचरितमानस को जीवन में उतरे : वीरेन्द्र तिवारी


कथा का रसपान कराते कथावाचक वीरेंद्र तिवारी

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड के ग्राम हरपुर सुक्खड़ के अकटहवां टोले पर स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे श्री श्री 108 एकादश रूद्र महायज्ञ के प्रथम दिवस श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए भोजपुरी कथा सम्राट पंडित विरेन्द्र तिवारी ने कहा कि कथा के रसपान से मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि श्रीराम चरित मानस हमारे जीवन का आधार है गोस्वामी संत तुलसीदास जी ने इसे लिखते हुए ऐसी कई घटनाओं का वर्णन किया है। उन्होंने रामचरित मानस का प्रथम श्लोक का वर्णन करते हुए कहा कि रामायण का रचयिता भगवान शिव हैं। रामकथा वाराणसी के अस्सी घाट पर गंगा मैय्या को सुनाया, भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया और चौथी कथा काग भुशुण्डि ने गरुण को सुनाया था। कथा अपने जीवन में उतार लिया जाए तो जीवन की जत्था बदल जाती है। मानव का जो यह शरीर है यह नाश्वर है। इस दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज यादव, नंदू गौड़, सागर राजभर, विनय यादव, विपिन यादव सहित अन्य श्रोतागण उपस्थित रहे।

## जल साक्षरता अभियान -प्रकृति प्रेमी रोबिन सिंह का हुआ सम्मान




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** रविवार को स्थानीय डाक बंगले में आयोजित समीक्षा बैठक में जल साक्षरता अभियान की विधिवत चर्चा की गयी। जल साक्षरता अभियान 26 अप्रैल से 2 मई के बीच अमेठी जलबिरादरी के संयोजन में निरन्तर गिरते भूगर्भ जल को उठाने तथा जल स्वराज से ग्राम स्वराज के लक्ष्य को लेकर आयोजित सात दिवसीय जल साक्षरता अभियान युवा एवं जल संवाद यात्रा में अमेठी, कानपुर, लखनऊ, रायबरेली एवं बाराबंकी आदि जनपद शामिल रहे। जल साक्षरता अभियान दल के साथियों में रमेश चंद शर्मा पूर्व निदेशक गांधी शांति प्रतिष्ठान दिल्ली, पारस नाथ प्रसाद पूर्व कुलसचिव बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी, पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय, समाज सेवी रत्नेश कुमार गौतम बाराबंकी तथा डॉ अभिमन्यु कुमार पाण्डेय असिस्टेंट प्रोफेसर प्रमुख रहे।जल साक्षरता अभियान में रैमन मैग्सेसे जलपुरुष डा राजेन्द्र सिंह,दीपक मालवीय,मीनू खरे पूर्व निदेशक आकाशवाणी लखनऊ,डॉ तहसीलदार सिंह पूर्व डीजीपी उ.प्र.की विशेष सहभागिता रही।जल साक्षरता अभियान के तहत जल संवाद गोष्ठी में कानपुर के सीसामऊ नाला से प्रदूषित हो रही गंगा,चमड़ा उद्योग के साथ अत्यधिक जलदोहन कर रहे धुलाई केन्द्रों को जलसंकट के लिए जिम्मेदार माना। लखनऊ में में भी धुलाई केन्द्रों के अत्यधिक जलदोहन के साथ मैली हो रही गोमती चर्चा के विषय रहे। रायबरेली में भी गंगा के अस्तित्व को लेकर गम्भीर चर्चा हुई। हरियाली के लिए पंचवटी विकास समिति की सराहना की गयी। लखनऊ एवं रायबरेली में जलपुरुष डा राजेन्द्र सिंह द्वारा जलसंकट से उबरने हेतु लोगों का आह्वान किया गया।

## बौद्ध भिक्षुओं ने किया बुद्ध चरित्र मानस पुस्तक का विमोचन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के प्रबंधक भंते प्रज्ञा मित्र और अध्यक्ष भंते धम्मदीप ने बौद्ध विद्वान के पी सविता की ओर से लिखित पुस्तक --- बुद्ध चरित मानस का विमोचन किया। भगवान तथागत गौतम बुद्ध के जीवन और बौद्ध धम्म पर आधारित इस मानस पुस्तक में 55 सर्ग हैं। के पी सविता बौद्ध ने बताया कि अपने धम्म गुरु की प्रेरणा से हमने यह रचना लिखने का साहस किया और शिक्षक के रूप में अपनी सेवा के साथ इसे लिखना शुरू किया। बुद्ध चरित्र मानस पूर्ण होने के बाद उसका प्रकाशन कराया है। इस अवसर पर सिरमौर बौद्ध विहार सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष संजीव भारती, सचिव राम फल फौजी, संगठन सचिव संजय कुमार शास्त्री, कोषाध्यक्ष राम टहल बौद्ध, मीडिया प्रभारी ललित कुमार, डॉ नन्हे लाल, रामचंद्र, रामचंद्र सरस, श्याम लाल, किसुन पाल, राजेश अकेला,राम मिलन शर्मा, हरिकेश भारती,राम प्रताप बौद्धाचार्य, अमृत लाल, बृजेश कुमार, मोती लाल, ज्योति वर्मा,प्रेमा देवी, विकास, श्याम कुमार,राम प्रसाद, हरीराम,राधेश्याम आदि मौजूद रहे।



## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के डीघी गांव में रविवार दोपहर एक 27 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामलें में मृतिका के पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर समेत आधादर्जन ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

सुल्तानपुर जनपद के थाना अखंड नगर के अलाउद्दीनपुर गांव निवासी सुभाष पांडेय ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उनकी बेटी विजया पाठक की शादी 5 वर्ष पहले डीघी गांव निवासी अंकित उर्फ अरुण पाठक पुत्र भगवत पाठक से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उनकी बेटी के साथ ससुराल वालों का व्यवहार खराब था और वे दहेज के नाम पर उसे प्रताड़ित करने लगे।

## भगवान बुद्ध के सिद्धांत और उनके जीवन की घटनाएं हमें शांति व ज्ञान की ओर अग्रसर करती हैं : डीएम

### बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पंचशील धम्म ध्वज दिखाकर शोभा यात्रा को किया रवाना



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तथागत भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में त्रिविध पावनी (जन्म, ज्ञान प्राप्ति बोध एवं महापरिनिर्वाण) वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) के अवसर पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर सम्मिलित हुए तथा पंचशील धम्म ध्वज दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया गया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान बुद्ध के सिद्धांत और उनके जीवन की घटनाएं हमें शांति व ज्ञान की ओर अग्रसर करती हैं। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। बैसाख पूर्णिमा को बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और इसी दिन कुशीनगर में ईसा पूर्व 483 में 80 वर्ष की आयु में महापरिनिर्वाण हुआ था। तीनों घटनाएं वैशाख पूर्णिमा को हुई थीं। इसलिए इसे त्रिविध पावनी जयंती भी कहते हैं। भगवान बुद्ध को कुशीनगर से गहरा लगाव भी रहा। इस अवसर पर म्यानमार के राजदूत ऊ जाव, भदंत ज्ञानेश्वर, भंते डॉ नंद रतन थेरो, भंते महेंद्र थेरो, भंते अशोक, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, नगर निकाय कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि एवम भिक्षु गण व उपासक, जनपदवासी भी उपस्थित रहे।

## उद्यान मंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध व बाबा साहेब की प्रतिमा का किया अनावरण



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विकास खण्ड हरचंदपुर, ग्राम सेरी में पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम बुद्ध पूर्णिमा मना रहे हैं, जो बौद्ध धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण के स्मरण के लिए मनाया जाता है। यह दिन हमारे लिए एक प्रेरणादायक अवसर है कि हम भगवान बुद्ध के शिक्षाओं पर विचार करें, जो हमें करुणा, शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं। बुद्ध पूर्णिमा हमें जीवन के महत्व को समझने और उसे बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### महिला जनसुनवाई 14 मई को


**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी द्वारा 14 मई 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार रायबरेली में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की जानी है, तत्पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह के साथ ही आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जाएगा।


## बुद्ध पूर्णिमा पर्व बसपा सुप्रीमो मायावती ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

**अमेठी।** बुद्ध पूर्णिमा का पर्व सोमवार को पूरी दुनिया में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में धम्मदीक्षा समारोह और धम्म सम्मेलन के आयोजन किए गए हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर देश वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा है कि सत्य, अहिंसा व मानवता की आदर्श ज्योति को दुनिया में फैलाकर तथागत गौतम बुद्ध ने भारत को विश्व गुरु का सम्मान दिलाया। तथागत गौतम बुद्ध के बताए रास्ते पर सही से चलकर लोगों के जीवन को सुखी और संपन्न बनाना ही सच्चा राजधर्म है।अप्प दीपो भव के सिद्धांत से ही देश आत्म निर्भर और महान बनेगा।

बामसेफ के जिला संयोजक और सिरमौर बौद्ध विहार सोइया प्रबंध समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव भारती ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा, त्रिविध, त्रिगुण पावन पर्व है। 563 ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा के दिन तथागत बुद्ध का कपिलवस्तु गणराज्य के लुंबिनी वन में शाल वृक्ष के नीचे जन्म हुआ था।

# नाली विवाद में अधेड़ व्यक्ति को दिया धक्का, गिरने से हो गई मौत


मृतक वीरेंद्र यादव की फाइल फोटो



- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मेहड़ा गांव का मामला

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहड़ा में नाली बनाने के विवाद में सोमवार को एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के व्यक्ति को कहा सुनी के दौरान धक्का दे दिया गया।जिसके कारण 50 वर्षीय व्यक्ति मौके पर गिर कर अचेत हो गया।घायलावस्था में उनको लेकर सीएचसी इलाज के लिए लाए। जहां चिकित्सकों ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहड़ा में नवीन साहनी पुत्र राम निवास साहनी द्वारा नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसको रोकने के लिए उनके पड़ोसी वीरेंद्र यादव पहुंचे। बात चीत के दौरान मामला बिगड़ गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि नवीन और उनके परिजनों ने वीरेंद्र के साथ धक्का मुक्की कर उनको फावड़ा लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया। इसकी खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पीआरवी ने मामले को शांत कर दोनों पक्ष को थाने पहुंचने की हिदायत दिया। इसके बाद फिर हुए विवाद में आरोपी पक्ष अपने पड़ोसी को धक्का दे दिया।जिसके कारण वह मौके पर अचेत होकर गिर पड़े। इसके बाद परिजन वीरेंद्र यादव को इलाज के लिए सीएच सी कप्तानगंज लाए।

जहां चिकित्सकों ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक चन्द्र भूषण प्रजापति ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में ले कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा।

## श्रद्धा और हर्षोल्लास के मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा पर्व

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर्व पूरे जिले में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम सिरमौर बौद्ध विहार सोइया में आयोजित किया गया। यहां बुद्ध चरित्र चंद्रोदय पाठ, धम्म गोष्ठी और बौद्ध भोज का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध ने दुनिया को मानव-मानव एक समान, शांति और मानवता के साथ पंचशील का संदेश दिया है। गरीबी से लडने के लिए पंचशील का सिद्धांत अमोघ अस्त्र है। राजेश अग्रहरि ने सिरमौर बौद्ध विहार सोइया तक पक्के सम्पर्क मार्ग के निर्माण और बौद्ध विहार को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित कराते हुए सौन्दर्यीकरण कराने की घोषणा भी की। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया की प्रबंध कमेटी ने जिला पंचायत अध्यक्ष को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी दिया है।

# प्राचीन समय से योग को पर्यावरण के साथ करना उत्तम माना गया है

■ हरित योग एवं ध्यान अभाविप, नवयोग सूर्योदय सेवा समिति एवं गोमती मित्र मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न




अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** प्राचीन समय से योग को पर्यावरण के साथ करना उत्तम माना गया है। हरित योग व्यक्ति को पर्यावरण के साथ मिलकर स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है। यह बातें मुख्य अतिथि विश्व योग दिवस -25 की अंतर मंत्रालयी समिति के सदस्य योग गुरु डॉ नवदीप जोशी ने आयुष मंत्रालय के हरित योग के आवाहन पर सीताकुंड धाम पर नवयोग सूर्योदय सेवा समिति ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोमती मित्र मंडल के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित हरित योग कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम संयोजक परमेंद्र सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस के पूर्व गोमती नदी के घाट की सफाई, वृक्षारोपण एवं योगिक खेल, योगाभ्यास और ध्यान के कार्यक्रम आयोजित हुए। आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, अभाविप काशी प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष डा संतोष सिंह अंश, सिविल लाइंस सभासद रमेश सिंह टिन्नू, धनंजय सिंह मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल सुल्तानपुर की प्रधानाचार्या नीलम सिंह , योग गुरू रामफेर सिंह, कुँवर दिनकर सिंह, राजेंद्र सिंह, राकेश सिंह, विनय सिंह, साहिल कुमार मिश्र, आयुष विश्वकर्मा, कृष्णा श्रीवास्तव अम्बेश्वर मिश्र, मारुत कुमार, सुधा सिंह,श्रेया शुक्ला, शिल्पी श्रीवास्तव, रीता पाण्डेय,प्रीति तिवारी, सुरज, जतिन मिश्र,व 150 से अधिक योग प्रेमी उपस्थित रहे।

## बारातियों की तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड्ड में पलटी

■ एक की हुई मौत,तीन घायल,दो की हालत गंभीर

**सुल्तानपुर।** बारातियों की तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड्ड में पलट गयी। जिसमे एक की मौके पर मौत हो गयी।तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे दो की हालत नाजुक बनी हुई है।सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर सुल्तानपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अम्बेडकरनगर किया गया रिफर। दुर्घटना बीती रात संसार पट्टी, थाना सरपतहां, जौनपुर में हुई। आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र से असैथा बालचनपट्टी, जौनपुर आई हुई थी बारात। घाललों में संजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र रामजीत विश्वकर्मा 30 वर्ष निवासी कुशवां थाना दीदारगंज, आजमगढ़ को किया मृत घोषित। करन विश्वकर्मा पुत्र जनार्दन विश्वकर्मा, एवं अभिषेक विश्वकर्मा को रिफर किया गया। सुनील विश्वकर्मा को उपचार के पश्चात घर जाने दिया। गांव वालों के सहयोग से कार के तोड़कर घायलों निकालकर सीएससी अखंड नगर भेजा गय। सूचना पर सीएससी अखण्डनगर पहुंची पुलिस। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है,शव को कब्जे में को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# झूठे दावों से इतर सच्चाई, जिला महिला अस्पताल में बंद पड़ा शौचालय

■ परेशान मरीज और तीमारदारों से नगरपालिका का एकमात्र शौचालय, वसूला जा रहा सुविधा शुल्क

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव के दावों से इतर सच्चाई कुछ और ही बया कर रही है। जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों और तीमारदारों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने परिसर के शौचालयों पर ताले लगा दिए हैं।

परिसर में नगर पालिका परिषद् द्वारा संचालित एक ही शौचालय खुला है। इस शौचालय को धन उगाही का केंद्र बना दिया गया है। मरीजों और उनके परिजनों से शौचालय के उपयोग के लिए शुल्क वसूला जा रहा है। यह कार्य न केवल गैरकानूनी है, बल्कि अस्पताल में निःशुल्क सुविधाओं के नियम का भी उल्लंघन है। इस व्यवस्था से सबसे अधिक कठिनाई प्रसूताओं को हो रही है। उन्हें बार-बार शौचालय जाने की आवश्यकता होती है। मरीजों के परिजनों को या तो खुले में जाना पड़ रहा है या शुल्क देना पड़ रहा है। बुजुर्ग, विकलांग और छोटे बच्चों वाले परिवारों की स्थिति और भी खराब है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों का इलाज तो हो रहा है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




# टेबिलब्रेकर व अंडरपास की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर/तिलहर।** शुक्रवार को नगर के पूर्वी भक्सी तिराहा पर खूनी दुर्घटना हो जाने के बाद नगर भर के लोगों में शासन/प्रशाशन एवं राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के विरुद्ध रोष देखने को मिल रहा है। इसी संबंध में कांग्रेस के माइनारिटी डिपार्टमेंट इकाई के लोगों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसील दार को दिया। इससे पहले भक्सी तिराहा पर बने बाद स्टैंड पर, नगर के वरिष्ठ कांग्रेसीजनो ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माइनारिटी डिपार्टमेंट के प्रदेश सचिव प्रोफेसर डॉक्टर जानेआलम खान के नेतृत्व में लगभग चार घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। हाईवे स्थित धरना स्थल पर उपजिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायव तहसीलदार मनु माथुर ने ज्ञापन लिया और आश्वाशन दिया कि इस ज्ञापन पर जल्द कार्यवाही की संभावना है। बताते चले कि उक्त कांग्रेसीजनो ने तिलहर नेशनल हाईवे (सड़क) भक्सी तिराहा पर आए दिन बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने हेतु शीघ्र ही टेबिल टाइप ब्रेकर व अंदर पास बनाए जाने के संबंध में आज तीसरी बार ज्ञापन दिया है। उन्होंने अपने इस तीसरे ज्ञापन में अब तक घटी लगभग सभी घटनाओं का जिक्र किया। इस तीसरे ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने प्रशाशन को पंद्रह दिनों का समय दिया है तथा साथ ही चेतावनी दी कि अन्यथा की स्थिति में वे हाईवे जाम करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी अजय पाठक, दानिश शेख, अफजाल हुसैन, सैय्यद फिरोज अली, बाबर बेग, मो. इरशाद, मो. अनस अहमद, अंश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चांद अंसारी, गफ्फार अहमद, संजय शर्मा, राम सिंह, विवेक, सुभाष शुक्ला, मो. रईस, आदिल अहमद, अरशद नईम यार खान, गुड्डू खान, वाहिद, मो. फहीम, मो. अच्छन खान, सगीर अंसारी, कामरान खान, फैसल, लड्डू खान, मखदूम व सभासद अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिला अस्पताल सुल्तानपुर में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सलील श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सीएमएस पुरुष अस्पताल डॉ. आर.के. मिश्रा, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. आर.के. यादव, वरिष्ठ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ. निशीकांत, डॉ. रामधीनेंद्र तथा matron आर.पी. सिंह ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ के समर्पण, सेवा भाव और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित किया गया। रेनू सिस्टर ने नर्सिंग स्टाफ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ज्योति सिस्टर द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने कुशल एंकरिंग से माहौल को जीवंत बनाए रखा।इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने नर्सों को स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बताते हुए उनके समर्पण की सराहना की और उन्हें समाज की असली नायिका कहा।

### अयोध्या जाने वाली दर्जनों गाड़ियों के चक्कों पर लगा ब्रेक, इलाकाई पुलिस नदारद



**सुल्तानपुर,गोसाईगंज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के द्वारका गंज चौकी अंतर्गत कटका चौराहा भीषण जाम से जूझ रहा है।लोग जाम में फंसे हुए है। अयोध्या जाने वाली दर्जनों वाहनों के चक्के थम गए हैं। बावजूद उसके द्वारिकागंज चौकी की पुलिस नदारद है। यहां पर मौजूद चौकी इंचार्ज की बेतरतीब पुलिसिंग से अयोध्या क्षेत्र को जाने वाली गाड़ियां जाम में फंसी हुई है। दिन भर फिक्सिंग के चलते ज्यादातर पुलिसकर्मी लापरवाह हो गए हैं। लोगों का कहना है कि चौकी पर तैनात इंचार्ज समेत ज्यादातर पुलिस कर्मी लापरवाह हो गए हैं। बताया जाता है कि जाम खुलने की झूठी तस्वीर उच्चधिकारियों को भेज कर गुमराह करने का प्रयास किया जाता है। अभी आज सुबह लंबा जाम लगा हुआ है। इस पूरी तस्वीर में आपको एक भी पुलिसकर्मी दिखाई नहीं देगा।चौकी इंचार्ज की आराम तलब नीति मुसाफिरों पर भारी पड़ रही है।

## फर्जी बैनामे में तीन पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले 02 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगो की जमीन का फर्जी बैनामा करने वाले अभियुक्तगण वबीता देवी पत्नी स्व रामपाल निवासी ग्राम धौर्रा छलेसर एत्मादपुर आगरा, साहिल पुत्र चांदबाबू निवासी गांगनी दरवाजा थाना फरिहा फिरोजाबाद, जौधा पुत्र कारेलाल निवासी नगला सीरस थाना एत्मादपुर आगरा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना जसराना पर मु0अ0सं0 122/25 धारा 419/420/467/468/471/504/506/120 बी भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट पंजीकृत है। अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह, व0उ0नि0 मुनेश कुमार, उ0नि0 सुधीर कुमार, प्र0म0उ0नि0 योगिता सिंह, म0का0 बन्दना देवी थाना जसराना फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## टूण्डला पर परिवार परामर्श केन्द्र का हुआ उद्घाटन



**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन जागृति फेस-04 के अन्तर्गत पारिवारिक विवादों को सुलझाने एवं उनके विधिक निस्तारण के लिए जनपद फिरोजाबाद के सर्किल टूण्डला में थाना टूण्डला पर परिवार परामर्श केंद्र का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जनपद फिरोजाबाद द्वारा किया गया। पुलिस परामर्श केन्द्र में प्रत्येक रविवार को पारिवारिक मामलों की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक रूप से निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टूण्डला, प्रभारी निरीक्षक टूण्डला व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## खड़ंजा बिछाने को लेकर हुई मारपीट,युवती गंभीर

**सुल्तानपुर।** खड़ंजा बिछाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने युवती को घर में घुसकर लाठी डंडे से पीटा,जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।हल्ला गुहार पर दोनों पक्षों में पथराव भी हुआ। दूसरे पक्ष की महिला का सिर फटा। गंभीर स्थिति में दोनों पक्ष सुल्तानपुर चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराए गए। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत पीतांबरपुर गांव से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। दीवानी न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद जबरन खड़ंजा बिछाने को लेकर दोनों पक्षों में बीती रात विवाद हुआ था।

# सिर्फ जांच तक सीमित रह गया स्वास्थ्य विभाग में हुआ 100 करोड़ का घोटाला

■ जिलाधिकारी ने 100 करोड़ घोटाले की की थी पुष्टि शासन को भेजी थी रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** पूरे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बना शाहजहांपुर जनपद का स्वास्थ्य विभाग और विभाग में हुए घोटाली की चर्चा अब क्या फाइलों में दफन हो जाएगी इसकी चर्चा अब शाहजहांपुर जनपद में जोर-जोर से हो रही है शाहजहांपुर जनपद में मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह और जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई जांच में करीब 100 करोड रुपए घोटाले का मामला सामने आया था जिसमें जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने खुद मीडिया के सामने आकर स्वास्थ्य विभाग में लगभग 100 करोड रुपए घोटाले की पुष्टि की थी और इसकी जांच रिपोर्ट भी शासन को भेज दी थी लेकिन इस जांच को हुए करीब एक माह बीत चुका है लेकिन अभी तक विभाग के किसी अधिकारी या कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है यहां तक एक माह बीत जाने के बावजूद कार्रवाई न होने के कारण अब जनपद में चर्चा शुरू हो गई है क्या स्वास्थ्य विभाग में हुए 100 करोड रुपए का मामला फाइलों में दफन हो जाएगा या फिर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई कार्रवाई भी होगी फिलहाल स्वास्थ्य विभाग में ही नहीं इस समय जनपद के कृषि विभाग में भी एक बड़े घोटाले की चर्चा हो रही जिसमें कृषि विभाग के पंकज बाबू ने नकली खाद बीज बेचकर किसानों से खूब लूट की है और इस मामले में सत्ताधारी एक विधायक की पत्नी का भी नाम सामने आया बताया गया कि कृषि विभाग के बाबू ने जिस फर्म से किसानों को नकली खाद बीज बेचकर घोटाला किया है उस कंपनी में विधायक की पत्नी भी शामिल है बड़े-बड़े चैनलों पर यह खबर सुर्खियों में रही लेकिन अभी तक इस मामले में भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिसके चलते अब इन घोटालों पर सवालिया निशान भी उठ रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग के जांच रिपोर्ट में आरोपी अपनी अपनी सीट पर आज भी विराजमान है और दबी जुबान कह रहे हैं शाहजहांपुर जनपद में जिस घोटाले की बात हो रही है अगर पूरे उत्तर प्रदेश में जांच की जाए तो बैसा घोटाला पूरे उत्तर प्रदेश में हुआ है मतलब साफ है जांच के दौरान अपनी-अपनी सीट पर जमे अधिकारी और जिम्मेदार कर्मचारियों जांच को प्रभावित करते हुए स्वास्थ्य विभाग के घोटाले के आरोपी अपने आप को बचाने के लिए नीचे से ऊपर तक चक्कर लगाकर अपना पल्ला झाड़ने में जुटे हुए हैं।

## आक्रोशित किसानों ने माधवगंज फीडर का किया घेराव, लगाया ताला

**शिकोहाबाद।** माधवगंज फीडर से ग्रामीण अंचल की आपूर्ति ना होने से किसानों की फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। जिससे आक्रोशित किसानों ने सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन गांव से सैकड़ों किसान माधवगंज फीडर पर पहुंच गए। आक्रोशित किसानों ने जमकर नारेबाजी की और बाद में फीडर पर ताला लगा दिया। इसके बाद वहीं पर फर्श बिछा कर धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंचे जेई ने उनकी बात को सुना और उन्हें शीघ्र विद्युत सुचारू करने का आश्वासन देकर मामला शांत करा दिया। विद्युत व विभाग ने ग्रामीण और खेत की बिजली को अलग कर दिया है। जिससे किसानों को ट्यूबवैल वाली बिजली विगत एक सप्ताह से मात्र दो या तीन घंटे आपूर्ति हो पा रही है। जिससे किसानों की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं।

# स्पेस लैब एवं पुस्तकालय का पर्यटन मंत्री ने किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कम्पोजिट परिषदीय विद्यालय ग्राम करहरा विकास खण्ड अरांव में बने स्पेस लैब एवं पुस्तकालय का लोकार्पण किया, इस दौरान मंत्री जी के साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत, बीएसए आशीष पाण्डेय भी उपस्थित रहें, इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि इस विद्यालय से मेरा विशेष लगाव रहा है, यहीं पर मेरी प्रारम्भिक शिक्षा हुई, मेरे व्यक्तित्व के निर्माण में इस विद्यालय का अहम योगदान रहा है, पहले से अब इस विद्यालय में काफी परिवर्तन आ गया है, यहां पर स्थापित पुस्तकालय और स्पेस लैब से बच्चों के अध्ययन और ज्ञानवर्धन में वृद्धि होगी, साथ ही उन्हे अब ज्ञान अर्जन हेतु अयंत्र भ्रमण नही करना पडेगा, इसके लिए मैं जिलाधिकारी की इस दिशा में किए गए प्रयास की विशेष रूप से सराहना करता हुं, आज जनपद के 300 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालयों का निर्माण हो चुका है, जो जनपद के युवाओं के लिए आने वाले समय में एक विशिष्ट उपलब्धि साबित होगी, इस अवसर पर मंत्री जी ने वहां उपस्थित बच्चों से संवाद भी किया और उन्हे प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सदैव ऊंचा बनने का प्रयास करें, और इसके लिए जी तोड़ परिश्रम ही एक मात्र विकल्प है, जो भी व्यक्ति आज किसी खास मुकाम पर पहुंचा है, उसके पीछे उसकी लग्न और कडी मेहनत ही है, इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हम शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु कृत संकल्पित है, क्योंकि शिक्षा की गुणवत्ता जितनी अच्छी होगी, देश और समाज उतना ही आगे बढ़ेगा, जनपद में स्थापित स्पेस लैब और साइंस लैब को ज्यादा से ज्यादा बढावा दिया जा रहा है, ताकि बच्चों की नवोन्मेष क्षमता को बाहर लाया जा सकें, जिलाधिकारी ने कहा कि हम सड़क और खड़ंजों का निर्माण तो करा ही रहें है, परन्तु अब जरूरत है कि इसी तरह अब पुस्तकालयों का भी निर्माण कराया जाए, जिससे युवा पीढ़ी दिशा भ्रमित न हो।

# साइबर ठगों के बड़े गिरोह को दबोच कर पुलिस ने किया खुलासा

■ तमिलनाडु में हुए एक करोड़ पचासी लाख रुपए की साइबर ठगी से भी जुड़े हैं तार

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद में आज पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है इन ठगो द्वारा भोले भाले मासूम लोगों का बैंक खाता सरकारी योजनाओं में लाभ दिलवाने की लालच देकर खुलवाया जाता था। एटीएम सहित अन्य कागजात अपने पास रख कर ये लोग साइबर अपराध करके इन्हीं खातों में पैसा मंगवा कर एटीएम तथा पासबुको से निकाल लेते थे चूंकि खाते खोलने के समय खाते में अपने लोगों का नबर और हस्ताक्षर करवा लेते थे जिससे इन भोले भाले लोगों को जानकारी नहीं मिल पाती थी। मामले की जानकारी तब पुलिस को हुई जब अंकित कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि साइबर ठगों ने उसके खाते में चालीस लाख रुपए मंगवाकर तीस लाख रुपए निकाल लिए हैं इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान रामनयन सिंह के निर्देशन में एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ मिलकर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने ठगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद इनके पास से एक चौंकाने वाली बात सामने आई जिसमें तमिलनाडु में दर्ज 88/24 मामले का एक करोड़ पचासी लाख रुपए भी इसी खाते में मंगवाए गए थे जिससे इन ठगो के तार तमिलनाडु में भी हुए क्राइम में दिखाई दे रहे हैं फिलहाल पुलिस ने वेद प्रकाश सिराज अहमद रवि उर्फ रविन्द्र दाऊद मोहम्मद वसी तथा सुहेल खान को गिरफ्तार कर लिया गया है और इनमें सम्मिलित अन्य ठगो की तलाश की जा रही है।

आज पुलिस लाईन सभागार में इस घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि कप्तान रामनयन सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में हो रहे साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा छह साइबर ठगो को पकड़ा गया उन्होंने बताया कि वादी अंकित कुमार वर्मा पुत्र रामगोपाल वर्मा निवासी भैंसाही थाना रिसिया जनपद बहराइच की तहरीरी सूचना कि वेद प्रकाश वर्मा उर्फ अनिल वर्मा पुत्र शिवकुमार वर्मा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर वादी मुकदमा के साथ धोखाधड़ी कर उसका बैंक खाता खुलवाकर लोगों से साइबर फ्रॉड व ठगी के माध्यम से हवाला के 40 लाख रुपये मंगवाकर वादी के बिना जानकारी के 30 लाख रुपये निकलवा लिये गये जिसके सम्बन्ध में वेद प्रकाश वर्मा आदि के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना साइबर क्राइम पुलिस को जनपदीय पुलिस इकाईयों की मदद से उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें गठित पुलिस टीम द्वारा अभियोग से सम्बन्धित नामजद अभियुक्तों की रिसिया मोड़ चौराहे के आस-पास तलाश की जा रही थी कि मुखबिर खास से नामजद अभियुक्तों के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की निशानदेही पर मौके पर पहुँच कर मुकदमें से सम्बन्धित नामजद अभियुक्तों से नाम पता पूछते हुए व जामा तलाशी ली गयी। जामा तलाशी से बड़ी संख्या में पैन, आधार, एटीएम, बैंक चेक, चेक बुक, एकाउन्ट ओपनिंग फार्म, मुहर, इंटरनेट बैंकिंग फॉर्म, वोटर आईडी, क्यूआर, पासपोर्ट, मोबाइल, पासबुक आदि बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में पकड़े गये 06 नामजद अभियुक्तों से गम्भीरतापूर्वक पूछताछ की गयी तो बताया कि हम लोग भोले-भाले व्यक्तियों को लोन का लालच देकर उनके बैंकों में बचत व चालू खाते खुलवाकर उनके खातों का चेकबुक, एटीएम व खाते में रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नम्बर लेकर इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से साइबर फ्राड करके बड़ी मात्रा में धनराशि अपने द्वारा खुलवायें गये भोलेभाले व्यक्तियों के खातों में व स्वयं के खातों में धनराशि ऑनलाइन साइबर ठगी कर इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम मंगाकर आपस में बांट लेते हैं। सभी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर, बरामद माल को नियमानुसार कब्जा पुलिस लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों वेद प्रकाश उर्फ अनिल वर्मा पुत्र शिव कुमार वर्मा सिराज अहमद पुत्र अब्दुल हमिद रवि उर्फ रविन्द्र मौर्या पुत्र कमला प्रसाद दाउद पुत्र अंसार अहमद मो. वसी खान पुत्र मो. शमी खान पता सुहेल खान पुत्र स्व. लइक अहमद को जेल भेजा गया। इस गिरफ्तारी पुलिस टीम मे साइबर क्राइम पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह संतोष अवस्थी निरीक्षक रामसमुझ प्रभाकर हे.का. करूणेश शुक्ला हे.का. अमित कुमार यादव हे.का. अनिल कुमार का. राहुल यादव का. प्रदीप कुमार का. राकेश यादव साइबर सर्विलांस सेल से हे.का. प्रदीप कुशवाहा का. प्रदीप गंगवार का. नितिन अवस्थी का. आनन्द उपाध्याय की सराहनीय भूमिका रही।

### साइबर ठग ऐसे करते थे अपराध

**बहराइच।** एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि उपरोक्त साइबर अपराधियों द्वारा भोले-भाले व्यक्तियों को लोन का लालच देकर उनके बैंकों में बचत व चालू खाते खुलवाकर उनके खातों का चेकबुक, एटीएम व खाते में रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नम्बर लेकर इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से साइबर फ्राड करके बड़ी मात्रा में धनराशि अपने द्वारा खुलवायें गये भोलेभाले व्यक्तियों के खातों में व स्वयं के खातों में धनराशि ऑनलाइन साइबर ठगी कर इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से अर्थिक लाभ लेना इनका साइबर क्राइम करने का तरीका था।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य–उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20402-SLR-F1-LK0-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20401-SLR-F2-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14235-SLR-F1-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14235-SLR-F2-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14013-SLR-F2-SLN-ANVT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20402-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-F1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 13:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1405/2025

# छात्रवृत्ति व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र पाकर खिले छात्राओं के चेहरे



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जन कल्याण सेवा समिति करनपुरा केंद्र पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पीवी इंस्टॉलेशन हेल्पर ट्रेनिंग प्रोग्राम में उत्तीर्ण छात्राओं को 35 सौ रुपए की छात्रवृत्ति के साथ प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। छात्रवृत्ति एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उक्त छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के दौरान संस्था के मैनेजर मोहम्मद कासिम अंसारी ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के एससीजीजे द्वारा कराया जा रहा है जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को भारत सरकार द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं 35 सौ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। जन

**जन कल्याण सेवा समिति करनपुरा केंद्र पर दिया गया प्रशिक्षण**

कल्याण सेवा समिति का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को उक्त सरकारी योजना, ट्रेनिंग का लाभ दिलाकर नौकरी एवं रोजगार के अवसर प्रदान कराए जा सकें। श्री अंसारी ने कहा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकुर सूद एवं शेखर सिंह डिप्टी मैनेजर एससीजीजे की मुख्य भूमिका रही। उक्त छात्रवृत्ति एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में अब्दुल जब्बार, इज़हार अहमद, इकरार अहमद, दशरथ कुमार, विवेक कुमार, समीर अख्तर, अरीबा, ज़ेबा मुस्कान सानिया अलकाफिया शबीना आदि लाभ लेने वाले छात्र एवं अध्यापक मौजूद रहे।

# बुद्ध के बताये रास्ते पर चलने से ही मानव कल्याण सम्भव

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा अर्थात जन्म, ज्ञान प्राप्ति व महापरिनिर्वाण का पवित्र त्योहार आज बैशाख पूर्णिमा/बुद्ध पूर्णिमा के दिन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम तथागत बुद्ध विहार निकट रेलवे फाटक राबर्ट्सगंज सोनभद्र में 8.30 बजे पूज्य भन्ते आनंद जी द्वारा बुद्ध वंदना, त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण कराने के बाद सुबह 9.30 बजे सैकड़ो धम्म बंधुओं के साथ धम्म प्रभातफेरी/ शोभायात्रा तथागत बुद्ध विहार से प्रारम्भ होकर राबर्ट्सगंज नगर में रेलवे क्रासिंग से धर्मशाला चौराहा से चंडी तिराहा से बढ़ौली चौराहा से मिशन अस्पताल होते हुए बढ़ौली चौराहा से कचहरी होते हुए महिला थाना पुनः बुद्ध विहार पहुँची। प्रभात फेरी में धम्म घोष व नारे के साथ ÷ गौतम बुद्ध का है पैगाम, मानव मानव एक समान। भगवान बुद्ध की करुणा हो, करुणा हो, करुणा हो ।भारत की है जिससे शान, विजयी विश्व अशोक महान। घर घर अलख जगायेंगे, सबको बौद्ध बनाएंगे। बुद्ध विहार पर आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम में महिला पुरुष व बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए रामधारी संजीवैया व सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि बुद्ध का धम्म एक ऐसा मार्ग है जो सर्व समाज को एक समान जीने का अधिकार देता है और मानवता को स्थापित करता है एवं भगवान बुद्ध के बताए गए मार्ग पर चलकर देश दुनिया मे व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा, व्यभिचार, अत्याचार का जो माहौल है उससे मुक्त किया जा सकता है। देश विदेश में सुरक्षा शांति का माहौल कायम हो सकता है एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए भगवान बुद्ध ने पंचशील का पालन करते हुए अष्टांगिक मार्ग रूपी रास्ता दिए जिसका पालन करके एक मनुष्य एक समाज शीलवान बनता है जिससे लोग सुखी व समृद्धि होते है लेकिन ज्योंही हम पंचशील के रास्ते से दूर होते है तो शीलवान समाज से अश्लील समाज हो जाता है इसलिए समाज को हिंसा, नफरत, झूठ, चोरी, घूसखोरी, व्यभिचार, नशाखोरी व पर्यावरण असंतुलन जैसी महामारी से मुक्त करने के लिए बुद्ध का रास्ता अपनाना ही पड़ेगा। श्याम सुन्दर प्रजापति व राजकुमार सोनकर जी ने कहा कि बुद्ध का मार्ग बहुत सरल व लोक कल्याण का मार्ग है उसको अपनाकर ही हम अपना जीवन मंगल बना सकते है। कार्यक्रम के सचिव उमेश मौर्य ने सबका आभार व्यक्त किया। संचालन नरेन्द्र प्रताप जे ई साहब ने किया।

## मुस्करा थाना प्रकरण: वायरल वीडियो की जांच में सामने आए तथ्य

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के संबंध में थाना मुस्करा पुलिस ने त्वरित जांच की। वीडियो 12 मई 2025 को चरखारी रोड, जीआईसी के सामने, कस्बा मुस्करा का पाया गया। इसमें दिख रहे व्यक्ति की पहचान शिव कुमार साहू (20 वर्ष), पुत्र कामता साहू, निवासी मोहल्ला क्योटरा, थाना कोतवाली नगर, बांदा के रूप में हुई। वह मुस्करा में किराए के मकान में रहकर बर्फ के गोले बेचता है।पुलिस ने पीड़ित पक्ष से संपर्क कर मौके पर जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि आरोपी ने बच्चों के साथ छेड़खानी या आपत्तिजनक शब्दों का सीधे तौर पर प्रयोग नहीं किया। हालांकि, मोहल्ले के एक लड़के ने बताया कि दो दिन पहले आरोपी ने गलत शब्द बोले थे, लेकिन तब बच्ची मौजूद नहीं थी। आज मुलाकात पर लोगों ने उत्तेजना में उसके साथ दुर्व्यवहार किया।परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए तहरीर देने से मना किया। थाना पुलिस प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# मातृदिवस पर जायंट्स मैत्री ने विभा भदौरिया को दिया मातृ सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा मैत्री द्वारा मातृ शक्ति सम्मान में होटल चाणक्य सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मैत्री अध्यक्ष सारिका अग्रवाल द्वारा ध्वनि व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस मौके पर मातृ सम्मान से विभा भदौरिया को सम्मानित किया गया। सारिका अग्रवाल ने मातृदिवस मनाने के बारे में जानकारी दी। अरुणा सिंह, रश्मि पालीवाल ने माँ के अनमोल प्यार पर अपने विचार प्रकट किए। स्मिता यादव निदेशक यूनिट 3 फेड-5 ने सभी का अभिनंदन, वंदन करते हुए मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा सुन्दर होंगे देश बहुत से बहुत बढ़ी है ये धरती, अपनी माँ बस अपनी ही है अमित प्यार जो है करती। डॉ तृप्ति यादव ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी निश्चित ही माँ और मातृ भूमि स्वर्ग से भी बढ़कर हैं। इस मौके पर सत्यभामा सिंह, दीप्ति मित्तल, शीतल माहेश्वरी, वर्षा चौबे, प्रवीना पालीवाल, राजश्री वर्मा, राजरानी अरोरा, आशा पाण्डेय, नीतिमा गुप्ता, प्रीति जैन, हिना तनवीर, पूनम शर्मा, रश्मि पालीवाल, वर्षा चौबे, स्वाति जैन, स्वेता अग्रवाल, संध्या वर्मा आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सीमा सिंह ने किया।

# अंताक्षरी सीज़न-3 का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल का विंध्य क्लब संगीतमय लहरों और यादों के संग एक खास शाम का गवाह बना, जब बॉलीवुड के बाज़ीगर-एक सुरीली शाम (अंताक्षरी सीज़न-3) का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में परियोजना के 13 जोशीले टीमों और उनके परिवारों ने हिस्सा लिया और बॉलीवुड संगीत ज्ञान की इस रोचक जंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर थीम के तहत एक देशभक्ति गीत से हुई, जो हमारे सशस्त्र बलों को समर्पित था। इस भावनात्मक प्रारंभ ने पूरे कार्यक्रम को एक उत्सवी और गर्वपूर्ण माहौल प्रदान किया। दो कठिन एलिमिनेशन राउंड्स और पाँच चरणों की रोमांचक ग्रैंड फिनाले के बाद टीम ज़िंगालाला ने विजयी ताज पहना, जबकि सुर के पक्के ने दूसरे स्थान पर कड़ी टक्कर दी। इस यादगार शाम की शोभा बढ़ाई विशिष्ट अतिथियों ने जिसमें राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), सुमन कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक (ऑपरेशन), हनुमान सोनी, वरिष्ठ प्रबंधक (प्रचालन) तथा वेद प्रकाश, प्रबंधक (प्रचालन) एवं जनरल सेक्रेटरी, विंध्य क्लब के प्रोत्साहन ने पूरे कार्यक्रम को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक रात्रिभोज के साथ हुआ, जहां हँसी, तालियों और संगीत की गूंज ने एकजुटता और सौहार्द की भावना को और गहरा किया। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि समुदाय को भी मजबूत बनाते है,यही है विंध्य क्लब की असली पहचान।

## चलती स्कूटी में लगी भीषण आग, महिला और बच्चे ने कूदकर बचाई जान

**हमीरपुर (राठ)** राठ कस्बे में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब उरई रोड पर करीब 12 बजे एक चलती स्कूटी अचानक आग का गोला बन गई। स्कूटी पर सवार पूजा और उनके साथ बैठे बच्चे ने सूझबूझ दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाई।पठानपुरा निवासी भरत सिंह ने बताया कि पूजा अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थीं, तभी स्कूटी में अचानक आग भड़क उठी। पूजा ने तुरंत बच्चे को स्कूटी से उतारा और खुद भी कूद गईं। यह स्कूटी टीवीएस कंपनी की थी, जिसे महज 20 दिन पहले ही सर्विस कराया गया था।घटना की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# सरीला में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान 18 घंटे के रोस्टर का नहीं हो रहा पालन

अवधनामा संवाददाता

**सरीला हमीरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन महीनों से जारी अघोषित बिजली कटौती ने उपभोक्ताओं का जीना मुहाल कर दिया है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोग त्रस्त हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन और योगी सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 18 घंटे बिजली आपूर्ति का रोस्टर जारी किया गया है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही। हरसुंडी, रिरुवा, पचखुरा, टाई, रहटिया, मशीदन, जलालपुर, भेड़ी, कदौरा सहित कई गांवों में बिजली कटौती से पेयजल व्यवस्था चरमराने के साथ-साथ आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं होने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार कटौती का समय निर्धारित करने की मांग की, लेकिन विद्युत विभाग और जिला प्रशासन की अनदेखी से समस्या जस की तस बनी हुई है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली कटौती के कारण सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चे प्रभावित हो रहे हैं, जिनकी रातों की नींद हराम हो गई है। पानी की किल्लत भी बढ़ रही है, जिससे लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। हरसुंडी गांव के उत्तम, मोहर सिंह, सुनील, हरिओम, अश्वनी, अजयपाल, परसराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि फसल कटाई और बुनाई का काम पूरा होने के बावजूद बिजली आपूर्ति महज 8 से 10 घंटे ही हो रही है। उनका आरोप है कि एसडीओ और जेई की मनमानी के चलते यह स्थिति बनी हुई है।वहीं, सरीला के एसडीओ का कहना है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि फसलों में बिजली की चिंगारी से आग लगने की आशंका के चलते दोपहर में कटौती के आदेश दिए गए थे। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि इस बहाने से बिजली आपूर्ति में भारी कटौती की जा रही है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली कटौती का समय निर्धारित किया जाए ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**नोट:** यह खबर तथ्यों को संक्षिप्त और स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करती है, जिसमें स्थानीय लोगों की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता दी गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## मातृ दिवस पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ विशेष कार्यक्रम



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास पर मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव (डीटीसी, सीबीएसई) ने विद्यार्थियों को मातृ सम्मान और संस्कारों के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें नृत्य, गीत और कविताओं के माध्यम से माताओं के प्रति प्रेम और आदर व्यक्त किया गया। डॉ.यादव ने अपने संबोधन में कहा कि माँ न केवल परिवार की आधारशिला होती है, बल्कि वह बच्चों के चरित्र निर्माण की पहली गुरु भी होती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी माता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें और उनके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित माँ को समर्पित कार्ड प्रदर्शनी के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थितजनों को भावुक कर दिया।

## शहीद सूरज सिंह के निवास पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भावपूर्वक श्रद्धांजलि व्यक्त की



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिले के चकरनगर तहसील ग्राम प्रेमपुर में सोमवार को शहीद सूरज सिंह यादव के निवास पर पहुंचकर उ.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भावपूर्वक श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस अवसर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित शहर दीक्षित मो राशिद पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे पी सी सदस्य प्रशांत तिवारी पी सी सी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी सतीश नागर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज दीक्षित ब्लॉक अध्यक्ष मेहरबान सिंह चकरनगर ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमार परिहार संजय तिवारी पूर्व पी सी सी सदस्य सुभाष गुप्ता पी सी सी कुसुमलता उपाध्याय अरशद अली अंशुल यादव सचिन शंखवार अंसार अहमद यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शोजब रिजवी अध्यक्ष आसिफ ज़दरान धीरेंद्र अवस्थी प्रदीप द्विवेदी तुलसीदास शुक्ला करन सिंह राजपूत आसाराम कठेरिया ऋषभ शुक्ला शिखर पाण्डेय बृजपाल चौहान मुकेश यादव बंटू शर्मा अंशु चौधरी अभिषेक शर्मा ब्रजेश मिश्र अन्नू दीक्षित आदि के साथ औरैया फिरोजाबाद एटा मैनपुरी आदि जनपदों से जिलाअध्यक्ष व उनके पदाधिकारीगण सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## जिला कारागार का निरीक्षण



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देश पर पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर के.पी. चंदीला, डिप्टी जेलर संगेश कुमार और चीफ लीगल एड डिफेंस कार्उंसिल आनंद कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। पुरुष, महिला और बच्चा बैरिक का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जेल अस्पताल का दौरा कर बंदियों को दवाइयों और इलाज की उपलब्धता की जानकारी ली गई। सजायाफ्ता बंदी पन्नालाल, जो मोतियाबिंद से पीड़ित है और उसे कम दिखाई देता है, के इलाज के लिए उसे कानपुर भेजने का निर्देश दिया गया।सचिव ने बंदियों को सूचित किया कि जिनके पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वे जेल अधीक्षक के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर किया जाएगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने ईएसकॉम (दक्षिण अफ्रीका) के लिए शुरू किया तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड और दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी पावर यूटिलिटी कंपनी ईएसकॉम के बीच 28 नवम्बर 2024 को हुए समझौता ज्ञापन (MoU) के तहत, एनटीपीसी को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें डब्ल्यूएफजीडी तकनीक पर 52 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहली बैच की शुरुआत 12 मई 2025 को एनटीपीसी विंध्याचल में हुई। कुल चार बैचों में विभाजित यह कार्यक्रम, प्रत्येक बैच में 12 सप्ताह की अवधि और 8 प्रतिभागियों के साथ आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करना और ज्ञान का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है।इस उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने, जो प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधनप्रमुख (विंध्याचल) समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कॉर्पोरेट सेंटर के इंटरनेशनल बिज़नेस डेवलपमेंट ग्रुप से जतिंदर सिंह चंदोक, महाप्रबंधक (आई बीडी), तपस कुमार मजूमदार, उपमहाप्रबंधक(आई बी डी) तथा लाल बिहारी प्रसाद,वरिष्ठ प्रबंधक (आईबीडी) भी कार्यक्रम में भाग लिया। इनके साथ ईएसकॉम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जतिंदर सिंह चंदोक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यप्रणाली और प्रमुख लक्ष्यों को साझा किया तथा ईएसकॉम के वरिष्ठ अधिकारियों की अपेक्षाओं को भी सामने रखा। उन्होंने इस पहल को ज्ञान साझेदारी और क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।यह सहयोग न केवल एनटीपीसी की वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका को पुष्ट करता है, बल्कि इसे एक भरोसेमंद ज्ञान साझेदार के रूप में भी स्थापित करता है।

# ई एन्ड आई की टीम ने ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर एवं फोनिक्स क्लब रेनुसागर के संयुक्त तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज के ग्राउण्ड में सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप की कड़े मुकाबले में ई एन्ड आई की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये 12 रन से ऑपरेशन बी टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता चल रहा है जिसमें दर्जनों टीमों ने प्रतिभाग किया है। बताते चले कि सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप क्रिकेट मैच का मुकाबला ई एन्ड आई एवं ऑपरेशन बी टीम के बीच में था।ई एन्ड आई की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। ई एन्ड आई की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये निर्धारित 10 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुये प्रभात पांडेय के शानदार 46 रन एवं बृजेश शर्मा के 18 रनो के बदौलत टीम का स्कोर 7 विकेट खोकर 84 रन बनाकर जीत का लक्ष्य रखा। ऑपरेशन बी टीम के सफल गेंदबाज राजन ने शानदार गेंदबाजी करते हुये महत्वपूर्ण 4 विकेट लिये ।वहीं श्याम सुंदर ने भी अपने टीम के लिए एक विकेट चटकाये। जबाब में खेलने उतरी ऑपरेशन बी की टीम के बल्लेबाज आशय के 33 रन एवं अजय कुमार चौधरी के 24 रनों के बदौलत टीम ने 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 72 रन ही बना पाई।इस तरह ई एन्ड आयी की टीम ने 12 रन से ऑपरेशन बी टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## शहर में धूमधाम से निकली भगवान बुद्ध की शोभायात्रा



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** यूथ बुद्धिष्ट सोसायटी के तत्वावधान में सोमवार को भगवान बुद्ध की शोभायात्रा शहर में हर्षोल्लास के साथ निकली, शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रबंधक राधे श्याम शाक्य, सर्वेश शाक्य ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। बंगाली कालोनी स्थित बौद्ध विहार मिहिर इंटर कालेज से शुरू हुई बुद्ध की शोभायात्रा भरथना चौराहा, शास्त्री चौराहा, नोरंगाबाद चौराहा, तिकोनिया, नगर पालिका चौराहा, पक्का तालाब, नुमाइश चौराहा होती हुई नुमाइश पंडाल स्थित बुद्धा पार्क पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा निकलने से पूर्व बौद्ध विहार मिहिर इंटर कालेज के प्रबंधक राधे श्याम शाक्य, अवनीश शाक्य, केपी शाक्य, शील रत्न शाक्य आदि ने कॉलेज परिसर में लगी भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रबंधक राधेश्याम शाक्य, सर्वेश शाक्य, संयोजक प्रशांत बौद्ध, कोषाध्यक्ष अविनाश कुशवाहा, मुकेश शाक्य, विक्रम बौद्ध, बदन सिंह बौद्ध, चन्द्र प्रकाश शाक्य, भारत सिंह शाक्य, अजय शाक्य एड. डा.सुधीर शाक्य, विवेक शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## राष्ट्र के नाम रक्तदान का आयोजन किया गया युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** अल्ताफ अहमद क़ादरी के आह्वान पर रक्त दान राष्ट्र के नाम बैनर के तले रक्त दान का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें नगर के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाया। कार्यक्रम आयोजक अल्ताफ अहमद कादरी ने बताया कि यह रक्तदान कार्यक्रम राष्ट्रहित में समर्पित है जब भी देश में किसी भी प्रकार की समस्या आएगी चाहे वो आंतरिक हो या बाहरी किसी भी परिस्थितियों में जनपद सोनभद्र का सर्वसमुदाय अपने रक्त का एक एक बूंद समर्पित करने को तैयार रहेगा । कार्यक्रम में रक्तदानि औरंगज़ेब खान, मो हुसैन, उमेश चंद्रवंशी, आरिफ, जिशान अंसारी फैजान अहमद, नौशाद अहमद सिद्दीकी, गुफरान अहमद अभिषेक पाण्डेय, सारंग देव सिंह, तौफीक खान सोनी, जावेद खान, इकराम अहमद समेत दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# देवांशु चित्रांश मेधा सम्मान से हुये अलंकृत



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा शाखा(पंजी0)के तत्वाधान में एस0डी0फील्ड निवासी देवांशु सक्सेना का डा0राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, समस्तीपुर बिहार में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति होने पर चित्रांश मेधा सम्मान से अलंकृत किया गया। देवांशु सक्सेना के पिता हरिशचंद्र सक्सेना सेवा निवृत सहायक कोषाधिकारी एवं माता शोभा सक्सेना सेवा निवृत्त प्रवक्ता है। देवांशु सक्सेना ने हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बी0टेक0एवं जामिया मिलिया इस्लामियां विश्वविद्यालय एम0टेक0 किया फिर गृह मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार में नौकरी की। इस उपलब्धि पर कायस्थ समाज में हर्ष की लहर है। समाज के लोगों ने कहा कि देवांशु सक्सेना ने इटावा को गौरवांवित किया है। इस अवसर पर मेधावी को शॉल उढ़ाकर, माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अलंकृत किया गया। इस अवसर पर के0के0 सक्सेना, शशि बिंदु सक्सेना, ललित सक्सेना, विवेक सक्सेना, रवि श्रीवास्तव, पवन सक्सेना, सुभाष सक्सेना, नीता सक्सेना, राकेश सक्सेना एवं आर्या सक्सेना आदि ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## तेज आंधी के बीच NH-34 पर धक्का देकर हटाया खराब ट्रक

**हमीरपुर।** नेशनल हाईवे 34 पर रविवार की शाम अचानक आई तेज आंधी ने हमीरपुर में हलचल मचा दी। बेतवा नदी के पास एक खराब ट्रक के कारण लगे भीषण जाम ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दीं। लेकिन, ट्रैफिक पुलिस ने अपनी तत्परता और हिम्मत से न केवल जाम को खुलवाया, बल्कि लोगों के दिल भी जीत लिए।शाम के धुंधलके में जब आंधी ने सड़क पर दृश्यता कम कर दी, तब नेशनल हाईवे 34 पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। एक ट्रक के खराब होने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

# सारंग कोचिंग में मेधावियों का भव्य सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के मोहल्ला कमराहा स्थित सारंग क्लासेज में एक भव्य समारोह में यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कोचिंग संचालक मुजीब अहमद व रहमानिया इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य याकूब साहब ने हाईस्कूल के विज्ञान विषय में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले एक दर्जन से अधिक मेधावियों को फूलमालाओं से अलंकृत कर उन का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया।सम्मानित होने वाले मेधावियों में मोहम्मद नोमान, स्वालिहा इरशाद, मोहम्मद रेहान, नाजिम जावेद, रेहान उद्दीन, सैफ खान, अता इरफान, रौनक नुमा, जुहेब अहमद, मोहम्मद वारिस, सरफराज शेख, रज़ा मुहम्मद, मोहम्मद गुफरान आसिफ, तारिक सुल्तान, खुर्शेद खान, अरमान उद्दीन, नूह अली और असमा परवीन शामिल रहे। इन सभी ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।इस मौके पर याकूब अहमद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, ÷आपकी यह उपलब्धि न केवल आपके उज्ज्वल भविष्य की नींव है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।÷ कोचिंग संचालक मुजीब अहमद ने सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।कार्यक्रम में फरीद अहमद सहित कोचिंग के समस्त स्टाफ और अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह समारोह मेधावियों के उत्साह और उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन का उत्सव बन गया, जिसने सभी के चेहरों पर गर्व और खुशी की चमक बिखेर दी।

# बुद्ध पूर्णिमा की सीएम योगी समेत कई अन्य नेताओं ने दी बधाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें आत्म-बोध और निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक तथा विपक्षी नेता अखिलेश यादव और मायावती सहित अन्य नेताओं ने लोगों को शुभकामनाएं दीं और उनकी खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, ''भगवान बुद्ध का जीवन आत्म-बोध तथा निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी भगवान बुद्ध के ध्यान, करुणा और सह-अस्तित्व के पथ का अनुसरण कर समरस व शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।'' उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''बुद्ध पूर्णिमा की सभी देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारत की धर्म व अध्यात्म की परंपरा में इस तिथि का खास महत्व इसलिए है क्योंकि इस तिथि को प्रकृति की गोद में भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति व उनका निर्वाण हुआ था।'' मौर्य ने कहा, ''बुद्ध पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध के उपदेश- करुणा, सह-अस्तित्व, और सत्य के मार्ग हमारे जीवन को आलोकित करें। आइए हम सभी भगवान बुद्ध के द्वारा दिखाए संयम और सेवा के पथ पर अग्रसर हों।''

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''सभी देश और प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आइए हम सभी भगवान बुद्ध द्वारा दिखाए गए संयम और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें।'' सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में भगवान बुद्ध की तस्वीर साझा की। बसपा प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सत्य, अहिंसा व मानवता की आदर्श ज्योति को दुनिया में फैलाकर भारत को जगदगुरु का सम्मान दिलाने वाले तथागत गौतम बुद्ध को आज उनकी जयन्ती पर शत-शत नमन व उनके अनुयाइयों को 'बुद्ध पूर्णिमा' की हार्दिक बधाई एवं आतंक आदि से मुक्त, सुखी जीवन की शुभकामनाएं।'' मायावती ने कहा, ''तथागत गौतम बुद्ध के बताए रास्ते पर सही से चलकर लोगों के जीवन को सुखी व सम्पन्न बनाना ही सच्चा राजधर्म। पड़ोसी देशों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही, 'अप्प दीपो भवः' अर्थात शिक्षित बनो, खुद ऊपर उठो व अपना प्रकाश स्वयं बनो के सिद्धान्त से ही देश आत्मनिर्भर एवं महान बनेगा।'



## डॉ. के विक्रम राव के निधन पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने जताया शोक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार तथा 'इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नालिस्ट' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के विक्रम राव के निधन पर उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने गहरा शोक जताया।''आपातकाल में पत्रकारों को संगठीत करने में अहम् भूमिका निभानेवाले पत्रकार के रूप में तथा स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस के सहयोगी के रूप में डॉ. विक्रम राव से मैं पहले से परिचित था। बाद में राज्यपाल पद के कार्यकाल में डॉ. विक्रम राव जी से घनिष्ठ परिचय हुआ था। मैं अपना कार्यकाल पूर्ण कर मुंबई लौटे अब लगभग 6 वर्ष हो गये। किंतु डॉ. विक्रम राव ने संबंध बनाए रखे थे। अपने विचारों वें मुझे सांझा करते थे'', ऐसा कह कर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने के डॉ. विक्रम राव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री नाईक ने कै. डॉ. राव की आत्मा को सद्गति प्राप्त हो तथा उनके परिजनों को दुःख सहने के लिए संबल प्राप्त हो, ऐसी प्रार्थना की है।



# डीआरडीओ का प्रोजेक्ट, 80 एकड़ जमीन, 300 करोड़ की लागत

- ब्रह्मोस के प्रोडक्शन यूनिट से देश में बढ़ा लखनऊ का कद

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ होने पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त की है। लखनऊ के सांसद एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति आभार जताया। ब्रह्मोस एयरोस्पेश इंट्रिगेशन की शुरुआत से न केवल बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होगा बल्कि लखनऊ का मान पूरे देश में बढ़ गया है। इस यूनिट के लगने से राजधानी में व्यापार एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा छोटी MSME यूनिटों को भी लाभ मिलेंगे। डिफेंस कॉरिडोर के और अधिक प्रभावी होने से लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ ,आगरा, झांसी चित्रकूट में भी व्यापार को गति मिलेगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस DRDO भारत सरकार के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और रूस की सरकारी कंपनी NPOM का एक संयुक्त प्रोजेक्ट है इसमें रूस की 49.5 प्रतिशत और भारत की 50.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। और यह भारत के लिए पहले ऐसा प्रोजेक्ट होगा जा किसी विदेशी सरकार के साथ मिलकर शुरू किया गया है यह एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। ब्रह्मोस का प्लाट डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर लखनऊ कानपुर रोड पर स्थापित किया गया है इस प्लांट को 300 करोड़ की लागत से बनाया गया है इसमें जमीन की कीमत को शामिल नहीं किया गया है। बता दें कि इस प्रोजेक्ट के लिए दिसंबर में 80 हेक्टेयर भूमि निशुल्क आवंटित हुई जिसकी मोनिटिरिंग राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने की है इसके लिए 3.5 सालों का समय इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में लगा। शुरुआत में इसका कलपुर्जो को जोड़ा जायेगा बाद में इसी यूनिट से उसका उत्पादन भी शुरू हो जायेगा रक्षा उत्पादन में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट के उट्घाटन हुआ। उत्तर प्रदेश में रक्षा औद्योगिक में छह नोड्स को शामिल किया गया है, जिसमें लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और चित्रकूट हैं। तमिलनाडु के बाद उत्तर प्रदेश दूसरा ऐसा राज्य है। जहां रक्षा से जुड़ा ऐसा कुछ स्थापित किया है जो रक्षा और राष्ट्रीय उत्पादन में उसकी भूमिका को और मजबूत करेगा।

# पत्रकार के. विक्रम राव के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वरिष्ठ - ख्यातिलब्ध पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव के आकस्मिक निधन पर उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन ने गहन शोक व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष हरी ओम शर्मा एवं महामंत्री अब्दुल वहीद ने अपने शोक सन्देश मे कहा कि डॉ. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में एक मील के पत्थर के सामान थे। उन्होंने वर्षो -वर्ष तक पत्रकारों एवं पत्रकारिता जगत की सेवा के लिए अपनी सेवाएं अर्पित की। उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्षशील, निडर, जनपयोगी एवं सैधन्तिक पत्रकारिता को समर्पित रहा। उन्हें हमेशा सत्य, निस्वार्थ निष्पक्ष, निर्भीक लेखनी के लिए जाना जाता रहेगा। वह एक ऐसे बहुमुखी प्रतिभा के जुझारू व्यक्तिव रहे है कि उनके जाने से रिक्त हुए स्थान की कभी पूर्ति नहीं हो सकती है। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के कैंट स्थित कार्यालय मे पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गयी उक्त शोक सभा मे मुख्य रूप से अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा, चेयरमैन अब्दुल अजीज सिद्दीकी, महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव जुबेर अहमद, तौसीफ हुसैन, अभय अग्रवाल, संजय गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, आरिफ़ मुकीम, रामबाबू, सज्जाद रिज़वी अवधेश सोनकर, अमरजीत कुरील सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

# महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और मैत्री का संदेश: केशव प्रसाद मौर्य

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजपुर, प्रयागराज में तथागत भगवान गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया तथा उपस्थित जनमानस को सम्बोधित किया। मौर्य ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और मैत्री का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है। उन्होंने चित्त की शांति तथा हृदय में करुणा की शिक्षा दी। वर्तमान समय में महात्मा बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर विश्व में शांति एवं सद्भाव का वातावरण सृजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध का संदेश मानव मात्र के लिए हमेशा प्रासंगिक बना रहेगा।उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हम सभी को जीवन में धर्म का आचरण करने, नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भावना तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया। साथ ही, अतीत या भविष्य का चिंतन न करके वर्तमान का सदुपयोग करने की शिक्षा दी।इस अवसर पर प्रयागराज के मा. महापौर गणेश केसरवानी , मा. सांसद प्रवीण पटेल , लोकप्रिय मा. विधायकगण गुरु प्रसाद मौर्य , दीपक पटेल , महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता , निर्मला पासवान सहित अन्य गणमान्य व प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।



## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वरिष्ठतम पत्रकार (डॉ0) के0 विक्रम राव के निधन पर व्यक्त किया गहरा शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वरिष्ठतम और सम्मानित पत्रकार एवं इण्डियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष (डॉ0) के0 विक्रम राव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री जी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है।

# भाषा विवि में हुआ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में नशा - मुक्ति जागरूकता अभियान के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन हुआ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. मुर्तजा अली अतहर, नोडल ऑफिसर ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित विद्यार्थियों को करते हुए कहा कि आपको नशा और मादक पदार्थो से बचना चाहिए। जिससे हम सब मिलकर एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकें। जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए डॉ. आरिफ़ अब्बास, सदस्य, एंटी एडिक्शन ने कहा कि आज के विद्यार्थी कल का भविष्य है। इस भविष्य के आधार पर ही समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान ने कहा कि नशा- मुक्ति के संदर्भ में छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन फ़ारसी विभाग की प्रोगशाला में हुआ।




## सेंट्रल बार एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल का हुआ भव्य स्वागत

# अधिवक्ता हित सर्वोपरि है : अखिलेश जायसवाल

अवधनामा ब्यूरो

- पूर्व राज्य मंत्री इंतेज़ार अब्दी बॉबी ने केक काटकर मनाया जीत का जश्न
- बड़ी संख्या में अधिवक्ता,समाजसेवी और पत्रकार रहे मौजूद
- हमें आशा है अखिलेश जायसवाल हमेशा की तरह अधिवक्ताओं के हित के लिए कार्य करते रहेंगे: इतंजार आब्दी

**लखनऊ।** शहर की हरदिल अज़ीज़ शख्सियत, ज़रूरतमंदों और गरीबों के हमेशा काम आने वाले अपनों के दुख दर्द में हमेशा साथ खड़े रहने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता इंतजार अब्दी बॉबी ने अपने गोलागंज स्थित आवास पर सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल का भव्य स्वागत किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विजई हुए अखिलेश जायसवाल को इंतेज़ार आब्दी बॉबी ने अंग वस्त्र पहनाकर और पुष्पगुछ भेंट कर उनको ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। अखिलेश जायसवाल अपनी मिलनसारी और काम करने के शानदार तरीके से अधिवक्ताओं में अत्यंत लोकप्रिय हैं। अखिलेश जायसवाल ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर 1334 वोट हासिल करके शानदार जीत अपने नाम दर्ज कराई। जीत हासिल करने के बाद तत्काल अखिलेश जायसवाल ने अधिवक्ताओं के हित के लिए संगठन के महामंत्री अवनीश दीक्षित हनी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके उनके समक्ष जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर कैसरबाग लखनऊ में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में सात बिंदुओं पर आधारित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें निम्न बिंदु इस प्रकार थे जिसमें मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद न्यायालय कक्ष में कैमरों का लगा न होना, पुरानी तहसील परिसर जिसमें कि लगभग 80 हजार वर्गफुट जमीन है जिसमें पार्किंग व न्यायालय कक्षों का निर्माण होना,परिवहन विभाग की दो वर्कशॉप न्यायालय परिसर के सामने स्थित है जिसमें से एक में सम्मानित अधिवक्ताओं व वादकारियों हेतु पार्किंग की व्यवस्था कराना,दीवानी न्यायालय परिसर में सरकार द्वारा भूमि की लीज 2013 में की जा चुकी है किन्तु अभी 5 सिर्फ आधी भूमि पर चैम्बर निर्माण हुआ है और शेष भूमि पर चैम्बर निर्माण होने हेतु धनराशि का आवंटन सुनिश्चित किये जाने हेतु आदेश पारित किये जाने के सन्दर्भ में,अधिवक्ताओं का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा मिले जैसा कि झारखण्ड राज्य में लागू है,जनपद में प्रशासन के उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं, अधिवक्ताओं की आकस्मिक चिकित्सा समस्या हेतु एक एल्बुलेंस का स्थाई रूप से न्यायालय परिसर में होना प्रमुख था। इस पर मुख्यमंत्री जी सभी मांगों का निराकरण की बात कही। बॉबी द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान के कार्यक्रम में अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल ने सभी को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि अध्यक्ष पद पर मुझे बिठाकर जो जिम्मेदारी सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ के अधिवक्ताओं ने मुझे सौंपी है मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने पद की गरिमा बनाए रखूंगा और अधिवक्ताओं के हित के लिए हमेशा की तरह निरंतर कार्य करता रहूंगा। अधिवक्ता हित सर्वोपरि है।



इंतेज़ार अब्दी बॉबी ने अखिलेश जायसवाल का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा की अखिलेश जायसवाल जी का व्यक्तित्व किसी से छुपा नहीं है यह इससे पहले भी कई पदों पर विराजमान रहे हैं और हर पद का चुनाव पहली बार में ही जीता है जिससे उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हमें पूरी आशा है की अखिलेश जायसवाल हमेशा की तरह अधिवक्ताओं के हित के लिए कार्य करते रहेंगे।

## निर्माणधीन मकान में करंट लगने से युवक की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के कर्झन गाँव में आज एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान मिथुन कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गयादीन रावत के पुत्र थे। आज सुबह करीब 9:30 बजे मिथुन अपने घर की छत पर बाउंड्री का निर्माण कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान, छत पर रखे लोहे के एक पाइप को उठाते समय, वह दुर्भाग्यवश उनके मकान के ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से जा टकराया।

पाइप के बिजली की लाइन से छूते ही मिथुन को ज़ोरदार करंट लगा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में बिजली विभाग की ओर से लाइन ऑर्डर में किसी प्रकार की गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई है।

## गौतम बुद्ध शिक्षा समूह संस्थान ने प्रसाद व शर्बत वितरण कर महात्मा बुद्ध के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया



- भगवान बुद्ध के संदेश सामाजिक- सांस्कृतिक चेतना के संवाहक: सोमिल कुशवाहा

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** गौतम बुद्ध शिक्षा समूह संस्थान के तत्वावधान में आज पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सरोजनी नगर, गौरी रोड लखनऊ स्थित गौतम बुद्ध शिक्षा समूह संस्थान के परिसर में आयोजित भगवान बुद्ध करुणा, शांति व अहिंसा के प्रतीक कार्यक्रम में गौतम बुद्ध के संदेश सामाजिक सांस्कृतिक चेतना के रूप में उजागर हुए। भगवान बुद्ध करुणा, शांति व अहिंसा के प्रतीक कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष सोमिल कुशवाहा ने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और मोमबत्ती जलाकर उनके संदेश को सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना का संवाहक बताया। कार्यक्रम में गौतम बुद्ध शिक्षा समूह संस्थान की प्राचार्या डॉ. रश्मि शर्मा, निदेशक डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव तथा इंटर कॉलेज की प्राचार्या पिंकी शुक्ला ने भगवान बुद्ध के जीवन-दर्शन और उनकी शिक्षाओं की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान परिसर के अलावा आलमबाग, सरोजनी नगर, बिजनौर और बंथरा सहित नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर प्रसाद, शीतल जल एवं शरबत का वितरण कर जनसेवा के तहत महात्मा बुद्ध के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

